तीन प्रकार से जुड़वां सन्तानों की उत्पत्ति होती है। दोनों लड़के हों या दोनों लड़की हों या एक लड़का एक लड़की हो। इस में एक लड़का एक लड़की का होना तो मध्यम, साधारण है। परन्तु एक ही तरह के लिंग वाली सन्तान हों तो उनका फल माता-पिता के लिए अच्छा नहीं बताया गया है। उसकी शान्ति कराना श्रेयस्कर होता है।

जन्म स्थान विचार

बच्चे का जन्म किस प्रकार के स्थान में हुआ है इस के नियम ज्योतिष फलित में बताये गये हैं। जिनमें से मुख्य नियमों की जानकारी दी जा रही है। कर्क, मकर, मीन यह तीन जलचर राशियां हैं। लग्न या चन्द्रमा इन राशियों में है अथवा लग्न पर पूर्ण चन्द्रमा की दृष्टि हो अथवा चन्द्रमा जलचर राशि के प्रथम, चतुर्थ या दशम स्थान में हो तो जन्म जल के ऊपर या जल के पास होता है, जल से तात्पर्य नदी, तालाब, झील, समुद्र, झरना, कुआ, नहर आदि समझना। नौका, जहाज, पुल के ऊपर भी जल का सामीप्य होता है। चन्द्रमा कर्क राशि का हो, बुध लग्न में हो, गुरु चौथा अथवा लग्न में जलचर राशि हो, चन्द्रमा सप्तम हो तो भी जन्म जल पर या समीप में ही हुआ समझना चाहिए। लग्न या चन्द्र में शनि १२वां हो, लग्न या चन्द्र को पाप ग्रह देखते हों तो जन्म कारागार में या एकान्त में जंगल वियावान में समझिये। शनि कर्क या वृश्चिक लग्न में हो और चन्द्रमा की पूर्ण दृष्टि हो तो खाई खन्दक में जन्म होता है। पुरुष राशि की लग्न हो, लग्न में शनि हो, मंगल की दृष्टि हो तो शमशान या शमशान के पास जन्म। पुरुष लग्न में शनि को शुक्र व चन्द्रमा देखते हों तो राजमहल या देवालय मन्दिर में जन्म, लग्नगत गुरु पर बुध की दृष्टि हो तो चित्रकारी किये हुए, मूर्तियां बने हुए सुन्दर घर में जन्म होता है। इस प्रकार ग्रहों के बलाबल पर विचार करके फल कथन करना चाहिए।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बाल कष्टावली चक्रम् (पूजा विधि)

प्रत्येक मन्त्र को २१ बार पढ़कर बलि को ७ बार शिर पर फिरा कर उचित स्थान पर नाम से रख आवें।

किस समय कौन पूतना ग्रहण करती है	असित लक्षण	पूजन द्रव्य	मूर्तिनिर्माणार्थ द्रव्य	बलि विधान व समय	धूप	स्नान पूजा मार्जन मन्त्र
प्रथम दिन मास वर्ष में योगिनी	ज्वर, स्वेद मन्दस्वर, कम्पन, अरुचि, अंगशोथ।	श्वेत चंदन, तिलक, श्वेतपुष्प, ५ रंग की झंडी ५, ५ दीपक, ५ आटे के सतिये, कपूर, लोहबान।	नदी के दोनों किनारों की मृत्तिका	श्वेत भात, ५ पूर्ण पोली (सुहाली) १ पहर दिन चढ़े पूर्व दिशा में चौरास्ते पर रखना।	राई, खस, कमल के फूल, बिल्ली और	ॐ ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च स्कन्दो वै वरुणस्तथा। रक्षन्तु त्वरितं बालं मुञ्च कुमारकम्॥
द्वितीय दिन मास वर्ष में सुनन्दना	ज्वर, हाथ-पैर जकड़ना, संकोच, दांत चबाना, नेत्र खुले, नेत्र रोग भय, कृषता।	१० दीपक, १० झंडी, पुष्प, चावलों के आटे के सतिये १०।	एक सेर चावलों का आटा	भात, एक सेर आटे के पूड़े, मत्स्य व बकरे का मांस संध्या समय प. दिशा में चोरास्ते पर रखना।	मनुष्य के बाल निम्बपत्र, गोघृत।	ॐ नमश्चामुण्डायै विच्यै हांहां हीं हीं हुंहुं दुष्टाग्रहा गच्छन्त्वत: स्थानाद्रुद्राज्ञया स्वाहा।
तृतीय दिन मास वर्ष में पूतना	हड़फूटन, खांसी, शिर झुकाना, श्वास, नेत्रमीलन, श्यामता, अरुचि, रुदन, नेत्रपीड़ा	रक्तचंदन, रक्तपुष्प, श्वेत ध्वजा, दीपक १०, गेहूं के आटे के सतिये १०।	एक सेर चावलों का आटा	एक सेर लाल भात, आध सेर पूर्ण पोली (सुहाली) पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे रखना।	लहसुन, गोशृंग सांप की कांचली	सुनन्दना विधानोक्त
चतुर्थ दिन मास वर्ष में मुखमंडिका	गात्र भंग, शिर झुकाना, खांसी, श्वास, नेत्रमीलन, अरुचि, अनिद्रा, श्यामता।	श्वेतपुष्प, श्वेतध्वजा ५, दीपक, मिल सकें तो अर्जुन वृक्ष के पुष्प।	तिल चुर्ण एक सेर	भात, १ सेर आटे के पूड़े, आधा सेर पूर्णपोली सायंकाल पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे रखना।	नीम के पत्ते पुरुष और बिल्ली के बाल	सुनन्दना विधानोक्त
पंचम दिन मास वर्ष में विडालिका	पेट में दर्द, हिचकी, श्वास, अरुचि, ज्वर, शरीर में गर्मी तेज।	श्वेतचंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५ श्वेतध्वजा ५, गेहूं के आटे के सतिये।	एक सेर चावलों का आटा	श्वेत भात, ७ पूड़ियां, सायंकाल प. दिशा में वृक्ष के नीचे रखना	गोघृत।	ॐ भगवती ह्रीं ह्रीं हूं हूं मुंच रक्षां कुरु कुरु बलिं गृहण-२ अस्त्र ठ: ठ: चामुण्डे चण्डिके ठ: ठ: स्वाहा
षष्ठ दिन मास वर्ष में षट्कारिका	ज्वर, हड़फूटन, हंसना, कभी-२ रोना, मोह मूर्च्छा।	श्वेत चंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५ श्वेत ध्वजा ५।	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	भात, ५ मिठाई, ५ सुहाली, ७ पूड़ियां १ प्रहर दिन चढ़े पूर्व में चौरास्ते पर रखना	कूठ, गुगल,	योगिनी विधानोक्त
सप्तम दिन मास वर्ष में कालिका	खांसी, श्वास, वमन, अरुचि, शरीर कम्पन।	श्वेत चंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेत ध्वजा ५।	चावलों का आटा एक सेर	भात, ७ पूड़ियां सायंकाल पश्चिम में चौरास्ते पर मौन होकर रखना	राई, हाथी दांत, घृत।	विडालिका विधानोक्त
अष्टम दिन मास वर्ष में कामिनी	ज्वर, मुखशोष, अरुचि, सन्ताप	रक्तचंदन, ५ रंग की झंडी ५, दीपक ५।	जल के दोनों किनारों की मिट्टी	गेहूं की रोटी, मसूर की दाल, हरा साग, छाग मांस, संध्या में चौरास्ते पर रखना।	राई, हाथी दांत, घृत।	विडालिका विधानोक्त
नवम दिन मास वर्ष में मदना	ज्वर, खांसी, श्वास, शूल, आफरा, घृणा।	चन्दन, पुष्प, ५ दीपक, सफेद रंग की झण्डी ५।	एक सेर गेहूं का आटा।	भात, मत्स्य मांस, पापड़ी, सुहाली, उत्तर में प्रात: चौरास्ते पर रखना।	गोशृंग, लहसुन	ॐ नमो भगवते वासुदेवाय कृष्णाय मंडलबलिमादाय हनहन हुं फट् स्वाहा
दशम दिन मास वर्ष में रेवती	ज्वर, हड़फूटन, शूल, अरुचि, वमन, खांसी, श्वास	रक्त पुष्प, २५ झण्डी, २५ दीपक, २५ सतिये।	एक सेर गेहूं का आटा	गुड़ के घी भुने चावल, गोघृत, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	सांप की कांचली निम्ब	ॐ नमो भगवते वैश्वेदेवाय हन हुं फट् स्वाहा।
एकादश दिन मास वर्ष में सुदर्शना	ज्वर हड़फूटन, मुखशोष, अरुचि, रोदन, कृशता।	श्वेत पुष्प, २५ दीपक, २५ सफेद, झण्डी, २५ आटे के सतिये।	काले उड़दों का आटा एक सेर	श्वेत भात, ७ पूड़े, सुहाली ७, सांय व प्रात: दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	पत्र, मनुष्य और बिल्ली के बाल, राई	ॐनमो भगवते रावणाय, चन्द्रहास वज्र हस्ताय ज्वल, २ दुष्ट ग्रहादीन् ॐह्रीं फट् स्वाहा
द्वादश दिन मास वर्ष में अद्भुता	ज्वर, दांत चबाना, रोमांच, बहुरोदन, नेत्र पीड़ा, संताप।	१३ दीपक, १३ झण्डी, १३ तकिये आटे के।	चावलों का आटा एक सेर	सुहाली, पूड़े ७, पूड़ियाँ ७, मत्स्य मांस, पापड़ी, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	गोघृत।	ॐ नमो नारायणाय ज्वलद्धस्ताय हन हन शोषय २ मर्दय २ तापय २ हूं २ हन २ दुष्टाना हां हूं फट स्वाहा

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

विधान कराना चाहिए। मान लो यदि अश्विनी नक्षत्र के चतुर्थ चरण में

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

में अद्भुता	ज्वर, दांत चबाना, रोमांच, बहुरोदन, नेत्र पीड़ा, संताप	१३ दीपक, १३ झण्डी, १५ सतिये आटे के।	चावलों का आटा एक सेर	सुहाली, पूड़े ७, पूड़ियां ७, मत्स्य मांस, पापड़ी, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	गोघृत।	ॐ नमो नारायणाय ज्वलद्धस्ताय हन हन शोषय २ मर्दय २ तापय २ हूं २ हन २ दुष्टाना हां हूं फट स्वाहा

बाल कष्टावली-चक्र में प्रयुक्त कठिन शब्दों के अर्थ

बालक को जब अरिष्ट होता है तो उसके निवारण के लिए जो पूजा की जाती है, वह बाल कष्टावली चक्रम् (पूजा-विधि) में दी हुई है। बालक को कष्ट हो तो ज्ञात करो कि उसकी आयु का कौन-सा दिन, मास या वर्ष है। बारह दिन, मास, वर्ष तक कौन-सी पूतना का कब-कब प्रभाव रहता है, उनका नाम दिया गया है। रोग, पीड़ा के लक्षणों में ज्वर (बुखार को), स्वेद (पसीना आने को), मन्द स्वर (मन्दी, धीमी आवाज), कण्ठ स्वर को कम्पन से कपकपी (शरीर में रोंये खड़े हो जाना), अरुचि (भोजन में दूध पीने की इच्छा न होना, उसको अरुचि हो जावे तो कहते हैं)। अंगशोथ (शरीर में सूजन, संकोच शरीर का सिकुड़ना), कृशता (शरीर का कमजोर होना), खून की कमी (हड्डियां दिखाई देना), सूखा शरीर, हडफूटन (हड्डियों में दर्द से अकड़न को), नेत्रमीलन (आंखे मसलना, मीड़ना), बच्चा हाथ से आँखे मसलता है (आंख में खुजली होती है)। श्यामता (शरीर का रंग काला पड़ जाना), रुदन (रोना), नेत्र पीड़ा (आंखों के रोग को समझना चाहिए)। गात्र भंग (शरीर में दर्द होना, शरीर का ढीला पड़ जाना), अनिन्द्रा (नींद न आना, हड़फूटन), हंसली (गले की हड्डी उतर जाना), मोह मूर्च्छा (नींद जैसी विहोशी), वमन (उल्टी होना), मुखशोथ, (मुंह की सूजन), सन्ताप (मानसिक कष्ट), शोक (वियोग कष्ट), श्वांश जल्दी-जल्दी चलना, (शूल दर्द पीड़ा), आफरा (पेट फूल जाना), घृणा, घिन हो जाना (हर चीज से अरुचि), रोमाञ्च (रोंगटे खड़े हो जाना) और बहुरोदन (बच्चा ज्यादा रोता है) उसको कहते हैं। बीमारी के लक्षणों से भी पूतना की पहचान की जाती है।

पूतना की मूर्ति बनाने के लिए जो चीजें लिखी हैं, उनसे एक स्त्री मूर्ति बना ली जाती है और उसमें जिसकी पूजा करनी हो उसके मन्त्रों से उसी योगिनी आदि की स्थापना कर ली जाती है। नदी के किनारों की मिट्टी या किसी तालाब, जलाशय, कुये, बावड़ी के दोनों किनारों की मिट्टी, पिसे तिल, चावल काले उड़द का आटा जैसा जहां लिखा है, उसमें पानी मिलाकर या तेल मिलाकर पूतना की मूर्ति बनाई जाती है।

पूजा के पदार्थों में श्वेत चन्दन (सफेद चन्दन) को घिसकर तिलक बनाते हैं। श्वेत पुष्प (सफेद फूलों को), पंचरंगी झंडियों में कोई से भी पांचरंग के कागज या कपड़े लेकर झंडी बनाई जाती है और मूर्ति के चारों तरफ दीपक, सतिये के साथ लगाते हैं। सतिये आटे से स्वास्तिक की शकल बनाते हैं, उस पर आटे के दीपक बनाकर रुई की बत्ती व घी, तेल डालकर जलाकर रखते हैं। कपूर, लोवान जैसा बताया हो जलाते हैं। जहाँ रक्त चन्दन लिखा है वहां लाल चन्दन लो, रक्त पुष्प (लाल रंग के फूल), श्वेत ध्वजा (सफेद झंडा-झंडी), जहां कोई रंग नहीं लिखा हो वहां सफेद रंग की होती है। सतिये चावल या गेहूं के आटे के बनाने चाहिये।

बलि विधान में भात चावल का होता है। पूर्ण पोली (गेहूं के आटे में गुड़ मिलाकर बड़े पूये बनाते हैं उसको कहते हैं), मत्स्य (मछली का मांस होता है) लाल भात (चावल के भात में लाल चन्दन का चूरा मिलाने से बनता है।) मीठी पूड़ियों को सुहाली कहते हैं। छागमांस (बकरे-बकरी के मांस को), पापड़ी (छोटे पापड़ जैसी तेल में तली आटे की पापड़ियां होती हैं)। जिस समय, जिस दिशा में, जिस स्थान पर रखने को बताया गया है—समस्त बलि पदार्थ बिना टोका-टाकी के रख आना चाहिए, वापिसी में पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिये। पूजा समय धूप दी जाती है, वह जिस विधान में जिन वस्तुओं से बनाने को लिखा है उन्हीं से बनाना चाहिये।

राई, खस की जड़, कमल के फूल सुखाकर या बीज का कमल गट्टे, बिल्ली के बाल (किसी पालतु बिल्ली के मिल सकते हों), मनुष्य के बाल, निम्बपत्र (नींबू के पेड़ के पत्ते) पीसकर गोघृत (गाय के घी) में मिलाकर धूप बना लो। गोशृंग (गाय का सींग), कूट (एक दवा होती है), अत्तर दवा बेचने वालों के यहां मिल जाती है, गुग्गल को गूगल भी कहते हैं। स्नान, पूजा मार्जन मन्त्र प्रत्येक पूतना का दिया हुआ है। इसी मंत्र से मूर्ति का आवाहन (स्नान पूजा व मार्जन) अर्थात् मंत्र पढ़कर चारों ओर जल छिड़कना चाहिए। बलि पदार्थ को हाथ में लेकर २१ बार मंत्र पढ़कर बालक के शरीर के ऊपर सिर से पैर तक सात बार फिराते हैं, उसे ओसारा कहते हैं। फिर उसे जैसा बताया है यथा स्थान रख देना चाहिए। बालक के माता-पिता, सम्बन्धी कोई भी इस काम को कर सकता है।

नक्षत्र कष्टावली विवेचन

नक्षत्र कष्टावली में कठिन संस्कृत शब्दों के सरल अर्थ और विशेष विवरण दिया जा रहा है। बालक का जन्म जिस नक्षत्र के जिस चरण में हो, उसके सामने यदि कष्ट दिन लिखे हों तो निवारणार्थ पूजा विधान कराना चाहिए। मान लो यदि अश्विनी नक्षत्र के चतुर्थ चरण में जन्म हुआ हो तो इसमें २० दिन तक के बालक को कष्ट हो सकता है। किस प्रकार का कष्ट हो सकता है, उसके लक्षण दिये हैं—वात, ज्वर, गात्र पीड़ा, निंद्राभय, बुद्धिभ्रम, वात, ज्वर में बुखार के साथ शरीर में दर्द भी होता है। गात्र पीड़ा से तात्पर्य शरीर में पीड़ा, दर्द, शूल आदि से है। निंद्राभय (सोते में डर जाना), बुद्धिभ्रम (बच्चा अपनी स्वाभाविक बुद्धि खो देता है), आँखे फाड़-फाड़ कर देखना, इस प्रकार के लक्षण प्रगट होते हैं। लक्षणों में प्रयुक्त अन्य शब्द जैसे—तीव्र ज्वर, तेज बुखार, अति दाह, तीव्र जलन, उरुशूल (पेट दर्द), कुक्षि शूल (पेट के नीचे भाग में दर्द), प्रलाप भी एक प्रकार का बुद्धि भ्रंश है। त्रिदोष (सन्निपात), अर्धगात्र पीड़ा (शरीर के एक ओर के आधे भाग में पीड़ा), छोटे बच्चे में इन लक्षणों व कारणों का जानना अनुभव से ही होता है। सर्वांग पीड़ा (सारे अंग में पीड़ा), कटि पीड़ा (कमर में दर्द), पाद पीड़ा (पैरों में दर्द), आफरा (पेट फूलना), प्रस्वेद (बहुत पसीना आना), अतिसार (दस्त लगना), पेचिस रक्त अतिसार (खूनी पेचिश), मूत्र कृच्छ (पेशाब का रोग) होता है। रोग का निदान व औषधि तो डाक्टर वैद्य से ही कराना चाहिए परन्तु उसका निवारण पूजा विधि से करा देना चाहिए।

गन्धादि पदार्थों में—श्वेत चन्दन (सफेद चन्दन), कमल पुष्प (कमल के फूल), गुग्गल (गूगल की धूप), क्षीर (खीर), मोदक (लड्डू), गुड़ नैवेद्य (मिष्ठान्न), अगर गन्ध (अगर एक खुशबूदार जड़ी होती है), करवीर पुष्प (करवीर का फूल), गुड़ोचन (दही में गुड़ मिलाकर बनाया जाता है)। जुही पुष्प (जुही का फूल), तिल माषान्न (तिल व उड़द को मिलाकर बनाया गया बड़ा), दशाङ्ग धूप में दस सुगन्ध पदार्थ पड़ते हैं। अगर, तगर, कपूर, केसर, गोरोचन, कस्तूरी, सफेद चन्दन, लाल चन्दन, बाल छड़, घी। पायस (दूध, चावल की खीर), अपूप (आटे के मीठे पुये), मध्वोदन (शहद, दही मिलाकर बनता है), नैवेद्य (भोग प्रसाद को कहते है।) सौरभ पुष्प (खुशबूदार फूल), पायसोदान (दूध, दही, मधु या गुड़ मिलाकर बनता है, हरिद्रा (हल्दी), कुंकुम, (रोली), सेवन्तिका पुष्प (सेवन्तिका का फूल), अष्टगन्ध धूप (अष्टगन्ध की धूप), घृताक्त पीतवर्ण नैवेद्य (पीले रंग का घी में तला भोग, बेसन का बना घी में सिका, तला लड्डू या अन्य पदार्थ), घृत पायस शर्करा (घी, शक्कर, दूध का नेवेद्य), घृत बिल्व धूप (बेलपत्र के फल से बनी धूप), घृत (घी), मिष्ठान्न (मिठाई), घृत मिष्ठान्न (घी की मिठाई), घी से तात्पर्य—गाय, भैंस का घी

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

होता है। अपूपोदन मोदक (अपूप-मीठे पूये, ओदन-दही में गुड़ मिला रस, मोदक-लड्डू तीनों मिलाकर अपूपोदन मोदक), अर्क पुष्प (अकौआ का फूल, सफेद फूल थोड़ा, बैंगनी या नीला रंग का होता है, इसमें बौंडे होते हैं, जिसमें से रुई के रेशे के समान पदार्थ हवा में उड़ता रहता है। शिवजी का प्रिय फूल आक का होता है)। विचित्र वर्ण पुष्प (रंग बिरंगे कई रंग के या अलग-अलग रंग के फूल), विचित्रान्न मोदक (अनेक प्रकार के चित्र विचित्र अन्न से बने हुए लड्डू जैसे—कूटू, सिंघाड़ा आदि के आटे के या मूंग के लड्डू), अगरु (अगर), दमनक पुष्प (दमनक का फूल), फूलों की जातियों नामों की जानकारी माली या नरसरी से प्राप्त की जा सकती है। यह सफेद रंग का, बसन्ती रंग का पुष्प होता है। देवदारु (खुशबूदार लकड़ी देवदार का बुरादा बढ़ई या फर्नीचर वालों से मिल सकती है), चम्पकादि पुष्प (चम्पक वगैरा के फूल), चित्रान्न नैवेद्य (कई प्रकार के अन्नों के आटे आदि से बना भोग प्रसाद नैवेद्य), कृष्ण, अगर गन्ध (काली अगर की खुशबू या घिसकर बना तिलक), नीलोत्पल पुष्प (नीली पंखड़ी वाले फूल), माष मिश्रान्न नैवेद्य (देवताओं के प्रसाद भोग लगाने को बनाये पदार्थ को नैवेद्य कहते हैं) उड़द के साथ और भी पिसा हुआ अन्न मिलाकर बनाया गया नैवेद्य। षड्रस शाल्यान्न नैवेद्य, षडरस (षटरस, छः प्रकार के रस स्वाद वाला शाल्य यानी चावलों से बना षटरस व्यञ्जन का खट्टा, मीठा, चिरपिरा, कसैला, नमकीन, कड़ुवा सब प्रकार के स्वादों ये युक्त षटरस होता है), श्वेतार्क (सफेद आक), शतोषधि (मिश्रित धूप १०० वनस्पतियों को मिलाकर बनी धूप)। मदार पुष्प भी आक, अकौआ के फूल को कहते हैं।

दान पदार्थ—घृत कुम्भ (घी भरा घड़ा), गोमहिषी घृत (गाय भैंस का घी), शर्करा (शक्कर), छायापात्र (तेलयुक्त बर्तन जिसमें अपने मुख की छाया देखी जा सके), सप्तधान्य (सात प्रकार के अन्न), तन्दुल (चावल), सवत्सा गोदान (बछड़े सहित गौ का दान), श्याम वृषभ दान (काले बैल का दान), माष (उड़द), यव (जौ), सुवस्त्र (उत्तम वस्त्र), पयस्विनी गौदान (दूध देने वाली गाय का दान), विचित्र वृषभ (चितकबरे, रंग का बैल), रक्तधेनु (लाल गाय), पकवान्न, जलकुम्भ (जल से भरा घड़ा), छत्रोपानत् (छतरी), पैत्तल पात्र (पीतल का बर्तन) होता है।

बलिद्रव्य (बलिदान के लिये पदार्थ), गुड़ोदन (गुड़ का ओदन दही में गुड़ या शक्कर और पानी मिलाकर बनता है), शाल्यन्न क्षीर (चावल की खीर), पीत तन्दुल (पीले चावल), तिल पिष्ठ (तिल की पिट्ठी), मुद्ग (मूंग), माष (उड़द), विचित्रन्न (अनेक प्रकार के अन्न)।

होमद्रव्य (हवन करने के लिये पदार्थ), खण्ड यव (टूटे जौ), मधु (शहद), कंगनी (एक अन्न है जो चिड़यों को चुगाया जाता है), कन्दमूल (ऐसे फल जो जड़ों से पैदा होते हैं। जैसे—जिमीकन्द, शकरकन्द, गाजर, मूली आदि)। पायस (खीर), तन्दुल (चावल), यव (जौ)।

करेधारणम् (हवन करते साथ हाथ में पहनने के लिए पदार्थ), अपामार्ग मूलम् (ओगा का तना), (अलझीझाड़ का तना), अगस्त एक वृक्ष होता है, कापसि कपास को कहते हैं। अश्वत्थ (पीपल की जड़), अर्क मूलम् (आक का तना), जयन्ती, तुषार, पटील, भृंगराज, कण्टकारि यह सब जड़ी बूटियों के नाम हैं। गुञ्जा—सफेद या लाल गोगची लक्ष्मणा को कहते हैं। सुपुष्प—किसी सुन्दर पुष्प, वृक्ष की जड़, भृंगराज प्रसिद्ध जड़ी है जिसको तेलों में डाला जाता है। कण्टकारी कटेरी होती है। इनकी जानकारी वैद्यों से मिल सकती है।

वेदोक्त मंत्रों का उच्चारण ठीक होना चाहिए, विशेष कर ४४ का उच्चारण किसी ज्ञाता से सीख लेना चाहिये।

अन्य शुभाशुभ योग

(१) मंगल-शनि दोनों त्रिकोण (१, ५, ९) में हों और चन्द्रमा सप्तम स्थान में हो तो जन्मा बालक माता से बिछड़ जाता है। चन्द्रमा पर गुरु की दृष्टि हो तो बालक सुखी व दीर्घायु होता है और माता से पुनर्मिलन भी हो जाता है। लोक लाज के भय से कुछ मातायें बच्चों को त्याग देती हैं। कुछ का दुष्टों द्वारा अपहरण हो जाता है। यदि स्वराशि या उच्च गुरु की चन्द्रमा पर दृष्टि हो तो बालक-माता का मिलन हो जाता है।

(२) दशम भाव में बुध-गुरु हो, केन्द्र (१, ४, ७, १०) में सूर्य तृतीय मंगल, ग्यारहवें भाव में पाप ग्रह हो तो बालक की छः ऊँगली होती हैं।

(३) १२वें स्थान में चन्द्रमा व मंगल हो तो बांया नेत्र और सूर्य राहु हो तो दांया नेत्र पीड़ित होता है।

(४) पंचम स्थान में शनि-राहु व मंगल हो तो बाईं कोख में लहसुन, मसा, तिल होता है। कोख, कुक्षि, पेडू को भी कहते हैं और बाहुमूल कांख को भी।

(५) तीसरे स्थान में शुक्र हो, मेष या सिंह का गुरु हो, १०वें स्थान में सूर्य, मंगल हो तो बालक गूंगा होता है।

(६) कृष्ण पक्ष में दिन का या शुक्ल पक्ष में रात का जन्म हो तो छठा या आठवां चन्द्रमा शुभ समझना चाहिये, कष्ट व अरिष्ट का निवारण करता है।

(७) ८वां चन्द्रमा, ७वां मंगल, ९वां राहु लग्न में शनि, तीसरा गुरु, पांचवां सूर्य, छठा शुक्र, चौथा बुध हो तो बालक की आयु बहुत कम होती है।

(८) लग्न में बुध-शुक्र न हो, केन्द्र में गुरु न हो, दशम में मंगल न हो तो उसका भाग्य अच्छा नहीं होता। दशम मंगल हो, केन्द्र त्रिकोण में बृहस्पति, बुध, शुक्र हो तो बालक भाग्यवान, दीर्घायु, गुणवान, धनवान, बुद्धिमान होता है।

(९) लग्न में शनि, छठा, चन्द्रमा, सप्तम मगंल पिता की आयु को कम करते हैं।

(१०) ६, १२वें स्थान में पाप ग्रह हों या चन्द्रमा के साथ पाप ग्रह हों तो माता को कष्ट दायक होते हैं।

(११) १०वें स्थान में पाप ग्रह हो या सूर्य के साथ पाप ग्रह हो या शत्रु राशि का मंगल दशम भाव में हो तो पिता को कष्ट कारक होता है।

(१२) लग्न में गुरु, दूसरे में शनि, सूर्य, भौम तथा बुध हों बालक के विवाह समय पिता को मारक होता है।

(१३) सातवां राहु, छठा-आठवां चन्द्रमा हो और चन्द्रमा पर क्रूर ग्रहों की दृष्टि हो तो बालक अल्पायु होता है।

(१४) शनि-सूर्य का परिवर्तन योग हो (अर्थात् सूर्य शनि की राशि में, शनि सूर्य की राशि में) अथवा लग्न में मंगल व अष्टम गुरु हो तो बालक की आयु १२ वर्ष की हो।

(१५) छठे स्थान में बुध हो, लग्नेश व अष्टमेष, पाप ग्रहों से युक्त हो या परिवर्तन योग या दृष्टि योग द्वारा एक दूसरे को देखते हों तो बालक की आयु ४ वर्ष।

(१६) मंगल की राशियों में गुरु हो और चन्द्रमा ६ या ८वें भाव में हो तो बालक की आयु ८ वर्ष की होती है।

(१७) दशम स्थान में राहु हो अष्टमेश होकर क्षीण चन्द्रमा राहु के साथ हो तो बालक व उसके माता-पिता तीनों को अरिष्ट करता है। चन्द्रमा राहु के साथ न हो तो बालक की आयु १६ वर्ष होती है।

(१८)तीसरे स्थान में सूर्य बड़े भाई को और शनि या मंगल छोटे भाई को कष्ट दायक होता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बालक के जन्म समय अरिष्ट योग व कुछ अन्य प्रमुख योग

बालक के जन्म से १२ वर्ष की आयु तक जो अनिष्ट ग्रह योग हैं, उन्हें अरिष्ट योग कहते हैं। नीचे कुछ प्रमुख अरिष्ट योगों का वर्णन किया गया है। अरिष्ट योगों का विचार करते समय 'अरिष्ट नाशक' योगों पर भी विचार करना अत्यन्त आवश्यक है, अन्यथा फलादेश ठीक नहीं बैठता।

यदि पाप ग्रह युक्त क्षीण चन्द्रमा लग्न ५, ७, ८, ९ अथवा ११वें भाव में स्थित हो और वह किसी शुभ ग्रह से युक्त या दृष्ट न हो तो बालक की आयु को अरिष्टकर एवं भु-मृत्यु तुल्य कष्ट होता है।

छठे, आठवें एवं १२वें स्थान में शुभ ग्रह हों और उनको बलवान् वक्री पापी ग्रह देखते हों तो एक मास तक आयु को अरिष्टकारी होगा।

यदि चन्द्रमा जन्म लग्न से छठे या आठवें भाव में स्थित हो और वह पापी ग्रह से दृष्ट हो तो जातक की शीघ्र मृत्यु हो जाती है, यदि शुभ ग्रह की दृष्टि हो तो आठ वर्ष की आयु में अरिष्ट होता है।

यदि जन्म के समय चन्द्रमा दो पाप ग्रहों के मध्य में हो, अन्य सब ग्रह ४, ७ एवं अष्टम भाव में स्थित हों, तो जातक की शीघ्र मृत्यु होती है। यदि चन्द्रमा शुभ ग्रहों द्वारा दृष्ट हो तो माता की मृत्यु नहीं होती है। चन्द्र क्रूर ग्रह से दृष्ट होने पर माता को भी अरिष्टकर होगा।

यदि मंगल अथवा शनि लग्न में हो, सूर्य सप्तम भाव में हो अथवा चन्द्रमा मंगल या शनि से युक्त हो तो बालक की आयु को अरिष्ट योग होता है।

यदि शनि, मंगल तथा सूर्य तीनों ग्रह छठे, सातवें या बारहवें भाव में हों तो १ मास या १ वर्ष में अरिष्टकारक होते हैं।

द्वादश भाव में क्षीण चन्द्रमा हो तथा लग्न एवं अष्टम भाव में पाप ग्रह हों तो बालक को अरिष्ट योग होता है।

यदि जन्म राशि पाप ग्रह से युक्त अष्टम भाव में हो तो एक मास में ही अरिष्ट होता है।

जिस नक्षत्र में धुम्रकेतु, उल्कापात, ग्रहणादि का उदय हो तो उस नक्षत्र में उत्पन्न जातक की दो मास तक अरिष्ट रहता है।

लग्न में चन्द्रमा और ७वें भाव में २-३ पाप ग्रह स्थित हों तो शीघ्र ही अरिष्ट योग होता है।

यदि लग्न का स्वामी पाप ग्रह से युक्त होकर ७वें अथवा ८वें भाव में स्थित हों तो १ मास तक अरिष्ट होगा।

लग्न में राहु और छठे अथवा आठवें भाव में चन्द्रमा स्थित हो तो अरिष्ट योग होगा। जन्म लग्न जिस राशि के नवांश में हो उसका स्वामी छठे या आठवें स्थान में जो राशि पड़े, उतने दिन पर्यन्त विशेष अरिष्ट योग रहेगा।

माता-पिता को अरिष्ट योग

माता के लिए चन्द्रमा तथा चतुर्थ स्थान से और पिता के लिए सूर्य तथा दशम स्थान से विचार करना चाहिए, यदि चन्द्रमा एवं चतुर्थ भाव शनि, मंगल एवं सूर्यादि क्रूर ग्रहों से युक्त अथवा दृष्ट हो तो बालक माता को अत्यन्त कष्टकारी होता है। यदि चन्द्रमा से ४, ६ या आठवें स्थान पर पापी ग्रह हो तो भी माता को अरिष्टकारी होता है। इसी भाँति यदि बालक की कुण्डली में सूर्य अथवा दशम भाव में पापी ग्रह हो या देखते हों अथवा सूर्य पाप ग्रहों के मध्य स्थित हों तो पिता को कष्ट जानें। सूर्य से ४, ६, ८वें क्रूर होने पर भी पिता को कष्टकारी है।

अरिष्ट भंग योग

यदि जन्म लग्नेश बलवान् शुभ ग्रह हो तथा वह शुभ मित्र ग्रहों से वीक्षित हो अथवा लग्न में स्थित होकर शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो अरिष्ट योग नष्ट हो जाता है।

यदि शुभ राशिस्थ गुरु जन्म लग्न में स्थित हो तो अनेक प्रकार के अरिष्ट दूर होते हैं।

यदि सभी ग्रह शीर्षोदय राशियों में हो तो अरिष्ट भंग होता है।

यदि क्षीण चन्द्रमा भी अपनी उच्च राशि (वृष) में हो और वह शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो अरिष्ट भंग हो जाता है।

यदि शुक्ल पक्ष में रात्रि के समय तथा कृष्ण पक्ष में दिन का जन्म हो और चन्द्रमा आठवें भाव में स्थित होने पर भी शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो भी अरिष्ट का नाश हो जाता है।

कुछ अन्य प्रमुख योग पुष्कल योग

यदि लग्नेश तथा चतुर्थेश बलवान् होकर केन्द्र अथवा चतुर्थ भाव में हो तो 'पुच्छल' नामक योग होता है। इस योग वाला जातक मधुर भाषी, सुप्रसिद्ध तथा धनवान होता है। उसे सब प्रकार के सुख प्राप्त हो जाते हैं।

वीणा योग

यदि सात राशियों में सात ग्रहों की स्थिति हो तो 'वीणा' नामक योग होता है। इस योग वाला जातक संगीतज्ञ, गायन विद्या में प्रीति रखने वाला, सब कार्यों में कुशल, धनी तथा अनेक लोगों का पालन-पोषण करने वाला होता है। ऐसा व्यक्ति राजनीति क्षेत्र में भी सफल रहता है।

विदेश में भाग्योदय योग

चर राशि का लग्न और लग्नेश हो और चन्द्र से दृष्ट हो तो विदेश में भाग्य उदय होगा।

विवाह के बाद भाग्योदय

सप्तमेश ग्रह अथवा शुक्र ग्रह सातवें भाव में अथवा उपचय स्थान (३, ६, १०, ११) में गया हो तो विवाह के पश्चात्-भाग्योदय होगा।

काल सर्प योग

यदि कुण्डली में सभी ग्रह राहु-केतु के मध्य हों तो 'काल सर्प' नामक योग होता है। इस योग वाला जातक प्रायः उलझनों में घिरा रहता है। जीवन पर्यन्त संघर्षमय जीवन रहता है। कुछ धन होते हुए भी सुखानुभव नहीं होता।

काहल योग

यदि नवम भाव तथा चतुर्थ भाव के स्वामी एक-दूसरे से केन्द्र भाव में स्थित हों और लग्नाधिपति बली हो, 'काहल योग' बनता है। इस योग में उत्पन्न जातक राजनीति और शासन प्रशस्त कार्यों में सफलता प्राप्त करता है।

गढ़ा धन प्राप्ति योग

लाभेश लग्न में, लग्नेश धन स्थान में एवं धनेश लाभ स्थान में गए हों तो गढ़े हुए धन की प्राप्ति होती है।

लग्नेश शुभ ग्रह होकर द्वितीय भाव में स्थित हो अथवा धन स्थान का स्वामी आठवें भाव में स्थित हो तो भी गढ़ा हुआ धन मिलता है, परन्तु ऐसा व्यक्ति आलसी और भाग्यवादी होता है।

वाहन सुख योग

१. नवमेश, लाभेश और दशमेश— ये तीनों ग्रह चतुर्थ भाव में गये हों अथवा

२. चन्द्रमा से शुक्र तीसरे किंवा ग्यारहवें भाव में गया हो तो वाहन युक्त जातक होगा।

३. गुरु द्वारा दृष्ट चतुर्थ भावेश लाभ में गया हो तो बहुत वाहनों वाला जातक होगा।

४. अपनी उच्चराशि में गया हुआ व्ययेश धनेश से युत होकर नवम भाव को देखता हो।

कुण्डली में अरिष्ट योग

(१) अगर जन्म कुण्डली में नवें-पाँचवें तथा केन्द्र स्थानों में पाप ग्रह हों और छठे, आठवें, बारहवें शुभ ग्रह हों तो सूर्य उदय होते ही उसी दिन बच्चे की मृत्यु हो जावे।

(२) यदि चन्द्रमा अष्टम भाव में हो, राहु चतुर्थ भाव में हो और पाप ग्रह केन्द्र में हो तो बालक एक वर्ष तक जीवे।

(३) यदि लग्न, द्वितीय, द्वादश एवं अष्टम भाव में क्रूर ग्रह हों तो बारहवें या आठवें दिन विष्ठा का मार्ग रुक कर जातक की मृत्यु हो।

(४) यदि चन्द्रमा बारहवें भाव में हो और पाप ग्रह लग्न सप्तम और अष्टम भाव में हो और केन्द्र में शुभ ग्रह न हो तो बालक शीघ्र मृत्यु को प्राप्त हो।

(५) यदि जन्म लग्न से मंगल, सूर्य, शनि छठे या आठवें भाव में हो तो बालक वर्ष भर न जीवे।

(६) यदि छठे या आठवें चन्द्रमा पाप ग्रहों [illegible] शनि दृष्ट हो और शुभ ग्रह की दृष्टि न हो तो बाल[illegible] वर्ष के अन्दर मृत्यु को प्राप्त हो।

(७) यदि क्षीण चन्द्रमा लग्न में औ[illegible] [illegible]ट, आत्मप्रशंसा अथवा अष्टम स्थान में हो तो बालक [illegible] से उत्पन्न वस्तुओं [illegible] अन्य वायु जनित [illegible] है।

(८) यदि सप्तम स्थान में शनि [illegible] युक्त चन्द्रमा सप्तम स्थान में हो तो [illegible] लोग तीव्र बुद्धि, दिन अथवा सातवें मास मृत्यु हो।

(९) यदि लग्न में सूर्य, पंचम भा[illegible] [illegible]ले, क्रान्तिकारी, और अष्टम भाव में शनि हो तो बालक [illegible]थवा नीच हो तो [illegible]ोग प्राध्यापक,

(१०) यदि लग्न में शत्रु-राशिस्थ [illegible] [illegible] करते हैं। से युक्त अथवा दृष्ट हो तो बालक की ए[illegible] [illegible] लिए शुक्र अन्दर मृत्यु हो।

(११) जिसके समस्त शुभ ग्रह छठे-आठ[illegible] [illegible] है। में हो और पाप ग्रहों से दृष्ट हों तो वह बालक [illegible]ह लोग कुटुम्बी, के अन्दर मृत्यु को प्राप्त होता है।

(१२) जिसके शनि के घर में सूर्य और [illegible] [illegible]रातत्व घर में शनि हो तो दैव भी रक्षा करें तो भी बारहवें [illegible]बन्धी [illegible]ुक्र, में मृत्यु होती है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अन्य अरिष्ट योग-(१) तृतीया, दशमी, षष्ठी और शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी यह तिथियां यदि मंगल या शनिवार की हों, साथ ही मूल नक्षत्र का योग हो तो ऐसे योग में उत्पन्न बालक सम्पूर्ण कुल का नाश करता है।

(२) यदि तीन पुत्रों के पश्चात् कन्या का और तीन पुत्रियों के पश्चात् बालक का जन्म हो तो त्रिखल दोष होता है।

(३) यदि चन्द्रमा पाप ग्रहों से युक्त पाप ग्रहों के बीच में हो अथवा चन्द्रमा से सातवें पाप ग्रह हो तो बालक की माता का नाश होवे।

(४) यदि सूर्य पाप ग्रह से युक्त हो और लग्न भी पाप ग्रह से युक्त हो अथवा पाप ग्रहों के बीच में हो तो बालक के पिता का नाश होवे।

(५) यदि छठे स्थान में पाप ग्रह बारहवें चन्द्रमा और चौथे घर में मंगल हो तो उसकी माता न जीवे।

(६) यदि लग्न भाव में शनि छठे भाव में चन्द्रमा और सातवें भाव में मंगल हो तो जातक का पिता न जीवे।

(७) चतुर्थ भाव में पाप ग्रह माता को, दशम भाव में पिता को और सप्तम भाव में पिता और माता दोनों का नाश करता है।

(८) उच्च या नीच किसी के सातवें सूर्य हो तो बालक शीघ्र ही माता का नाश करे।

(९) जिसके दशम भाव में मंगल शत्रु राशिस्थ हो, उसका पिता शीघ्र ही मृत्यु को प्राप्त हो।

अरिष्ट भंग योग-(१) ऊपर दिए गए अरिष्ट योग होने पर भी यदि लग्नपति अत्यन्त बली हो, शुभ ग्रहों से युक्त व केन्द्र में स्थित हो तथा पाप ग्रह की दृष्टि से रहित हो तो जातक दीर्घायु होता है।

(२) गुरु, शुक्र और बुध में से कोई एक भी बली होकर केन्द्र में हो और उस पर पाप ग्रह की दृष्टि न हो तो अरिष्ट का नाश करता है।

(३) यदि चन्द्रमा अपनी उच्चराशि, स्वराशि अथवा मित्र राशि में हो और शुभ दृष्ट हो तो अरिष्टों का नाश करता है।

(४) यदि राहु तीसरे, छठे या ग्यारहवें बैठा हो और उसे शुभ ग्रह देखते हों, अथवा वृष, कर्क, मेष राशि का राहु लग्न में हो तो अरिष्टों का नाश करता है।

(५) यदि सभी ग्रह मित्रक्षेत्री हों तो अरिष्ट दूर होते हैं।

आयुर्दाय विचार बोधक चक्र

दीर्घ	मध्य	अल्प
चर चर	चर स्थिर	चर द्विस्वभाव
स्थिर द्विस्वभाव	द्विस्वभाव द्विस्वभाव	स्थिर स्थिर

उपरोक्त चक्र से आयु का विचार तीन प्रकार से करें। १. लग्नेश अष्टमेश से, २. शनि चन्द्रमा से, ३. लग्न वा होरा लग्न से—जैसे लग्न चर में है और अष्टमेश भी चर में हो तो दीर्घ, लग्न स्थिर में हो और चन्द्रमा द्विस्वभाव में हो तो दीर्घ, लग्न द्विस्वभाव में हो और होरा लग्न स्थिर में हो तो दीर्घ आयु।

यदि तीनों प्रकार से आयु भिन्न-भिन्न आये और चन्द्रमा लग्न और सप्तम में न हो तो लग्न वा होरा लग्न से जो आयु आये उसे ग्रहण करें, यदि लग्न से या सप्तम में चन्द्रमा हो तो शनि और चन्द्रमा से जो आयु आये उसे ग्रहण करें।

होरा लग्न—इष्ट घड़ी को १२ अंशों से गुणा कर जो फल अंशादि आयेगा उसको राश्यादि करके स्पष्ट सूर्य में जोड़ने से होरा लग्न होगा।

उपरोक्त तीनों प्रकार से दीर्घायु आये तो १२० वर्ष तथा तीनों प्रकार से मध्यमायु ८० वर्ष है, दो प्रकार से ७२ और एक प्रकार से ६४ वर्ष होती है एवं तीनों प्रकार से अल्पायु ३२ वर्ष, दो प्रकार से २६ और एक प्रकार से अल्पायु २० वर्ष होती है।

उपरोक्त तीनों प्रकार से आयु निर्णय करने पर जिस-जिस प्रकारों से आयु का निर्णय हो अर्थात् लग्नेश अष्टमेश से हानि चन्द्रमा, लग्न व होरा से यदि इन तीनों प्रकार से एक ही प्रकार की आयु आये तो तीनों का अर्थात् लग्नेश का अष्टमेश शनि चन्द्रमा का लग्न वा होरा लग्न से स्पष्ट की राशि को छोड़ कर मेष कलादि फल को युक्त कर ६ से भाग दें जो अंश कला विकला आये ऊपर सारणी में अंश फल सारणी में अंशों के नीचे का फल, कला फल सारणी तीसरा का फल, विकला फल सारणी में विकला का फल लेकर तीनों को युक्त यह युक्तफल वर्ष आदि आएंगे। इन को ऊपर कहीं आयु में घटाने से स आ जायेगी। दो प्रकार की आयु आने पर उनके अंशादि के योग में ४ का और एक प्रकार से २ का भाग देना। उदाहरण—जैसे लग्न सिंह स्वामी चर राशि में पड़ा है और अष्टमेश गुरु भी चर राशि में है दीर्घा चन्द्रमा स्थिर में हो तो अल्पायु लग्न और होरा लग्न स्थिर में हो तो है यह दो प्रकार से अल्पायु है।

अतः शनि चन्द्रमा होरा लग्न की राशि को छोड़कर शेष करके ४ का भाग देने से जो अंश कला विकला आए उनका सारणी से लेकर उसको २६ वर्ष में से घटावें तो स्पष्ट आयु अ

अष्टमक्षं तृतीयं च लग्नादायुरुदाहृतम्। द्वितीयं मारकस्थानमुच्यते। क्वचिद् लग्नेश व्ययेश-अष्टमेश दशास्वपि परस्पर षष्टाष्टमेश्यो दशन्ति रज्ज न शोभनम्। मारके मारकात व्यय द्वितीयेश वद्ग्रहाः फलप्रदाः लग्नेशदशाऽतिष्टे सम्बन्ध मारककारिणी पापदशात्वदनिष्टवेति।

मा के साथ पाप
थ पाप ग्रह
कष्ट

जैमिनीय सूत्रोक्त आयु विचार सारणी

अंश	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०
वर्ष	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०
मास	०	१	१	३	४	४	५	६	७	८	८	९	१०	११	०	०	०	१	२	२	४	४	६	७	७	७	८	६	१	१
दिन	२४	१८	१२	६	०	२४	१८	१२	६	०	२४	१८	१२	६	०	२४	१८	१२	६	०	२४	१८	१२	६	०	२४	१८	१२	६	०

जैमिनीय सूत्रोक्त आयु साधन कला ज्ञान सारणी

कला	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०
मास	०	०	०	०	१	१	१	१	१	२	२	२	२	२	३	३	३	३	४	४	४	४	४	५	५	५	५	६	६	६
दिन	६	११	१३	२५	२	८	१४	२१	२७	४	१०	१६	२३	२९	६	१२	१८	२६	१	८	१४	२०	२७	३	१०	१६	२	२९	५	१२
घड़ी	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०
कला	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०
मास	६	६	७	७	७	७	७	८	८	८	८	८	९	९	९	९	१०	१०	१०	१०	१०	११	११	११	११	११	१२	१२	१२	१२
दिन	१९	२४	१	७	१४	२०	२३	३	५	१३	२२	२८	५	११	१८	२४	०	७	१३	२०	२६	१	३	१५	२२	१८	४	११	१७	२४
घड़ी	२४	४८	३६	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०

जैमिनीय सूत्रोक्त आयु साधन विकला फल सारणी

विकला	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०
दिन	०	०	०	०	०	०	०	०	०	१	१	१	१	१	१	१	१	१	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	३	३
घड़ी	६	१२	१९	२५	३२	३८	४४	५१	५७	४	१०	१६	२३	२९	३६	४२	४८	५५	१	८	१४	२१	२७	३३	४०	४६	५२	५९	५	१२
पल	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०
विकला	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०
दिन	३	३	३	३	३	३	३	४	४	४	४	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	६	६	६	६
घड़ी	१८	२४	३१	३७	४४	५०	५६	३	९	१६	२२	२८	३३	४१	४८	५४	०	७	१३	२०	२६	३२	३९	४५	५२	५९	४	११	१७	२०
पल	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

सकता है। इनको पेट की बीमारियां लग सकती हैं। इनके लिए बुध, शुक्र शुभ, चन्द्रमा, मंगल, बृहस्पति

(५) यदि सभी ग्रह मित्रक्षेत्री हों तो अरिष्ट दूर होते हैं।

दिन	३	३	३	३	३	३	३	४	४	४	४	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	६	६	६	६
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	९	१६	२२	२८	[illegible]	४१	४८	५४	०	७	१३	२०	२६	३२	३९	४५	५२	५९	४	११	१७	२०
पल	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

द्वादश लग्न अथवा राशियों के प्रभाव

मेष लग्न—मेष लग्न में पैदा हुए व्यक्ति का गेहुंआ रंग, लम्बा कद, दुबला किन्तु बलिष्ट शरीर, गोल नेत्र, मुख पर चिह्न, कठोर किन्तु घुंघराले केश, क्रोधी एवं उपद्रवी स्वभाव, अत्यन्त साहसी, उद्यमी, उग्र-प्रकृति वाला होता है। यह जातक स्वतंत्र विचार वाला, प्रगतिशील, महत्वाकांक्षी, सदैव नेतृत्व की चाह करने वाला, प्रभावशाली, स्वछन्द विचरण करने की लालसा करने वाला होता है। मेष लग्न वाले व्यक्ति नई योजनाओं की सृष्टि करते हैं तथा अद्‌भुत विचारों के अन्वेषक होते हैं। बड़े होकर योग्य प्रशासक, इंजीनियर (मेकेनिकल), सर्जन, सेनापति, सफल व्यापारी बन सकते हैं। इनके लिए गुरु शुभ होता है। शनि, बुध, शुक्र अशुभ होते हैं। इनके लिए प्रायः शनि अथवा बुध ही मारकेश बनते हैं। जातक को मस्तिष्क सम्बन्धी रोगों की सम्भावना होती है तथा ज्वर, अग्नि अथवा शस्त्र भय रहता है। इनका भाग्योदय १६, २२, २८, ३२, ३६वें वर्ष में होता है :

वृष लग्न—जातक का ठिगना कद, पुष्ट एवं स्थूल शरीर होता है। यह लोग कामी, चतुर, ईर्ष्यालु, शान्त स्वभाव वाले, इच्छानुसार काम करने वाले तथा सभी कार्यों को गुप्त रखने वाले, सांसारिक द्रव्य एवं धन सम्पत्ति एकत्रित करने वाले तथा अधिकार सुख की कामना करने वाले होते हैं। इनकी स्मरण शक्ति प्रबल होती है। यह लोग बैंकिंग, कास्मैटिक्स, भवननिर्माण, जवाहरात, विज्ञापन एवं प्रचार इत्यादि व्यवसायों में सफल होते हैं। इनको कण्ठ सम्बन्धी रोग होने की सम्भावना होती है। इनके लिए सूर्य, बुध शुभ तथा शुक्र, बृहस्पति एवं चन्द्र अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय २५, २८, ३६ एवं ४२वें वर्ष में होता है।

मिथुन लग्न—जातक का कद लम्बा किन्तु दुबला, सुन्दर नेत्र, छोटी नाक होती है। यह व्यक्ति प्रसन्नचित्त, चपल, तीक्ष्ण बुद्धि, मधुर एवं स्पष्टवक्ता, शीघ्र गतिवान, दूरदर्शी, मेधावी, यात्रा एवं परिवर्तन प्रेमी, खेलों का शौकीन, साहित्य-कला सौन्दर्य में रुचि रखने वाला होता है। मिथुन लग्न वाले व्यक्तियों में बुद्धि तथा भाव तत्व दोनों ही प्रबल रूप में होते हैं। बड़े होकर पत्र-व्यवहार, सम्पादन, लेखन, प्रचार-प्रसार, अध्यापन, एकाउन्ट्स, संगीत, यात्रा, क्रय-विक्रय सम्बन्धी व्यवसाय में सफल होते हैं। इनको फेफड़े तथा स्नायु-सम्बन्धी रोग होने की सम्भावना रहती है। इनकी भाग्योन्नति २२, ३२, ३५, ३६, ४२वें वर्ष में होती है। इनके शुक्र शुभ, चन्द्रमा अशुभ, मंगल, सूर्य, अरिष्टकारक होते हैं।

कर्क लग्न—जातक का मध्यम कद, गौर वर्ण, सुन्दर मुख, सुगठित शरीर होता है। इस लग्न के व्यक्ति बुद्धिमान, गतिशील, अस्थिर स्वभाव वाले, उदार, विशाल हृदय, कल्पनाशील, परिश्रमी, भावुक मन वाले, विलासी, सम्पत्तिवान, समयानुसार काम करने वाले होते हैं। बड़े होकर यह राज्याधिकारी, डाक्टर, नेता, मंत्री, प्राध्यापक, नाविक तथा जलोत्पन्न वस्तुओं के व्यवसायी बनते हैं। इनको उदर, हृदय, मूत्राशय-सम्बन्धी रोग होने की संभावना रहती है। इनके लिए मंगल शुभ, शुक्र एवं बुध अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, २४, २५, २८ एवं ३२वें वर्ष में होता है।

सिंह लग्न—जातक की चौड़ी छाती, बली भुजाएं एवं दृढ़ हड्डी तथा पुष्ट, शरीर, प्रभावशाली एवं आकर्षक व्यक्तित्व होता है। यह लोग नेतृत्व की चाह करने वाले प्रशासनिक अधिकारों का पूर्ण सदुपयोग करने में सफल होते है। इनका रहन-सहन आडम्बरपूर्ण तथा रईस मिजाज होता है। बड़े होकर यह व्यक्ति अभिनेता, प्रशासक, सैनिक, वकील, व्यापारी, वन-सम्बन्धी व्यवसाय करते हैं। इनको ज्वर एवं मस्तिष्क पीड़ा आदि रोग हो सकते हैं। इनके लिए सूर्य एवं मंगल शुभ, बुध एवं शुक्र अशुभ, राहु केतु मारक स्थान में स्थित होने से मृत्युकारक होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, २४, २६, २८, ३२वें वर्ष में होता है।

कन्या लग्न—जातक का छोटा कद, कोमल शरीर तथा छोटे बाजू होते हैं। इनका स्त्री स्वभाव होता है तथा यह लज्जाशील, मधुरभाषी, विचारशील, धैर्यवान, बुद्धिवाले, गणितज्ञ, तार्किक एवं साहित्य प्रेमी होते हैं। कन्या लग्न वाले व्यक्तियों की स्मरणशक्ति तीव्र होती है तथा यह सभी कार्य गुप्त रखते हैं। इनमें आत्म विश्वास की कमी रहती है। बड़े होकर यह व्यक्ति गणितज्ञ, पुस्तक विक्रेता, सचिव, दलाल, साहित्यिक, अध्यापक, ज्योतिषी अथवा मनोवैज्ञानिक बन सकते हैं। व्यापार की अपेक्षा इनको नौकरी में अधिक लाभ हो सकता है। इनको पेट की बीमारियां लग सकती हैं। इनके लिए बुध, शुक्र शुभ, चन्द्रमा, मंगल, बृहस्पति अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, २५, ३२, ३३, ३५, ३६वें वर्ष में होता है।

तुला लग्न—जातक दुबला किन्तु लम्बा, सुन्दर प्रशन्नचित्त तथा तीक्ष्ण बुद्धिवाला होता है। न्याय एवं शान्तिप्रिय, मध्यस्थता का कार्य करने में निपुण, सत्यवक्ता, धार्मिक, सुधारवादी, दार्शनिक, साधु स्वभाव, लोकप्रिय, बच्चों का विशेष स्नेही, स्त्री-कला-नृत्य संगीत प्रेमी, प्रतिष्ठित होता है। इस लग्न के व्यक्ति न्यायाधीश, वकील, परामर्शदाता, साहित्य प्रेमी, कवि, नीतिज्ञ तथा व्यापारी बनते हैं। इनको गुर्दा, मूत्रस्थली एवं कमर सम्बन्धी रोगों की सम्भावना रहती है। इनके लिए शनि योगकारक, बुध, शुक्र शुभ, सूर्य, मंगल, बृहस्पति अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय २४, २५, ३२, ३३, ३५ वर्ष में होता है।

वृश्चिक लग्न—जातक सुन्दर, परिश्रमी, आत्मविश्वासी, साहसी, शंकालु, स्वेच्छाचारी, आतंककारी, नीतिज्ञ, गूढ़ विद्याओं का ज्ञात होता है। ऐसे व्यक्ति मितव्ययी एवं संग्रह करने में चतुर होते हैं। यदि लग्न पाप दुष्ट हो तो जातक झगड़ालु, असंयमी, कुतिचारी, निर्दयी, अपराधी तथा गुप्त रूप से दुष्कर्म करने वाला होता है। बड़े होकर यह व्यक्ति पुलिस अधिकारी, राजनीतिज्ञ, ठग, इंजीनियर, खनिज विशेषज्ञ, दन्त विशेषज्ञ बनते हैं। इनको छाती, कण्ठ अथवा गर्मी या वायु सम्बन्धी एवं बवासीर आदि गुप्त रोग होने की सम्भावना रहती है। इनके लिए सूर्य, चन्द्रमा, मंगल, बृहस्पति शुभ, बुध, शुक्र अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय २२, २४, २८, ३२वें वर्ष में होता है।

धनु लग्न—बड़े कान, लम्बी गर्दन, बली तथा स्थूल शरीर धनु लग्न की विशेषता है। यह व्यक्ति स्वाभिमानी, निस्वार्थी, साधु स्वभाव, न्यायप्रिय, मेधावी, धनवान, उदार, गम्भीर, विवेकशील, तार्किक, कुलभूषण, संवेदनशील, विश्वासपात्र, उत्तेजित अवस्था में अत्यन्त क्रुद्ध एवं स्पष्टवक्ता, निष्कपट, त्यागी, आदर्शवादी, अवसर का लाभ उठाने वाले होते हैं। इन्हें केवल प्रेम और शान्ति से वशीभूत किया जा सकता है। यदि लग्न पाप पीड़ित हो तो जातक दंभी, आडम्बरपूर्ण एवं कठोर स्वभाव का होता है। इस लग्न के व्यक्ति बड़े होकर प्रोफेसर, अध्याक, राजनीतिज्ञ, दार्शनिक, परामर्शदाता, उपदेशक, वकील, बैंकर तथा सफल व्यवसायी बनते हैं। इनको फेफड़े तथा वायु सम्बन्धी रोग होने की संभावना रहती है। इनके लिए सूर्य, बुध, बृहस्पति शुभ तथा चन्द्रमा शनि अशुभ फलदायक होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, ३२वें वर्ष में होता है।

मकर लग्न—जातक का लम्बा कद, सुन्दर नेत्र, सेवाभावी, धैर्यवान, गम्भीर, मननशील, महत्वाकांक्षी, उद्योगी, संयमी, परिश्रमी एवं कार्यशील, उदासीन, दार्शनिक, आस्तिक, गृहस्थ जीवन से असंतुष्ट, आत्मप्रशंसा में विश्वास न करने वाला होता है। यह व्यक्ति बड़े होकर अधिकारी, कृषि अथवा भूमि से उत्पन्न वस्तुओं सम्बन्धी व्यवसाय अथवा कार्यालयों में सफलता प्राप्त करते हैं। इनको जोड़ों का दर्द तथा अन्य वायु जनित रोग होने की संभावना रहती है। इनका भाग्योदय २५, ३३, ३५, ३६, ४२वें वर्ष में होता है।

कुम्भ लग्न—जातक का मध्यम कद, मांसल होंठ, आकर्षक व्यक्तित्व होता है। यह लोग तीव्र बुद्धि, दयालु, मिलनसार, प्रभावशाली, अनेक मित्रों से युक्त, स्वच्छ हृदय तथा विशाल दृष्टिकोण वाले, क्रान्तिकारी, विचारक, रोचकवक्ता एवं साहित्य में रुचि रखने वाले होते हैं। अगर शनि शत्रु राशिस्थ अथवा नीच हो तो जातक दम्भी, कामी, लांछन प्राप्त करने वाला, उद्दण्ड एवं निर्लज्ज होता है। बड़े होकर यह लोग प्राध्यापक, सुधारक, इंजीनियर, मुद्रण, रेडियो, बिजली, यात्रा, वायुयान एवं तकनीकी कार्यों में सफलता प्राप्त करते हैं। इनको सिर अथवा पेट दर्द, वायुरोग, उदर पीड़ा एवं कोष्ठ बद्धता इत्यादि रोग हो सकते हैं। इनके लिए शुक्र शुभ तथा गुरु एवं चन्द्र अशुभ फलदायक है। इनका भाग्योदय २५, २८, ३६, ४२वें वर्ष में होता है।

मीन लग्न—जातक का छोटा कद, स्थूल शरीर, शान्त एवं विनम्र स्वभाव होता है। यह लोग धर्मपरायण, रूढ़िवादी, आस्तिक, परोपकारी, लज्जाशील, महत्वाकांक्षी, सुनिश्चित एवं सुसंस्कृत बहुकुटुम्बी, सद्‌गृहस्थी होते हैं। बड़े होकर यह लोग समाज सुधारक, आध्यात्मवादी, चलचित्र व्यवसाय, पुरातत्व वस्तुओं के व्यापारी, काव्य एवं हास्य व्यंग्य लेखक, कलाकार, औषधी विषयक, जल परिवहन सम्बन्धी कार्यों में सफल होते हैं। इन्हें छूतछात की बीमारियां होने का डर रहता है। इनके लिए मंगल शुभ, सूर्य, शुक्र, शनि, बुध अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय १२, १६, २८, ३३वें वर्ष में होता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

नूतन वेध सिद्ध वर्ष प्रवेश सारिणी

गताब्द	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०
वार	१	२	३	५	६	०	१	३	३	५	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१
घटी	१५	३०	४६	१	१६	३२	४७	३	१८	३३	४९	४	१९	३५	५०	६	२१	३६	५२	७	२३	३८	५३	९	२४	३९	५५	१०	२६	४१	५६	१२	२७	४३	५८	१३	२९	४४	५९	१५
पल	२२	४५	८	३१	५४	१७	४०	३	२६	४९	१२	३५	५८	२१	४४	७	३०	५३	१६	३९	१	२४	४७	१०	३३	५६	१९	४२	५	२८	५१	१४	३७	०	२३	४६	९	३२	५५	१८
विपल	५७	५४	५१	४८	४५	४२	३९	३६	३३	३०	२७	२४	२१	१८	१५	१२	९	६	३	०	५७	५४	५१	४८	४५	४२	३९	३६	३३	६०	२७	२४	२१	१८	१५	१२	९	६	३	०

गताब्द	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०	६१	६२	६३	६४	६५	६६	६७	६८	६९	७०	७१	७२	७३	७४	७५	७६	७७	७८	७९	८०
वार	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२
घटी	३०	४६	१	१६	३२	४७	२	१८	३३	४९	४	१९	३५	५०	६	२१	३६	५२	७	२३	३८	५३	९	२४	३९	५५	१०	२६	४१	५६	१२	२७	४३	५८	१३	२९	४४	५९	१५	३०
पल	४०	३	२६	४९	१२	३५	५८	२१	४४	७	३०	५३	१६	३९	२	२५	४८	११	३४	५७	१९	४२	५	२८	५१	१४	३७	०	२३	४६	९	३२	५५	१८	४१	४	२७	५०	१३	३६
विपल	५७	५४	५१	४८	४५	४२	३९	३६	३२	३०	२७	२४	२१	१८	१५	१२	९	६	३	०	५७	५४	५१	४८	४५	४२	३९	३६	३३	३०	२७	२४	२१	१८	१५	१२	९	६	३	०

प्राचीनमान वर्ष प्रवेश सारिणी

वर्ष	०१	०२	०३	०४	०५	०६	०७	०८	०९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०
वार	०१	०२	०३	०५	०६	०७	०१	०३	०४	०५	०६	०१	०२	०३	०४	०६	०७	०१	०२	०४	०५	०६	०७	०२	०३	०४	०५	०७	०१	०२
घड़ी	१५	३१	४६	०२	१७	३३	४८	०४	१९	३५	५०	०६	२१	३७	५२	०८	२३	३९	५४	१०	२६	४१	५७	१२	२८	४३	५९	१४	३०	४५
पल	३१	०३	३४	०६	३७	०९	४०	१२	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०	०१	३३	०४	३६	०७	३९	१०	४२	१३	४५
विपल	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००
वर्ष	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०
वार	०४	०५	०६	०७	०२	०३	०४	०५	०७	०१	०२	०३	०५	०६	०७	०१	०३	०४	०५	०६	०१	०२	०३	०४	०६	०७	०१	०३	०४	०५
घड़ी	०१	१६	३१	४७	०३	१८	३४	४९	०५	२१	३६	५२	०७	२३	३८	५४	०९	२५	४०	५६	११	२७	४२	५८	१३	२९	४४	००	१५	३१
पल	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	००	३१	०३	३४	०६	३७	०९	४०	१२	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०
विपल	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००
वर्ष	६१	६२	६३	६४	६५	६६	६७	६८	६९	७०	७१	७२	७३	७४	७५	७६	७७	७८	७९	८०	८१	८२	८३	८४	८५	८६	८७	८८	८९	९०
वार	०६	०१	०२	०३	०४	०६	०७	०१	०२	०४	०५	०६	०७	०२	०३	०४	०५	०७	०१	०२	०३	०५	०६	०७	०१	०३	०४	०५	०७	०१
घड़ी	४७	०२	१८	३३	४९	०४	२०	३५	५१	०६	२२	३७	५३	०८	२४	३९	५५	१०	२६	४२	५७	१२	२८	४४	५९	१५	३०	४६	०१	१७
पल	०१	३३	०४	३६	०७	३९	१०	४२	१३	४५	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	००	३१	०३	३४	०६	३९	०९	४०	१२	४३	१५
विपल	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००

वर्ष फल साधन

जिस सम्वत् का वर्ष फल बनाना हो, उस सम्वत् से जन्म का सम्वत् घटाने से जो शेष हो वह गत वर्ष जानो। ऊपर दी गई सारिणी में गतवर्षांक के नीचे के वारादि अंकों में जन्म के वार और इष्ट के घटी पल जोड़ने से वर्ष प्रवेश का वार और इष्ट घटी पल हो जाते हैं। इस इष्ट के अनुसार लग्न सारिणी से लग्न बना लेना वह वर्ष लग्न होगा। तदन्तर वर्ष प्रवेश के इष्ट घटी पल के समय पर जो ग्रहों की इष्ट वर्ष के पंचांग में स्थिति होगी उसके अनुसार वर्ष कुण्डली में ग्रहों को स्थापित करें।

मुन्था—गत वर्षों में जन्म लग्न का अंक जोड़ो तदन्तर १२ से भाग देने पर जो शेष बचे उस राशि में मुन्था रखें।

त्रिपताका चक्र—वर्ष प्रवेश के वर्षों को ९ से भाग दें जो शेष बचे जन्म राशि से उतने घर में चन्द्रमा लगावें। शेष ग्रहों के लिए प्रवेश के वर्षों को ४ से भाग देवें जो शेष बचे वर्ष कुण्डली में (जन्म कुण्डली में जिस राशि में ग्रह स्थित हो उससे) उतने घर छोड़कर बाकी ग्रह लगावें। राहु केतु उल्टे गिनें। वर्ष लग्न को त्रिपताका के मध्य में रखकर क्रमशः अंक लिखें। माना वर्ष लग्न कर्क है। त्रिपताका चक्र निम्नवत है।

दशा—गत वर्षों में जन्म नक्षत्र संख्या जोड़ कर उसमें २ घटायें तदन्तर ९ का भाग देने से जो शेष बचे सो इस तरह दशा जानो—१ बचे तो सूर्य, २ बचे तो चन्द्रमा, ३ बचे तो मंगल, ४ बचे तो राहु, ५ बचे तो बृहस्पति, ६ से शनि, ७ से बुध, ८ से केतु, ९ से शुक्र की दशा होगी। दशा दिन नीचे दिए गए हैं:—

त्रिपताका चक्र



मुद्दा दशा

सूर्य	चं.	मं.	रा.	बृ.	श.	बु.	के.	शु.	ग्रह
१८	३०	२१	५४	४८	५७	५१	२१	३०	दिन

त्रिराशिपति—वर्ष लग्न की जो राशि हो उस राशि के सामने नीचे दिए गए चक्र में देखो। दिन में वर्ष प्रवेश हो तो दिनपति के सामने राशि के नीचे जो ग्रह लिखा है, रात्रि में हो तो रात्रिपति के सामने राशि के नीचे जो ग्रह लिखा है, वह त्रिराशिपति होगा:—

राशि	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कु.	मी.
दिनपति	सू.	शु.	श.	शु.	बु.	चं.	बु.	मं.	श.	मं.	बृ.	चं.
रात्रिपति	बु.	चं.	बु.	मं.	सू.	शु.	श.	शु.	श.	मं.	बृ.	चं.

दृष्टि ज्ञान—वर्ष एवं कुण्डली में जो ग्रह जिस भाव में स्थित हो वह उस भाव से पांचवें, नवें भाव को प्रत्यक्ष मित्र दृष्टि तथा तीसरे, ग्यारहवें, भाव को गुप्तमित्र दृष्टि से देखता है। ग्रह अपने स्थान से पहले और सातवें भाव को प्रत्यक्ष शत्रु दृष्टि से तथा चतुर्थ-दशम भाव को गुप्त शत्रु दृष्टि से देखते हैं।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

दृष्टि न हो तो मनुष्य यमलोक को गमन करता है।

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

वर्ष कुण्डली में शुभाशुभ योग

शुभ योगः-

वर्ष लग्न वर्ष लग्न का स्वामी तीसरे, छठे, दसवें घर में बलयुक्त हो तो सुख और मन में प्रसन्नता होती है, धन प्राप्ति, शत्रु नाश तथा अरिष्टनाश होता है।

जिस वर्ष में लग्न और दशम भाव का स्वामी एक ही हो तो उस वर्ष में सब अरिष्ट दूर होकर धन की प्राप्ति हो तथा अधिकारियों एवं मित्रों से यश और सुख मिले।

यदि गुरु, बुध, शुक्र, इनमें से कोई एक ग्रह भी केन्द्र में स्थित हो, नीच का न हो और शत्रु के साथ न हो, सौम्य ग्रह से युक्त हो तो सम्पूर्ण अरिष्ट दूर होते हैं।

जो ग्रह जन्म कुण्डली में नीच का हो परन्तु वर्ष कुण्डली में वही ग्रह अष्टम वा मित्रभाव में हो तो अनेक सुख धन देने वाला होता है, मित्र का आगमन करने वाला तथा वर्ष में सम्पूर्ण अरिष्ट दूर करता है।

यदि मुंथापति १, ३, ४, ७, १०, ११ स्थान में स्थित हो तो जातक को यश-मान मिलता है।

यदि वर्षपति केन्द्र व त्रिकोण में स्थित हो और सौम्य ग्रह से युक्त हो तो सम्पूर्ण वर्ष में शुभ हो तथा शत्रु नाश, धनधान्य तथा यश का लाभ हो।

यदि जन्म लग्नेश वर्ष कुण्डली में केन्द्र अथवा त्रिकोण में स्थित हो तो सब अरिष्ट योग का नाश और धर्म-कर्म की प्राप्ति करता है।

यदि जन्म लग्न और वर्ष लग्न एक ही हो जाए तो उस वर्ष में कर्म का उदय हो और जातक का बाहुबल बढ़े तथा यश-सम्मान मिले।

यदि छठे, आठवें भाव का स्वामी बारहवें भाव में स्थित हो अथवा शनि एवं क्रूर ग्रहों से युक्त हो तो उस वर्ष का अरिष्ट दूर होता है। तथा अपने वर्ग का अरिष्ट होता है।

यदि मुंथा से सूर्य व मंगल पंचम स्थान में पड़े हों तो उस वर्ष में क्षेम, आरोग्य और सब अरिष्ट नाश होते हैं।

यदि वर्ष लग्नेश सप्तम भाव में हों और सप्तमेश लग्न में हो तो उस वर्ष अर्थ की सिद्धि होकर अरिष्ट दूर होता है।

यदि सूर्य नवम अथवा दशम भाव में शुभ ग्रहों से युक्त हो तो धन का लाभ तथा अरिष्ट दूर होता है।

सन्तान योगः-

गुरु जन्म कुण्डली में जिस राशि में हो, वर्ष में वह राशि यदि पंचम भाव में हो अथवा उस भाव में वर्षपति या बुध वा मंगल हो तो पुत्र की प्राप्ति हो।

यदि चन्द्र मुंथा सहित पंचम भाव में हो और पंचमेश भी पंचम भाव में हो अथवा पंचमेश बलवान हो तो उस वर्ष पुत्र हो।

नेत्र रोगः-

शुक्र लग्न में अथवा बारहवें सूर्य, मंगल सहित हो तो वर्ष में नेत्र रोग होता है।

यदि पाप ग्रह द्वितीय, द्वादश लग्न व सप्तम भाव में हो और इन शुभ ग्रहों की दृष्टि न हो ते अंध रोग होगा।

नौकरी से निलम्बित होने का योगः-

वर्ष कुण्डली में दशम स्थान का स्वामी नीच होकर अष्टम स्थान में पड़े या कर्म स्थान में पाप ग्रह स्थित हो तो जातक नौकरी से अपदस्थ होता है और सुख का नाश होता है। वर्ष कुण्डली में अष्टम भाव का मालिक दशम स्थान में स्थित हो और दशमेश अष्टम भाव में क्रूर ग्रह युक्त अथवा वीक्षित हो तो भी नौकरी छूटने का डर रहता है तथा धन का नाश होता है।

अशुभ योगः-

यदि मुंथापति वर्ष लग्नेश के साथ अष्टम भाव में स्थित हो तो मृत्यु तुल्य कष्ट देता है, जननेन्द्रिय पीड़ा, रुधिर प्रकोप, कंठावरोध उत्पन्न करता है।

यदि राहु सप्तम भाव में मंगल, चन्द्रमा और सप्तमेश सहित स्थित हो तो वर्ष में स्त्री को मृत्यु-तुल्य कष्ट देते हैं।

चतुर्थ भाव का स्वामी यदि छठे, आठवें, बारहवें भाव में पाप ग्रह युक्त हो, लग्न और चतुर्थ भाव क्रूर ग्रह युक्त अथवा वीक्षित हो तो उस वर्ष में माता का क्षय, अनेक रोग होते हैं।

मुंथापति यदि अष्टम भाव में हो और मुंथा छठे घर में हो तो स्त्री के अगं में पीड़ा, उदर में गुल्मादि रोग तथा अरिष्ट हो।

यदि सप्तमेश, शनि के साथ बारहवें भाव में स्थित हो तो उस वर्ष में कसत्र पीड़ा करे, लोकापवाद, स्वजनों में वैर, सन्तान पीड़ा, मन में व्यग्रता हो।

यदि अष्टमेश, छठे भाव में स्थित हो और चन्द्रमा क्रूर ग्रह युक्त हो अथवा क्रूर ग्रह उसे देखते हों और उस पर बृहस्पति की दृष्टि न हो तो मनुष्य यमलोक को गमन करता है।

यदि अष्टमेश केन्द्र में हो, लग्नेश बारहवें या छठे भाव में हो, चन्द्रमा पाप युक्त अष्टम में हो तो उस वर्ष मृत्यु-तुल्य कष्ट होता है।

यदि सूर्य सप्तम भाव में हो और शनि उसके साथ हो, वा रन्ध्रेश शनि युक्त हो तो उस वर्ष में सम्पूर्ण धन का नाश हो।

यदि चन्द्रमा केतु युक्त होकर अष्टम भाव में हो तो उस वर्ष मृत्यु-तुल्य कष्ट हो तथा स्त्री का वियोग हो।

यदि गुरु, चन्द्रमा सहित अष्टम भाव में स्थित हो और शनि सहित मुंथा हो तो उस वर्ष मृत्यु-तुल्य कष्ट हो।

वर्ष कुण्डली में यदि शनि मेष अथवा वृश्चिक में हो और मंगल सप्तम स्थान में पाप ग्रह से युक्त हो तो कलत्र नाश और धन हानि हो।

यदि सप्तम स्थान में पाप ग्रह हो, अष्टम में शुक्र और चन्द्र हो तो वर्ष में रोग से पीड़ा हो।

छठे, आठवें लग्नेश हो और मंगल, चन्द्रमा अष्टम भाव में हो तो उस वर्ष विष अथवा दुर्घटना से पीड़ा हो।

यदि लग्न में पाप ग्रह के साथ अष्टमेश स्थित हो और लग्नेश चन्द्र सहित अष्टम भाव में स्थित हो तो उस वर्ष रोग शोकादि से शरीर क्षय हो।

यदि अष्टम भाव में गुरु पापयुक्त हो, चन्द्रमा बारहवें शनि युक्त हो तो उस वर्ष राज्याधिकारियों से दंड अथवा पीड़ा हो।

यदि मुंथा अष्टम हो, अष्टमेश रवि मंगल से युक्त हो तो मनुष्य का कफ पित्त रोगों से शरीर नष्ट हो।

चतुर्थ भाव में शनि, दशम भाव में मंगल हो, द्वितीयेश नीच राशि का होकर अस्त हो गया हो तो माता-पिता का अवश्य क्षय हो।

दूसरे, बारहवें, पहले, सातवें भाव में पाप ग्रह हो और शुभ ग्रहों की उन पर दृष्टि न हो तो जातक अवश्य अन्धा हो जाता है।

अष्टमेश लग्न में हो और लग्नेश अष्टम भाव में हो तो उस वर्ष में अरिष्ट हो, धन, स्त्री, कुटुम्ब में कष्ट हो।

वर्ष लग्नपति तथा अष्टमेश चतुर्थ अथवा अष्टम भाव में हो, उसी स्थान में मुंथा हो तो उस वर्ष मृत्यु-तुल्य कष्ट हो। लग्न, सप्तम, अष्टम में यदि पाप ग्रह हो तो उस वर्ष में चोर, अग्नि, शस्त्र से भय हो।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ग्रह-शील-चक्र

ग्रह चिन्ह	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
पर्याय	हेलि	ग्लौ, शीत रश्मि	आर, वक्र भू-सुत	ज्ञ, इंदु-पुत्र विद्, बोधन	जीव,अंगि सुरगुरुइज्य	भृगु, भृगुसुत सितदे, गुरु	कोण, मद सूर्य-पुत्र	तम, अगु, असुर	शिखी
शुभ, पाप	उग्र	शुभ, क्षीण चन्द्र पाप	क्रूर	शुभ, पाप युक्त पाप	शुभ	शुभ	अति पाप	पाप	पाप
देवता	अग्नि	वरुण	स्कन्द	विष्णु	इन्द्र	इन्द्राणी	ब्रह्मा	वायु	आकाश
काल-पुरुष अंग	आत्मा	मन	सत्व, शौर्य	वाणी	ज्ञान-सुख	काम-सुख	दुःख	मृति	स्थिति
पुरुषादि लिंग	पुरुष	स्त्री	पुरुष	नपुंसक	पुरुष	स्त्री	नपुंसक	पुरुष	पुरुष
वर्ण	क्षत्रिय	वैश्य	क्षत्रिय	वैश्य, शूद्र	ब्राह्मण	ब्राह्मण	अंत्यज	शूद्र	संकर
आकार	चतुरस्र	वर्तुल	चतुष्कोण	वृत्त	वृत्त	दीर्घ	दीर्घ	दीर्घ	पुच्छ
स्वभाव	स्थिर	चंचल	उग्र	मिश्र	मृदु	लघु	अतितीक्ष्ण	.....	.....
स्थान	पर्वत	जलचर	पर्वत, वनचर	विद्वानों से युक्तग्रा.चर	विद्वानों से युक्तग्रा.चर	जलचर	पर्वत, वनचर	पर्वत, वनचर	पर्वत, वनचर
काल	अयन	क्षण मुहूर्त	दिन	ऋतु	मास	पक्ष	वर्ष	.....	.....
दिशा, कोण	पूर्व	वायव्य	दक्षिण	उत्तर	ईशान	अग्नि	पश्चिम	नैऋत्य	सर्वदिशा
ग्रह-शांति में दिशा	मध्य	अग्नि	दक्षिण	ईशान	उत्तर	पूर्व	पश्चिम	नैऋत्य	वायव्य
राजादि पदवी	राजा	राजरानी	सेनापति	युवराज	मंत्री	गुप्त मंत्री	प्रेष्य दूत	सेवक	परिचारक
वय-वर्ष अवस्था	प्रौढ़ (५०)	युवा	तरुण	कुमार	युवा(३०)	किशोर	वृद्ध(१००)	अतिवृद्ध	अतिवृद्ध
रंग	पाटल	गौर	रक्तगौर	दूर्वाश्याम	गौर-पीत	श्वेत-श्याम	नील	कृष्ण	धूम्र
माणिक्य-नवरत्न वर्ग के अंतर्गत आनेवाले रत्नों में प्रथम सथान माणिक्य का है। यह सूर्य ग्रह का अनुकूल रत्न है। यह विश्व के समस्त रत्नों में सर्वाधिक सुन्दर, मूल्यवान, प्रभावशाली, अबोध, दुर्लभ रत्न है। यह गुलाबी रंग का चिकना, चमकदार, पारदर्शी रत्न है। यह हल्का लाल, गुलाबी अथवा अनारफल दाने के सामान होता है। इसमे बरबस ही लाल रंग की किरणें प्रस्फूटित होती रहती है। यह दुर्लभ रत्न भारत के किसी भी भू-भाग में प्राप्त नहीं होता। इस रत्न के अभाव में आमजन माणिक्य स्टार धारण करते हैं। सर्वश्रेष्ठ माणिक्य बर्मा और श्रीलंका में प्राप्त होते हैं। हम मुख्य रत्न माणिक्य संबंधी कुछ तथ्य प्रस्तुत कर रहे हैं। इससे यह बात स्पष्ट हो जायगी कि ज्योतिष के अनुसार माणिक्य का लग्नगत प्रभाव कैसा होता है? अर्थात् यदि कोई व्यक्ति माणिक्य धारण करता है तो लग्न भेद से उसपर क्या प्रभाव पड़ेगा? **मेष लग्न** वाले स्त्री-पुरुष का जन्म पत्रिका में सूर्य कहां, किस भाव में हैं और आसपास के ग्रहों की स्थिति कैसी है? यह जान लेने से माणिक्य धारण करने का प्रभाव निश्चित हो जाएगा। प्रायः देखा गया है कि इस लग्न वाले जातकों की जन्म पत्रिका में सूर्य की स्थिति शुभकारक माना जाता है। अतः यह रत्न धारण करने से विद्या-बुद्धि का विकास, प्रतियोगिता में सफलता, संतान सुख, अध्यात्म में अनुराग एवं सुख-शांति-समृद्धि प्राप्त होती है। **वृष लग्न**-इस लग्न मे सूर्य चौथे भाव का स्वामी होता है। इस दृष्टि से सूर्य इस लग्न में शुभ प्रभाव क्षीण हो सकता है। वैसी स्थिति में मेरे समझ से यह रत्न इस लग्न के जातक को धारण नहीं करना चाहिए। **मिथुन**-इस लग्न मे सूर्य तृतीय भाव का स्वामी होता है। अतः इस लग्न के जातक को यह रत्न धारण करना शुभकारक नहीं होता। ऐसी स्थिति में इस रत्न को धारण करने से चोट-चपेट, मानसिक अशांति, धन-हानि आदि की आशंका रहती है। **कर्क**-इस लग्न वाले जातकों के लिए यह रत्न बहुत लाभकारी होता है। इसे धारण करने से धनाभाव, नेत्र कष्ट दूर होकर सुख-शांति एवं शिक्षा-परीक्षा में सफलता प्राप्त होती है। **सिंह**-सूर्य लग्नेश है। अतः इस लग्न के लिए यह रत्न अत्यंत शुभ फलदायक होता है। यदि इस लग्न वाले यह रत्न धारण करें तो उन्हें आजीवन अनुकूल परिस्थितियों में रहने का गौरव प्राप्त होता है। **कन्या**-इसमें सूर्य द्वादश का स्वामी होता है। इस लग्न के जातक को यह रत्न कभी धारण नहीं करना चाहिए। अन्यथा लाभ की जगह हानि की आशंका बनी रहती है। क्योंकि इस लग्न में सूर्य स्थिति प्रतिकूल होती है। **तुला**-इस लग्न में सूर्य एकादश भाव का स्वामी होता है। फिर भी सूर्य और शुक्र आपस में वैरभाव रखते हैं। अतः यह रत्न मेरे समझ से धारण नहीं करना चाहिए। **वृश्चिक**-इस लग्न में सूर्य दशम का स्वामी होता है। इस लग्न में सूर्य लग्नेश का मित्र होता है। अतः राज्यकृपा, मान-सम्मान, नौकरी, व्यापार में लाभ प्राप्ति के लिए यह रत्न लाभकारी है। **धनु**-इस लग्न में सूर्य नवम भाव का स्वामी होता है। और यहां भी वह लग्नेश का मित्र होता है। अतः इस लग्न के जातक यह रत्न धारण करे तो भाग्योन्नति तथा माता-पिता के सुख, उच्च पद की प्राप्ति होती है। मानसिक संयम शांति के लिए यह रत्न विशेष लाभकारी माना जाता है। **मकर**-इस लग्न की कुण्डली में कुछ ऐसी विरोधी स्थिति में होती है कि सूर्य ग्रह का लाभ जातक को नहीं मिलता। ऐसी स्थिति में यह रत्न धारण करने से कोई लाभ प्राप्त नहीं होता। **कुंभ**-मकर लग्न की भांति इस लग्न में भी सूर्य के प्रतिकूल होते हैं। ऐसी स्थिति में यह रत्न धारण करना हानिप्रद हो सकता है। **मीन**-इस लग्न में माणिक्य धारण करना लाभदायक नहीं होगा। क्योंकि इस लग्न में सूर्य षष्ट भाव का स्वामी होता है। इस लग्न में एक अपवाद हो सकता है। क्योंकि सूर्य लग्नेश वृहस्पति का मित्र है। अतः यह षष्ठ का स्वामी होकर षष्ट भाव में ही स्थित हो तो केवल सूर्य दशा में यह रत्न धारण किया जा सकता है।

माणिक्य के साथ हीरा, नीलम और गोमेद धारण करना निषेध है। यह रत्न कम से कम तीन रती का हो। इसे सोना में जड़वाकर अनामिका अंगुली में रविवार को धारणीय है।

मोती-यह चन्द्रग्रह का अनुकूल रत्न है। यह समुद्र के सीप नामक जलीय जन्तु के गर्भ से प्राप्त होता है। यह सफेद सूची कंकड़ गोल अपारदर्शी रत्न है। यह रत्न प्रायः मनमोहक होता है। यह रत्न शरीर की व्याधियों से मुक्ति पाने के लिए, मोक्ष प्राप्ति के लिए तथा मानसिक रोग, पाचन तंत्र की गड़बड़ी एवं धर्म, अर्थ और दाम्पत्य जीवन सुखी बनाने के लिए यह रत्न परम लाभकारी माना गया है। यदि जन्म पत्रिका में सूर्य तथा चन्द्रमा एक साथ युक्ति करे या सूर्य से एक राशि आगे पीछे चन्द्रमा होता है ऐसे स्थिति में यह रत्न धारण करना लाभकारी हो सकता है। दूसरे भाव का स्वामी अगर चन्द्र हो और इस जन्म पत्रिका में कहीं पर चन्द्र विचरण कर रहा हो तो भी यह रत्न धारण किया जा सकता है। यदि चन्द्रमा अपनी राशि के छठे, आठवे या बारहवे भाव में हो तो मेरे समझ से मोती नहीं धारण करना चाहिए। इसे धारण करने से विभिन्न प्रकार के मानसिक रोग होने की आशंका रहती है। चन्द्रमा पंचमेश होकर बारहवे भाव में हो तो भी यह रत्न धारण नहीं करना चाहि॥ अथवा पुत्र सुख में बाधा तथा पैतृक संपत्ति की हानि तथा मदिरापान करने की आदत पड़ जाती है। यदि चन्द्रमा पर राहु या केतु या मंगल की दृष्टि हो तो यह रत्न धारण किया जा सकता है। यदि चन्द्रमा के साथ राहु या केतु युति कर रहा हो तो गोमेद के साथ या लहसुनिया रत्न के साथ मोती धारण किया जा सकता है। परन्तु ध्यान रखें कि षष्ठ और अष्टम व द्वितीया भाव में यह योग न बन रहा हो, अन्यथा लाभ की जगह हानि की आशंका होता है।

मेष लग्न, कर्क लग्न, तुला लग्न, वृश्चिक लग्न, मीन लग्न के जातक यह रत्न धारण करे तो संतान सुख, विद्या, बुद्धि का लाभ तथा यश, मान, सुख समृद्धि एवं मानसिक सुख प्राप्त होता है। वृष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर, कुंभ लग्न वाले जातक यह रत्न कभी धारण न करें। यह कम से कम चार रती का हो। इसे सोना या चांदी में जड़वाकर सोमवार को धारणीय है।

मूंगा-यह मंगल ग्रह रत्न है। यह भी समुद्र की गर्भ से ही प्राप्त होता है। कोरल नामक जलीय जन्तु के अस्थि कंकाल है। यह लाल रंग का चिकना ठोस रत्न है। यह कभी-कभी सफेद रंग में भी प्राप्त होता है। यह औसत से अधिक भारी होता है। जो लोग नान प्रकार की मनोव्याधि से ग्रस्त हो बार-बार चोट-चपेट, दुर्घटना, विवाह संपादन में बाधा, दाम्पत्य सुख का अभाव के स्थिति में यह रत्न लाभकारी माना गयर है। जन्म-पत्रिका में मंगल पहले, चौथे, सातवें, आठवें और बारहवें भाव में विराजमान हो तो यह रत्न धारण अवश्य करना चाहिए। दाम्पत्य सुख में बाधा या जीवन साथी के रोगाग्रस्त स्थिति दिख पड़े तो यह रत्न अवश्य धारण करें। मेष लग्न, कर्क लग्न, सिंह लग्न, वृश्चिक लग्न, धनु लग्न, मीन लग्न के जातक यह रत्न धारण करे तो भूमि-भवन का लाभ प्रशासनिक सेवा में पद वृद्धि, दाम्पत्य सुख, वंश वैभव की प्राप्ति तथा आरोग्य सुख प्राप्त होता है। शेष लग्न वाले जातक यह रत्न नहीं धारण करें तो अच्छा है। यह कम से कम छः रती का हो। इसे चांदी या सोना में जड़वाकर मंगलवार को धारणीय है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

पन्ना-यह बुध ग्रह का रत्न है। नीम की पत्ती से मिलते-जुलते विशुद्ध हरे रंग का चिकना, चमकदार, पारदर्शी रत्न है। भारत में यह रत्न प्राप्त होता है। वैसे विश्व के अनेक राष्ट्रों में भी यह रत्न प्राप्त होता है। स्वच्छ और हरी आशा प्रसारित करने वाला निर्दोश पन्ना सुन्दर, प्रभावी और मूल्यवान पत्थर होती है। इसमें मादक भाव उत्पन्न करने की अद्भुत क्षमता होती है। हरे मखमली, अनुपम, मनमोहक, रंग से पन्ना बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करता है। यह जन्म-पत्रिका में एक, चार, सात, नव, दश और एकादश भाव में विराजमान हो तो यह रत्न धारण किया जा सकता है। दूसरा, छठा, आठवां और बारहवा भाव में हो तो इसे धारण करने से लीवर, सुरायसीस, प्लीहा, गैस बनना, अफरा तथा धन-हानि कार्य, पेशा में गलत मूल्यांकन से हानि होने की आशंका रहती है। मिथुन, कन्या, तुला, कुंभ लग्न वाले जातक यह रत्न धारण करे तो आर्थिक लाभ, नौकरी व्यापार में उन्नति तथा मानसिक सुख प्राप्त होता है। शेष लग्न वाले जातक यह रत्न कदापि न धारण करें। अन्यथा लाभ की जगह हानि की आशंका होती है। यह कम से कम पांच रती का हो। इसे चांदी या सोने में जड़वाकर कनिष्ठा अंगुली में बुधवार को धारणीय है।

पुखराज-यह बृहस्पति ग्रह का रत्न है। सामान्यत: यह पीले रंग का होता है। किन्तु अपवाद स्वरूप सफेद, गुलाबी रंग में भी कभी-कभी प्राप्त होता है। यह चिकना, चमकदार, वजनदार, हल्का पीला, गहरा पीला और जर्द रंग में भी प्राप्त होता है। इसकी गणना अतिमूल्यवान, दुर्लभ, सुन्दर और प्रभावशाली रत्नों में होती है। दाम्पत्य जीवन में बाधा, विवाह योग्य वर-कन्या के लिए, पारिवारिक दात्पत्य सुख, शीघ्र विवाह संपादन, धर्म, अध्यात्म में रूचि तथा नौकरी व्यापार में धन प्राप्ति के लिए यह रत्न परम लाभकारी माना जाता है। यह जन्म पत्रिका में एक, चार, सात, नव, दश भाव में विराजमान है। तथा धनु, मीन, कर्क, सिंह राशि हो तो यह रत्न धारण किया जा सकता है। मेष लग्न, कर्क लग्न, सिंह लग्न, वृश्चिक लग्न, धनु लग्न, मीन लग्न के जातक यह रत्न धारण कर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण कर सकते हैं। शेष लग्न वाले यह रत्न धारण न करें। जन्म पत्रिका में बृहस्पति अस्त हो तो अवश्य ही यह रत्न धारण करें। यह कम से कम पांच रती का हो। इसे सोना में जड़वाकर गुरुवार को धारणीय है। अच्छा होगा कि गुरुवार को जब पुष्य नक्षत्र पड़े तो यह रत्न धारण करना परम लाभकारी होता है। उच्च पदाधिकारी, मठाधीश, न्यायाधीश लोगों के लिए यह रत्न बहुत लाभकारी माना जाता है।

हीरा-यह शुक्र ग्रह का रत्न है। यह रत्नराज है। सर्वाधिक मूल्यवान, कठोर, दीर्घजीवी, प्रभासंपन्न, अद्भुत गुणों से युक्त और रत्नों के राजा माना गया है। वैसे यह जन-सामान्य की पहुंच से बाहर है। धनी वर्ग ही इसे खरीद सकते हैं। अपनी चमक शोभा के लिए यह रत्न विश्व विख्यात है। यह चिकना, चमकदार, पारदर्शी रत्न है। इस रत्न से सदैव नवरंग किरणें प्रस्फूटित होती रहती है। यह प्रकाश को शोषित कर स्वयं चमकता है। इस हीरे के विषय में यह विश्वास प्रचलित है कि सौभाग्य, शांति और समृद्धि देने में यह रत्न बहुत प्रभावशाली है। वैवाहिक जीवन बाधाएं, विसंगतिय और अन्य विरोधी व्याघाती का समन करके पुरुष सुखी दाम्पत्य जीवन देने में यह रत्न सर्वाधिक प्रभावशाली माना जाता है। दाम्पत्य सुख की प्राप्ति के लिए इससे बढ़कर कोई रत्न नहीं है। यह रत्न कोई भी स्त्री-पुरुष धारण कर सकता है। ग्रह की स्थिति में शुक्र जन्म पत्रिका में दूसरा, तीसरा, छठवा, सातवा और आठवा छोड़कर कहीं भी हो तो यह रत्न धारण किया जा सकता है। शुक्र एक मारक ग्रह है। इसका प्रतिकूलता घातक हो सकता है। अत: सोच विचार कर निर्णय लेना चाहिए। वृष, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, कुंभ लग्न हो तो यह रत्न धारण किया जा सकता है। जन्म राशि वृष, तुला, मिथुन, कन्या हो तो भी यह रत्न धारणीय है। शेष लग्न वाले जातक यह रत्न कदापि न धारण करें। यह कम से कम डेढ़ रती का हो। इसे सोना में जड़वाकर तर्जनी अंगुली में शुक्रवार को धारणीय है।

नीलम-यह शनि ग्रह का रत्न है। यह नीले रंग का पारदर्शी और मूल्यवान रत्न है। यह चिकना, चमकदार, पारदर्शी और नीलवर्णीय प्रकाश पुंज का उत्सर्जक होता है। प्रभाव की दृष्टि से यह रत्न सबसे कम समय में अपना चमत्कार दिखा देता है। घातक और मारक भी होता है। अत: इस रत्न का चुनाव काफी सोच-विचारकर करना चाहिए। जन्म पत्रिका में शनि नीच राशि का कहीं भी हो तो यह रत्न धारण न करें। सम्पूर्ण ग्रह स्थितियों पर विचार करके ही इस रत्न का चयन करना चाहिए। अन्यथा लाभ की जगह हानि की आशंका बनी रहती है। जन्म राशि मकर, कुंभ, तुला, वृष, मिथुन हो तो यह रत्न धारणीय है। जन्म लग्न वृष, तुला, मकर, कुंभ हो तो यह रत्न धारणीय है। शेष लग्न वाले जातक यह रत्न धारण न करें। यह कम से कम पांच रती का हो। दसे चांदी में जड़वाकर शनिवार को संध्या के समय धारणीय है।

गोमेद-यह राहु ग्रह का रत्न है। सामान्यत: यह रत्न गोमेद नाम से प्रचलित है। इसका रंग गहरा कथाई साथ ही मधु कमे रंग का चिकना, चमकदार, पारदर्शी रत्न है। यह भारत के सभी भू-भागों में प्राप्त होता है। यह प्रभावशाली रत्न है। धारक को धारण करने से पूर्व अपनी जन्म पत्रिका में स्थित ग्रहों का किसी जानकार ज्योतिषी से विचार करा लेना चाहिए। यह सब बातें समझ करके तदनुसार ही यह रत्न धारण करना चाहिए। अन्यथा विपरीत स्थिति में अनुकूल रत्न भी प्रतिकूल फल देकर कष्टप्रद हो जाते हैं। इधर कुछ दिनों से इस रत्न का प्रचार-प्रसार बहुत बढ़ गया है। चूंकि सभी का जीवन समस्याग्रस्त है और इसे समस्या निवारक माना गया है। अत: सस्ता, शुलभ देखकर लोग इसे धारण कर लेते हैं। परन्तु वांछित लाभ उन्हीं को प्राप्त होता है जिनका ग्रह स्थिति इस रत्न के प्रभाव से मेल खाती है। जिस जातक को बवासीर, भगन्दर, पेट में गैस का शिकायत हो उसे यह रत्न धारण करना चाहिए। यह कम से कम सात रती का हो। इसे चांदी में जड़वाकर शनिवार को मध्यमा अंगुली में धारणीय है।

लहसूनिया-यह केतु ग्रह का रत्न है। विड़लाक्ष (लहसूनिया) से भिन्न-भिन्न रंगों का प्रदर्शन अलंकार में बाद को तीकपूर्ण होता है। रत्न में जो चमक होती है। वह बिल्ली आंखों की चमक के समान होती है। इसमें रेशम के समान धुति तथा हरा रंग होता है। केबीकोन काट से काटे जाने पर प्रकाश एक रेखा या पट्टी में केन्द्रीत होता दिखाई पड़ता है। धुमाने पर प्रकाश की रेखा जो एक सूत्र के समान लगती है। यह हरे, पीले और धूरे रंग में प्राप्त होता है। यह भारत, बर्मा, लंका आदि राष्ट्रों में प्राप्त होता है। जो जातक बार-बार जेल यात्रा करते हैं। कानूनी विवाद में फंसते हैं। बार-बार धन हानि होती है। किसी मुकदमें में सजा होने की आशंका हो तो यह रत्न धारण करने से इस वाद-विवाद में विजय प्राप्त होती है। यह कम से कम पांच रती का हो। इसे चांदी या सोना में जड़वाकर कनिष्ठा अंगुली में या मध्यमा में शनिवार को धारणीय है।

नवरत्न-(लॉकेट या नवग्रह माला)-कुछ स्त्री-पुरुष ग्रहीय प्रभाव से लाभ उठाने के लिए नवरत्नों की अंगुठी, लॉकेट अथवा नवग्रह माला धारण करते हैं। ऐसे स्थिति में रत्न जड़ाते समस उनके क्रम पर ध्यान देना चाहिए। क्रम विरुद्ध रत्न हानिकारक हो जाते हैं। नवरत्नों को अपने धारणीय आभूषण, जॉकेट, अंगुठी या माला में क्रम से जड़ाना चाहिए। प्रथम पन्ना, दूसरा हीरा, तीसरा मोती, चौथा पुखराज, पाचवां माणिक्य, छठवा मूंगा, सातवां लहसूनियां, आठवां नीलम, नवा गोमेद जड़वाना चाहिए। प्रथम पंक्ति में बुध-शुक्र-चंद्रमा, द्वितीय पंक्ति में बृहस्पति-सूर्य-मंगल और तृतीय पंक्ति में केतु-शनि-राहु ग्रहों की उपस्थिति मानकर उनसे संबंधित रत्न जोड़े जाते हैं। यह भी ध्यान देने की बात है-नवरत्न जड़ीत आभूषण तभी लाभकारी होता है, जब उसमें नियमानुसार उचित भार के रत्न लगाएं गये हों। ग्रहों की जप, प्राण-प्रतिष्ठा आदि सविधिपूर्वक किया गया हो। जिस व्यक्ति को अपने जन्म राशि का ज्ञान न हो, ग्रहों की स्थिति ऐसा हो कि उपयुक्त रत्नों का चयन करने में कठिनाई हो तो यह रत्न धारण कराया जा सकता है। यह लॉकेट, चांदी, सोना आदि में बनाया जाता है। यदि कुण्डली में शुभ ग्रह उच्च, स्वराशि या शुभ भाव स्थित हो तो नवरत्न धारण करने और अधिक शुभफल दायक बन जाते हैं। यह नवरत्न कोई स्त्री-पुरुष धारण कर सकते हैं। इसे धारण करने से शारीरिक, मानसिक, आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। शिक्षा-परीक्षा में सफलता, नौकरी-व्यापार में लाभ तथा विवाह संपादन में बाधा हो तो इसे धारण करके तत्काल सफलता मिलती है। ऐसे भी नवरत्न धारण करने से सुख-संपदा, सौभाग्य, धन, यश, मान, प्रतिष्ठा, संतान सुख, पारिवारिक सुख, दाम्पत्य जीवन में मधुरता तथा प्रतियोगिता में शीघ्र सफलता एवं कठिन से कठिन रोगों का प्रतिकार होता है। मूल्य की दृष्टि से नवरत्न लॉकेट, अंगुठी या नवग्रह माला पांच सौ रुपये से लेकर सात-आठ हजार रुपये मूल्य का प्राप्त हो जाता है। यह ध्यान रखें कि कोई भी रत्न लॉकेट कोई विशेष प्रतिष्ठान से ही खरीदें, जो प्राण-प्रतिष्ठा युक्त हो अन्यथा असली के नाम पर नकली सामग्री धारण कर लाभ की जगह हानि ही प्राप्त होती है।

लेखक -आचार्य पंडित टुनटुन शास्त्री,
ग्राम-करौन्दी, पोस्ट-सरांव (नटवार)
जिला-रोहतास (बिहार)-८०२२१८.
फोन- ०६१८५-२४६४८०,२४६३१७.
मो. ०९४३१४८६२१६

लेख पोरसा वालो के पृष्ठ १२ का शेष
CC-0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

भाव बन सकते हैं। सोना Gold २९-१०-२००५ को करीब ७००० (सात

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

लेख पोरसा वालों के पृष्ठ १२ का शेष

सरसों-अरण्ड-सोयाबीन तैल तेजी-मंदी

परिलेखकर्ता-मनीष कुमार जैन पोरसा वाले C/o प्रेमचन्द्र जैन पोरसा वाले,
लाईट मशीनरी ठाठीपुर, ग्वालियर (म.प्र.) ४७४०११ फोन- ०७५१ पी.पी.५०४०३८९ व ५५३२०६२

(१) ५ दिसम्बर ०५ से १५ दिसम्बर ०५ तक फली तैल ५५ की मंदी तो २३-१२-०५ तक सरसों, बिनौला तेजी तो ३१ दिसम्बर ०५ तक तैलों में मंदी तो १ से १४ जनवरी अरण्ड, अलसी में अस्थायी तेजी तो २९ जनवरी तक तैलों में भयंकर मंदी आने की संभावना है। व्यापार में कभी भी जिम्मेदारी नहीं होगी। दान-धर्म-पुण्य करते रहें।

(२) ३ फरवरी ०६ से १४ फरवरी तक तैलों में एकदम तेजी तो १६ फरवरी तक मंदी अथवा ये मंदी ५ मार्च २००६ तक चल सकती है। ७ मार्च ०६ से ९ अप्रैल ०६ तक अरण्ड, तिल ७५ तेज। मसूर, सरसों १६१ तेज। बिनौला तैल में भारी तेजी आ सकती है। १५ अप्रैल से ३ मई तक तैलों में भारी मंदी तो ३ मई से १५ मई तक तेजी तो २७ मई तक मंदी आ सकती है। अथवा ५ से १७ मई के बीच तैलों में भारी मंदी आ सकती है।

(३) ५ या ११ जून ०६ से २३ जून तक तैल, सरसों, अरण्ड में अच्छी तेजी आ सकती है। २५ जून से ३ जुलाई तक मंदी। ०३ से १५ जुला.०६ तक अच्छी तेजी। १५ जुलाई से ३ अगस्त तक भारी मंदी चल सकती है।

(४) ३ अगस्त ०६ से १९ अगस्त तक तैलों में घटबढ़ से तेजी। १९ से २५ अगस्त तक मंदी। २५ अगस्त से ११ सितम्बर के बीच तैलों में अच्छी तेजी तो २४ सितम्बर तक मंदी आ सकती है।

(५) १-१०-०६ से १८-१०-०६ तक तैलों में मंदी तो २१-१०-०६ से ५ दिसम्बर ०६ तक घटबढ़ से तैलों में अच्छी तेजी आ सकती है। ५ दिसम्बर से ११ दिसम्बर तक मंदी तो २९ दिसम्बर तक तेजी आ सकती है।

(६) ३ जनवरी २००७ से ७ फरवरी तक तैल में भारी मंदी, तो २१ फरवरी तक तेजी आ सकती है। २१-२-२००७ से ११ मार्च २००७ तक मंदी। ११ मार्च २००७ से १५ अप्रैल २००७ तक सरसों, बिनौला, अरण्ड, चना, मसूर, जीरा, धनिया में भारी तेजी आ सकती है।

व्यापार के घटबढ़ में पांच का आंकड़ा बड़ा मतलब रखता है। सन् १९४५ में भयंकर मंदी, सन् १९५५-१९६५-१९७५-१९८५-१९९५-२००५ में भयंकर मंदी के रहे। व्यापार सरसों, रुई, गुवार में सन् १९७५, सन् २००५ भयंकर मंदी के रहे। वैसे सन् २००५ में सब व्यापार ठप्प से हो गए। सन् २००६-२००७ में कुछ व्यापारिक वस्तुओं में अच्छी तेजी चलने से व्यापार मोटों में कुछ गैनक लौटने की उम्मीद है। जिससे व्यापारियों को व्यापार सावधानी से करने पर लाभ मिल सकता है। लहसुन नीचे में ५-७ रूपये प्रति किलो, २ साल में ४५-७५ बिक सकता है। उड़द जो पिछले वर्ष५ में १५१६ था वो आगे कभी ३१००-३५०७ बिककर फिर १५-१२ रह सकता है। व्यापार में कोई गारण्टी नहीं। ग्राफीकल सदस्य बनकर ताजी सलाह मंगावें। सन् २००६-२००७ में पानी वर्षा जोरदार होने की आशा है।

चांदी-सोना तेजी-मंदी

(१) २१-११-२००५ से २१-२-२००६ तक के बीच कभी चांदी में ७७७ तेज तो सोना ३९९ की तेजी आवे तो बाद में जोरदार मंदी आवेगी। १६ अप्रैल २००६ से २५ मई तक चांदी में कोई लाइन तो २७ जून २००६ तक चांदी में भयंकर मंदी तो बाद में तेजी आवेगी। ७ ७-२००६ से १-११-२००६ तक चांदी में घटबढ़ से अच्छी तेजी, बीच-बीच में ७-१५ की जोरदार मंदी के झटके लगते रहने की संभावना है।

(२) ५ दिसम्बर ०६ से २१ जनवरी ०७ तक चांदी, सोना में भारी मंदी आ सकती है। २१ मई २००६ Lo2 या High होने का Period है।

नोट:-यदि बाजार घटकर Lowest बना है तो आगे २५ दिन तेजी का व्यापार करें। चांदी जो अक्टूबर २००५ में ११५५१ के आसपास भाव चल रहे हैं वो २९ मई २००६ या २७ जून तक चांदी ७५७९ या ७००० के स्तर छू सकती है। और चांदी ७ दिसम्बर २००६ के मध्य पुनः १०९९९-९२७७ के भाव टच कर सकते हैं। ३० मार्च २००७ तक चांदी घटकर ६५७५ के नीचे भाव बन सकते हैं। सोना Gold २९-१०-२००५ को करीब ७००० (सात हजार रूपये प्रति दस ग्राम) वो २७ मई २००६ तक घटकर ६६०५ के भाव रह सकते हैं। व्यापार में जिम्मेदारी कभी नहीं होगी। सोना २१ अगस्त २००६ तक ६५०० से ७३७७ के ऊंचे भाव बन सकते हैं। १८ जनवरी २००७ तक सोना Gold में भारी तेजी, पुनः ६९०० रूपये प्रति १० ग्राम के भाव हो सकते हैं।

खास नोट:- मीन-कन्या-कर्क राशि वालों का समय ठीक नहीं है। अथवा जिनका जन्म मार्च-सितम्बर के महीने में अथवा जिनकी आयु सवा ३६ वर्ष, साढ़े ४६ वर्ष, पौने ५६ वर्ष चल रही हो, वो सन् २००६-०७ में जोखिम पूर्ण व्यापार न करें। सावधानी से व्यापार करें। जिनकी राशि तुला अथवा उम्र साढ़े ४७ से ४८ वर्ष, ३६ वर्ष, ५८-५९ वर्ष की आयु वालों को व्यापार में लाभकारी सिद्ध हो सकता है। सन् २००६ में गुवार, जीरा व लालमिर्च में खतरनाक घटाबढ़ी चलने की उम्मीद है।

व्यापार दिग्दर्शिका वैज्ञानिक अनुसंधान पर

१८ महीने की तेजी-मंदी गाईड लाइनें

परिलेखकर्ता:-श्रीमती चम्पादेवी जैन C/o श्री प्रेमचन्द्र जैन पोरसा वाले

पुस्तक मूल्य २०१ रूपये डाक खर्च सहित

इस तेजी-मंदी पुस्तक में सरसों, अग्हर, चना, रुई, सोना-चांदी, गुड़-चीनी, कालीमिर्च, हल्दी, शेयर्स आदि की लम्बे समय के मोटे चांस दिए गए हैं। कुछ वस्तुओं के ऊंचे-नीचे भावों के अनुमानित भाव भी पुस्तक में छापे जावेंगे। सन् २००६ से अप्रैल २००७ तक विशेष घटाबढ़ी का वर्ष है। पुस्तक की V.P.P. नहीं होगी। मनीआर्डर कूपन पर आप अपना पता स्पष्ट लिखें। मनीआर्डर ही भेजें।

➪ **श्रीमती चम्पादेवी जैन C/o श्री पी.सी.जैन पोरसा वाले**, ग्रोवर हॉस्पीटल के पीछे, इंदौर बैंक के पीछे, बागदरी चौराहा, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.) ४७४००६ फोन नं. ०७५१-पी.पी.५०४०३८९, २३४०७२२ से पता बदलने पर वहां ज्ञात कर लें। २३३४६७५, ०९८२७२५००४५ पी.पी. पोरसा वाले जैन

तेजी-मन्दी भविष्यवाणी (चमत्कार)

ब्रह्मर्षि ज्योतिषाचार्य पं. शंकरलाल गौड 'शंभूकवि' (दूरा)

संवत् २०६३ वि. चैत्र शुक्ल पक्ष-सुदी २ से एक सप्ताह के अन्दर कमलगट्टा, गुगल, लाख, धान, सिंघाड़ा, मोती, पुखराज, जूट, पाट, बारदाने, फल, फूल, नमक, काली मिर्च, चौपाये, मूंग, मसूर, उड़द, चावल, लहसुन, प्याज, लाख, चपड़ा, सब्जी, रुई में अच्छी तेजी होती है। इस मास से दो मास में पश्चिमी राष्ट्रों ईराक, ईरान में युद्ध की संभावना है। अग्निकाण्ड प्राकृतिक प्रकोप के प्रायः योग बनते हैं। सुदी १० से १५ दिन में चांदी, शेयर, सोना, ताम्बा, पीतल, रांगा में अच्छी तेजी। धान्य गेहूं, चना में कुछ सस्तापन भी आ सकता है। सुदी पक्ष में बादल चाल खण्ड वृष्टि के योग हैं।

वैशाख मास-बदी में ३ से ९ तक चाँदी, सोना में मंदी होकर एकदम तेज हो जाती है। बदी ५ से १ मास में रुई, ईख, तिल, सर्वधातुयें अकस्मात तेज हो सकती हैं। उसी दिन से १० दिन में सर्वधान्य, सर्व रस, सोना, चांदी, लोहा, पारा, रांगा, शीसा, ताम्बा, गुड़, घी, खटाई, मिर्च, नमक, ऊन, काला तिल, तीसी, रेण्डी, मेथी, लाल रंग, लाल चन्दन, इलायची, लौंग, सुपारी, नारियल, कपूर, हींग, हिंगुल पर घोर तेजी हो। बदी ७ से १० दिन में मेघ गर्जन, अतिवृष्टि, केरल, गोआ, पाण्डीचेरी में हो जाया करती है। दूध की कमी दिखलाई देती है। उपज श्रेष्ठ, चावल, उड़द, तिल, घी घर तेजी हो। बदी ८ से १५ दिन में रुई में तेजी धान्य मंदा, सुभिक्ष का संचार हो। सुदी २ से १० दिन के भीतर चावल, जौ, चना, मोठ, मसूर, तीसी पर घोर तेजी होती है। सुदी ५ से चांदी, तृण, काष्ठ, भूसा में भी तेजी हो। सुदी १० से पन्द्रह दिन में चांदी अवश्य ही तेजी पर जावे। सुदी १५ से २० दिन में गेहूँ तेज, रोगवृद्धि, वृष्टि भी होती है।

ज्येष्ठ मास-बदी २ से १५ दिन में श्वेत पुष्प, श्वेत चन्दन, कपूर, सोना, चांदी, लोहा, रांगा, पारा, शीशा, जौ, चावल, गेहूँ, मूग, मोठ, रुई, सरसों तेज हो। बदी ५ से १० दिन में सर्व धान्य पर महंगापन, चांदी तेज होकर मंदी, भैंसो पशुओं को पीड़ा होती है। उसी दिन से २० दिन में तिल, यव, उड़द, अलसी, चना, मोठ, सर्वरस, गुड़, नमक, धातु, ऊन में मंदापन होता है। बदी ५ से १ मास में चांदी १० रूपये मंदी होकर १२ रुपया तेज हो। स्वर्ण, धान्य, अफीम, कपड़ा तेज, पीड़ा, महर्घता बढ़ेगी। बदी १० से १० दिन में धान्य तेज होता है। समीपवर्ती देशों में शत्रुता, रोग की वृद्धि होती है। अमावस्या से १५ दिन में चांदी, अफीम, रक्त पदार्थ, नारियल मंदा, चना, तूवर, मोठ, धान्य में घटाबढ़ी हो सकती है। सुदी १ से १० दिन में चावल आदि धान्य, तीसी, सरसों, तेल, दाख, गुड़, खाण्ड, सुपारी, रुई, सूत, सन, वारदाना में तेजी हो। सुदी ४ से १० दिन में चांदी, अफीम में घटाबढ़ी हो सकती है। सुदी १३ से २० दिन में पश्चिमी देशों में कलह युद्ध की पूर्ण संभावना बनी रह सकती है। सुदी १० से १ मास में मूग, सब्जी, लहसुन, चावल धान्य, गुड़, ईख तेज हो। सुदी १४ से १५ दिन में सोना, चांदी, पारा, रांगा, शीशा, लोहा, पीतल, चावल, सिंघाड़ा, कवलगट्टा, नारियल, फल, सूखे मेवे, रुई, सूत, रेशम, कपड़ा, मसूर, कपूर, चन्दन सुगन्धित वस्तु, चना तेज होता है। अतः संग्रह करने वाले लाभ उठा सकते हैं। यह एक चांस है।

आषाढ़ मास-बदी १ से १० दिन में कपास, तिल, सूत, चावल, गुड़, खाण्ड पर साधारण तेजी। रुई, तूवर, सन, पाट, वारदाने आदि मंदे होंगे। बदी २ से १५

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

दिन तक चांदी, सोना, रुई में घटाबढ़ी चलकर तेजी हो सकती है। राजस्थान, मध्य प्रदेश में कहीं-कहीं अच्छी वर्षा भी होती है। बदी ६ से १५ दिन में चांदी, सोना, रुई में घटाबढ़ी हो। गेहूँ, जौ, शक्कर सर्व धातुएं तेज हों। बदी ७ से १ मास में कपास, घी, कन्दमूल, फल, तिल सभी धान्य तेज होते हैं। ८ दिन में वायु की तीव्रता तथा खण्डवृष्टि हो। तिल, गेहूँ, उड़द, मूंग, मसूर, अरहर में मंदापन हो। बदी ९ से १५ दिन में दाख, सुपारी, खाद्य पदार्थों पर मंदापन होता है। पश्चिमी राष्ट्रों में प्रकृति प्रकोप से जन धन का विनाश होता है। बदी ११ से वायु वृष्टि के योग पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान में बनते हैं। अमावस्या से १ दिन में घी, गुड़, खाण्ड, खल, चावल, रत्न, काष्ठ, धान्य, गेहूँ, सुरमा, कपूर, चन्दन, सुगन्धित वस्तु इत्र, केवड़ा, लाल वस्तु, कपास, रुई, हल्दी, सोंठ, लोहा, चांदी में भीषण तेजी होती है। सुदी २ से ८ दिन में कपास, सूत में मंदापन हो। सुदी ८ से १० दिन में वायु वृष्टि की अधिकता बनी रह सकती है। सुदी ६ से १५ दिन में भांग अफीम पर तेजी होती है। चांदी, सोना, रुई के भाव घट-बढ़ सकते हैं। सुदी १० से ८ दिन में राजनैतिक परिवर्तन हो सकता है। सुदी ९ से १५ जिन में मूंग, मोंठ, चावल, मसूर, नमक, सब्जी, लाख, चपड़ा, नील, तिल, रेण्डी, मजीठ, माजू फल, केशर, फूल, कपूर, चन्दन, देवदारु, लौंग, नारियल तेज हों। व्यापारियों को स्वर्ण अवसर अच्छा लाभ उठा सकते हैं।

श्रावण मास-बदी ४ से १० दिन में तेल, उड़द, अरहर तेज हो। मूसलाधार वर्षा से बाढ़ की संभावना बनी रह सकती है। बदी ९ से १० दिन में रुई में विशेष मंदापन हो। बदी ११ से १५ दिन में प्रजा में सुख की लहर दौड़े। चांदी में अच्छी तेजी होती है। बदी १० से १५ दिन में चांदी, लोहा, मशीनरी सामान, विद्युत सामग्री, गेहूँ, तीसी, सरसों, लाल मिर्च में तेजी होती है। अनावृष्टि भारत के पश्चिमी भाग में भूकम्प की संभावना है। बदी १० से १५ दिन में तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, ज्वार, बाजरा, गुग्गल, सुपारी, सोंठ, हींग, हल्दी, लाख सन, पाट, बारदाना तेज हों। बदी १४ से ४० दिन में अमचूर, खटाई, नींबू, देवदारु, सूत, कपड़ा, लोहा, मशीनरी समान तेज हो। युद्ध की संभावना है। गोदावरी तट के निवासियों को प्राकृतिक प्रकोप से जन धन हानि का सामना करना पड़े। सुदी ५ से १० दिन में सोना, चांदी, रुई, चावल में मंदापन आवेगा। घी के भावों में घटबढ़ हो सकती है। सुदी ५ से २० दिन में रुई धान्य तेज हो। वृष्टि थम सकती है। सुदी ६ से १० दिन में लाख, चपड़ा, कपूर, गुड़, पारा, हींग, हिंगुल पर मंदापन आवे। सुदी ११ से अन्न में मंदापन। सुदी ११ से १५ दिन में गेहूँ, चना, चांदी, तीसी, तिल, तेल, गुड़, नील में तेजी हो। सुदी १३ से १५ दिन में चांदी घटाबढ़ी के साथ तेजी हो। रुई, सोना में भी तेजी होगी। मासान्त में रुई, कपास में घटाबढ़ी हो सकती है। अतः व्यापारी सावधानी रखें।

भाद्रपद मास-बदी १ से १० दिन में तुवर, चावल, मोंठ, चना, कराई में मंदापन होता है। बिच्छुओं से भय प्राप्त होगा। वर्षा का अभाव भी रहता है। बदी ८ से १२ दिन में रस, चांदी, सोना, रुई, शेयर, ईख, गुड़, खाण्ड तेज हो। धान्य में मंदापन होता है। बदी ९ से २० दिन में गेहूँ, रक्त पदार्थ तेज हों। यहां कुछ वृष्टि तथा वायु संचार का योग बन रहा है। बदी १० से ४० दिन में अमचूर, खटाई, देवदारु, सूत, कपड़ा तेज हो। बदी २० से १६ दिन में सुवर्ण, लाल रंग, धान्य तेज होते हैं। पूर्वी राजस्थान में वृष्टि की कमी होती है। चौपाये अधिक मरते हैं। उसी दिन चांदी, रुई, सोना घटकर मंदा होता है। सुदी ५ से २० दिन में रुई मंदी, बंगला देश, पाक, पंजाब में विद्रोह होता है। सुदी ९ से १५ दिन में सोना, चांदी, गहने, बर्तन, कपड़ा, चावल, गेहूँ, मसूर, तिल, ज्वार, बाजरा, घी में अच्छी तेजी होती है। सुदी १० से १८ दिन सोना, चांदी, शेयर तेज हों। रुई घट बढ़कर तेज होती है। सुदी १४ से १० दिन में चाँदी पर अवश्य ही तेजी आती है। रुई भी तेज होती है। सोना, ताम्बा में साधारण तेजी, अतः व्यापारी अधिक रकम नहीं फंसावें। सावधानी बरतें।

आश्विन मास-बदी १ से महाराष्ट्र, बंगाल में कहीं-कहीं वर्षा भी हो सकती है। बदी १० से १५ दिन में सोना, चांदी, लोहा, तेल, घी, सरसों, रेवड़ी, सुपारी, मूंज, बांस, नील, अफीम, रेशम, कपास में तेजी हो। चौपाओं पर तेजी हो। बदी ११ से १ मास में मजीठ, नारियल, तिल, तेल, घी, कपास, रुई पर तेजी होगी। अमावस्या से लम्बी लाइन के लिये चांदी, सोना, शेयर तेज होते हैं। सुदी २ से चांदी, धातु भाव मंदा हो। सुदी ६ से ७ दिन में चांदी, सोना में साधारण तेजी होती है। सुदी ४ से १४ दिन में गेहूं, ज्वार, बाजरा, गुड़, खांड, पाट, वारदाने, हल्दी पर तेजी होती है। रुई में घट बढ़कर तेजी हो जाया करती है। सुदी ६ से ७ दिन में उड़द, मूंग, मोंठ, पर तेजी होती है। सुदी ४ से १४ दिन में गेहूँ, ज्वार, बाजरा, गुड़, खांड, पाट, बारदाना, हल्दी, हरड़, हींग, क्षार, कथीर, कत्था तेज हो। सुदी १० से ५ दिन में गुजरात, बम्बई, महाराष्ट्र में वर्षा। सुदी १४ से १० दिन में गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूँ, धातु, जौ पर तेजी आती है। धान्य में मंदापन। इसके बाद तेजी का रुख आकस्मिक बनता है। लाभ उठायें।

कार्तिक मास-बदी २ से शीत वायु संचार होगा। साधारण वृष्टि, धान्य तेज। बदी ५ से १० दिन में गणिका, द्विज, शिल्पियों को पीड़ा हो सकती है। बदी ६ से १५ दिन में धान्य, गेहूँ, चना, कपास, अरहर, सूत, केशर, लाख, चपड़ा तेज होता है। बदी ६ से दक्षिण भारत में वर्षा धान्य कम हो। बदी १० से १ मास में सुवर्ण, धान्य तेज हो। प्राकृतिक प्रकोप भी संभव है। युद्ध की भी पूर्व पश्चिम में आशंका है। सुदी ३ से ४ दिन में सर्वधान्य तेज, प्रजा सुखी, धातुओं की वस्तु तेज, सुदी ५ से १० दिन में सोना, चांदी, पारा, रांगा, शीशा, लोहा, गुड़, खाण्ड, तेल, हींग, हल्दी, लाख, गुग्गल, कपूर, रुई, सन, पाट, वारदाने में घोर तेजी होती है। सुदी ९ से १४ दिन में चांदी, रुई, कपास में मंदापन। सोना घट-बढ़ में चल सकता है। कपास, धान, कपड़ा, रेशम में मंदापन, सुदी १० से बाजार मंदा चल सकता है। सुदी १५ से १० दिन में चांदी मंदी। सुदी १५ से ११ दिन में खाण्ड, चावल, मटर में मंदापन होगा। संग्रह करने वाले लाभ उठा सकते हैं। अचूक चांस है।

मार्गशीर्ष-बदी ४ से १० दिन में चांदी, चावल, मटर पर तेजी। मूषक, कीटों की वृद्धि होती है। बदी ४ से १५ दिन में चांदी, चावल, गुड़, खट्टे पदार्थ, सूत, अफीम, भांग पर अच्छी तेजी होती है। पूर्व दक्षिण दिशा में उपद्रव होता है। बदी ५ से २ मास में वृष्टि में कमी। बदी ११ से ईख, चावल, घी, रसकस तेज हो। सोना, चांदी, सरसों, तेल, घी, हींग में मंदापन होता है। बदी १३ से १ मास में ऊनी वस्त्र, चांदी, ताम्बा, द्रव्य, अफीम, कन्द पर भीषण तेजी होती है। धान्य में कुछ मंदापन हो। बदी १३ से एक ही दिन में चांदी, सोना मंदा हो। गेहूँ, चना तेज हो। सुदी ५ से १५ दिन में सर्व धान्य तेज। मास में नेत्र रोग, दुर्भिक्ष भय, रुई, अफीम मंदा हो। सुदी १० से ११ दिन में तिल, तेल, वस्त्र, सुपारी, कपास, सूत, सरसों, रुई, चांदी, तीसी तेज। सुदी १५ से १० दिन में सोना, चांदी, धान्य, चावल, सरसों, वस्त्र तेज, अफीम तेज होती है।

पौष मास-बदी ४ से १४ दिन में चांदी, सोना, रुई, घट बढ़कर तेज होती है। बदी १२ से १० दिन में तृण, घास, भूसा, चौपाओं पर घोर तेजी होती है। अमावस से १ मास में तिल, तेल, कपास, अनाज, रुई में पुनः तेजी आती है। उसी दिन से १० दिन में धान्य, रुई, कपास, ऊन में घोर तेजी होती है। राजस्थान, मालवा में उपद्रव हो सकता है। सुदी ६ से सर्व अन्न, रस तेज हों। सोना, चांदी, रुई में अच्छी तेजी होती है। राजस्थान में कहीं-कहीं खण्डवृष्टि भी हो सकती है। सुदी ६ से १० दिन में पाक की ओर से हरकतें हो सकती हैं। सुदी ८ से १५ दिन में चांदी, तृण, काष्ठ, पशुओं में तेजी हो। सुदी २ से १५ दिन में तिल, तैल, गुड़, गुग्गल, हल्दी, चपड़ा, कपूर, ऊनी वस्त्र, सन, चांदी, अफीम तेज हो। व्यापारी इस मास में अच्छा लाभ उठा सकते हैं। यह एक अचूक चांस है। भूल न करें।

माघ मास-बदी ६ से १ मास में गेहूँ, चना, मटर, अरहर पर अच्छी तेजी होती है। तेल, गुड़, मादक द्रव्यों में मंदापन होता है। कहीं-कहीं खण्डवृष्टि भी होती है। बदी २ से १५ दिन में पशु, पक्षी, बालकों को पीड़ा हो सकती है। धान्य में कुछ मंदापन, बदी ९ से १५ दिन में उड़द, मूंग, चावल, रेशम, गुड़, कपास, पीपरामूल, लाख, चपड़ा, मूंज, बांस, सरसों तेज। बदी १० से २० दिन में वृष्टि की पूर्ण संभावना है। बदी ११ से १ मास में घी, तेल, धान्य, रुई, लाल वस्त्र तेज हो। गुड़ की प्रचुर मात्रा में खपत होगी। वायु की तीव्रता बनी रहे। सुदी ५ से १४ दिन में गेहूँ, जौ, चावल, चांदी, सर्वधातु, तीसी तेज। सुदी १३ से चांदी तेज होगी। रुई घटा बढ़ी के साथ तेज हो। धान्य, घी में कुछ मंदापन होगा। सुदी १५ से १ मास में तेल, सरसों, हींग, लाल मिर्च, रुई, चांदी में तेजी हो। दक्षिण दिशा में युद्ध की संभावना है। अकाल की स्थिति स्वतः ही बन सकती है।

फाल्गुन मास-बदी ३ से १४ दिन में धान्य, अन्न पर घोर तेजी हो। कराई, भूसा, मूंगा, मोती पर तेजी। बदी ५ से २० दिन में रुई तेज हो फिर मंदापन। धान्य मंदा। बदी ६ से १० दिन में मूंग, मसूर, चना, नील, अरहर तेज। बदी ९ से १ मास में धान्य में मंदा। नमक, तेल, रुई में तेजी। अफीम, भांग पर मंदापन। बदी १३ से अफीम पर जोरदार तेजी हो सकती है। सुदी ५ से १५ दिन में चांदी, सरसों, सन, कपड़ा, पाट, वारदाने, नील, जायफल, हींग, दाख, सोंठ तेज हो। सुदी ६ से १० दिन में कृषकों को पीड़ा, प्राकृतिक प्रकोप संभव हो। धान्य में घोर तेजी होती है। विश्व में आतंकवाद का भय व्याप्त रहे। आतंकवाद सफाए की योजना बन सकती है। जिसमें पूरे विश्व के देश पूर्ण सहयोग देने की सोचें।

चैत्र कृष्ण पक्ष-बदी १ से ११ दिन में रुई, कपास, तीसी, मेथी, लौंग, काली मिर्च, तेजपात पर तेजी होती है। अफीम, भांग, गांजा पर मंदापन होता है। बदी ५ से १० दिन में सोना, चांदी, गेहूँ, चना, उड़द, घी, रुई, रेशम, गुग्गल, पीपरामूल तेज हो। बदी ९ से १० दिन में किसी देश के छत्रभंग की पूर्ण संभावना है। रुई, सूत, कपड़ा, तिल, घी, गेहूँ, राई, रेण्डी, जौ, चावल, मसूर, सोंठ, चिरोंजी तेज हो, बदी १० से १ मास में धान्य, नमक, तिल, तेल, किराना, रसकस पर तेजी होगी। अतः व्यापारी अच्छा लाभ उठायें। भारतवर्ष के प्रसिद्ध विद्वान पं. शंकरलाल गौड़ 'शंभु कवि' से चमत्कारी सत्य पर आधारित हस्त लिखित तेजी मंदी रिपोर्ट मंगायें।

फीस निम्न प्रकार है। हाजिर वार्षिक ४०००/- ,षट्मासिक २०००/-, त्रैमासिक १०००/-,मासिक ५००/-,डाक व्यय १००/- पृथक भेजें। उत्तर के लिये जवाबी कार्ड भेजें। वायदा वार्षिक २०००/-,षट् मासिक १०००/-, त्रैमासिक५००/-,मासिक २५१/-,डाक व्यय १००/-पृथक। पता- पं. शंकरलाल गौड़, 'शंभु कवि' संस्थापक-अध्यक्ष-श्री शंकर साहित्य सदन, दूरा, फतेहपुर सीकरी, (आगरा) उ.प्र. पिन-२८३११०. फोन-०५६१३ २४६७४२

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

नक्षत्र की है। बाजार साधारण मंदी से प्रारंभ होकर तेजी पर बंद होगा।

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

तेल व्यापार सन् २००६ ई.

लेखक-प्रवीन कुमार जैन, ज्योतिष भवन, सी-३६७, कैलाश विहार योजना सं.१, कल्याणपुर, कानपुर-२०८०१७

तेल व्यापार में सरसों, रैपसीड आयल, तिल, अलसी, अरण्डी, सोयाबीन, मूंगफली, तारया, महुआ, नारियल तेल, राईस ब्रान अर्थात् चावल की भूसी के तेल, बिनौले के तेल का व्यापार मुख्य रूप से हुआ करता है। तिलहनों का अधिष्ठाता ग्रह मंगल होने के कारण बाजार पर मंगल तथा इसकी वृश्चिक राशि का सर्वाधिक तीव्र प्रभाव होता है। ग्रह गोचर तथा वर्ष की लग्न कुण्डली के अनुसार वर्ष २००६ का प्रारंभ बाजार की तेजी से होगा। पूरे वर्ष में वित्तीय प्रबन्ध नीतियों, उदारीकरण, विदेशी निवेश के कारण बाजार में तेजी का वातावरण रहेगा। वर्ष २००६ के प्रथम दिन तथा प्रथम अंग्रेजी मास की प्रथम तारीख १ जनवरी २००६ का शुभारंभ भारतीय पौष मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से हुआ है। उत्तर भारतीय पंचांग परम्परा के अनुसार कृष्ण पक्ष में पंचमी की वृद्धि तथा शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा का हानि हुई है। मास में ५ शुक्र तथा ५ शनिवार हैं। अतः बाजार का रुख एक तरफा रहने की संभावना अधिक है। यद्यपि मास में पांच शनिवारों के प्रभाव से तेलों के भावों का रुख तेजी की ओर रहेगा। १ जनवरी २००६ रविवारी उ.षा. नक्षत्र का मकर राशि में है। सरसों में तेजी आयेगी। ता. १ से ११ जनवरी तक मूंगफली तेल में तेजी रहेगी। २ जनवरी को वर्ष २००६ का प्रथम दिन का बाजार तेजी के साथ खुलेगा। ता. ४ बुध पूर्व में अस्त होंगे। अलसी में तेजी होगी। गुरु का विशाखा में गोचर प्रजा के लिए सुखकारी होगा। १० नवरी उ.षा. नक्षत्र का सूर्य बाजार में अभूतपूर्व तेजी देगा। ता. १२ शुक्र पश्चिम में अस्त होकर घी में प्रथम तेजी तथा बाद में मंदी देगा। १३ जनवरी शुक्र धनु राशि में वक्री से तिल-तेल-घी-सरसों के बाजार में तेजी दर्ज होगी। ता. १४ में पौष मास की मकर संक्रांति ४५ मु. शनिवारी बैठी हुई है। तेल, तिल, सरसों, लाही, अलसी, अरण्डी, मूंगफली में मास के आखिर में तेजी आकर मंदी होगी। मकर संक्रांति के समय कर्क का चन्द्रमा अलसी, अरण्डी, सरसों में तेजी करेगा तथा सरसों, तिल, तेल में आगे चलकर लाभ देगा।

१५ जनवरी २००६ रविवार से माघ मास का प्रारंभ हो रहा है। मास में पांच रविवार तथा सोमवार हैं। कृष्ण पक्ष में सप्तमी तिथि की वृद्धि होकर द्वादशी की हानि हुई है। शुक्ल पक्ष में चतुर्थी का क्षय तथा चतुर्दशी की वृद्धि हुई है। अमावस्या रविवार की तथा पूर्णिमा सोमवार की है। चन्द्रदर्शन सोमवार का ३० मुहूर्ति मकर राशि श्रवण नक्षत्र का है। तेल बाजार तथा तेलों में मंदा करेगा। कुंभ संक्रांति माघ शुक्ल चतुर्दशी रविवारी १५ मुहूर्ति बैठी हुई है। रविवारी संक्रांति तेल, घी, तिल संग्रह करने वालों के लिये लाभदायक सिद्ध होगी। मास में बुध तथा मंगल का राशि परिवर्तन हुआ है।

ता. १७ बुध उ.षा. में आकर बाजार में मंदे का वातावरण बनायेगा। ता. १८ शुक्र का पूर्व दिशा में चतुर्थी तिथि में उदय सुखकारी होगा। ता. १९ मकर का बुध घी के भावों में गिरावट देगा। २१ जनवरी सोयाबीन, तिल में तेजी आयेगी। ता. २३ श्रवण नक्षत्र का सूर्य सरसों में तेजी देगा। ता. २५ बुध श्रवण में घी में मंदी कारक है। ता. २८ मंगल कृतिका में आकर तिल तेल, सरसों, अलसी में तेजी देगा। ३० जनवरी में सोमवार श्रवण नक्षत्र का है। बाजार में आई मंदी चन्द्रमा के कुंभ राशि में प्रवेश के साथ तिल, तेल, सरसों, अलसी में तेजी बनायेगी। मिले जुले प्रभाव से बाजार में साधारण तेजी रहेगी। व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि होगी। व्यापार का प्रमाण अधिक होगा। ता. ३१ बुध धनिष्ठा में गोचर करेगा।

फरवरी मास-फाल्गुन मास का प्रारंभ मंगलवार से हो रहा है। मास में ५ मंगलवार हैं। देश में बिमारियों का प्रकोप होगा। अग्निकांडों में वृद्धि होगी। पूर्णिमा मंगल तथा अमावस्या सोमवारी है। मास में बुध-सूर्य-शुक्र का राशि परिवर्तन हुआ है। चन्द्र दर्शन शतभिषा का है। सूर्य की मीन संक्रांति ३० मुहूर्ति बैठी हुई मंगलवार की है। घी, तेल में तेजी आयेगी। माघ मास में खप्पर योग बना है। युद्ध, विग्रह अथवा झगड़ों की स्थिति के कारण लड़ाई-झगड़ों का वातावरण बनेगा।

२ फरवरी में बाजार में तेजी रहेगी। ता. ४ शुक्र धनु राशि में मार्गी होकर घी में मंदी कारक होंगे। ता. ३ शनि पुष्य नक्षत्र में वक्री होंगे। ता. ५ बुध का कुंभ राशि में प्रवेश घी, तेल, अलसी, सरसों में घटाबढ़ी करेगा। मंगल का वृष में प्रवेश सरसों, तिल, तेल, तोरया, अलसी में तेजी देगा। ता. ६ सूर्य का धनिष्ठा में प्रवेश अलसी, तिलहनों में तेजी देगा। ८ फरवरी में तेजी का रुख बना रहेगा। ता. ९ फरवरी-शतभिषा का बुध बाजार में तेजी कारक है। ता. ११ कुंभ संक्रांति रविवारी १५ मुहूर्ति बैठी हुई है। तेल तथा तिलहनों, तिल, सरसों, लाही, अलसी में तेजी आकर मंदी होगी। घी, तेल, मूंगफली, अरण्डी में तेजी रहेगी। ता. १२ बुध का पश्चिम में उदय घी, तेल, अरण्डी, सरसों, अलसी में घटाबढ़ी करेगा। ता. १६ बुध पूर्वा भा. में तेजी आयेगी। व्यापारिक टर्न ओवर में कमी रहेगी। ता. १९ शुक्र उषा में अलसी, सरसों, अरण्डी में घटबढ़ के बाद तेजी आयेगी। ता. २३ फरवरी बाजार में मिले-जुले रुख के मध्य तेजी रहेगी। ता. २४ बुध मीन राशि में बिनौले में तेजी होगी। ता. २५ शुक्र मकर राशि में घी में तेजी रहेगी। मंगल रोहिणी में-तेल एवं सरसों में तेजी रहेगी। ता. २८ फरवरी में बाजार में सुधार होकर तेजी का रुख रहेगा।

मार्च-ता. १५ मार्च बुधवार से चैत्र मास का प्रारंभ होगा। मास में पांच बुध तथा गुरुवार हैं। शुक्र-मंगल तथा बुध का राशि परिवर्तन हुआ है। कृष्ण पक्ष में १ तिथि की वृद्धि ११ की हानि हुई है। सूर्य की मेष संक्रांति गुरुवारी बैठी हुई ३० मुहूर्ति है। चन्द्रदर्शन रेवती नक्षत्र ३० मार्च गुरुवार का है। सरसों में प्रारंभिक मंदी के बाद तेजी रहेगी। घी, अलसी तथा अन्य तेलों में तेजी आयेगी। ता. १ मंगलवारी मीन राशि धनिष्ठा नक्षत्र की है। बाजार साधारण मंदी से प्रारंभ होकर तेजी पर बंद होगा। ता. २ बुध मीन राशि में वक्री-बिनौले में तेजी आयेगी। घी में घटाबढ़ी होगी। ता. ४ बुध पश्चिम में अस्त-सरसों, अलसी, तेल तिल, अरण्डी, बिनौले में तेजी। ता. ५ गुरु वक्री-घी में मंदी करेगा। ता. ८ मार्च वक्री बुध का कुंभ में प्रवेश-घी, तेल में घटबढ़ से मंदा। अलसी, सरसों में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। ता. ९ शुक्र श्रवण में-कोकोनट, तेल, अलसी, अरण्डी में तेजी। ता. १४ सूर्य मीन राशि में-तेल, तिल, नारियल में तेजी होकर मंदा आयेगा। ता. १५ मार्च बाजार में गिरावट रहेगी। ता. १७ सूर्य उभा में-घी, सरसों, तिल तेल आदि में तेजी। २१ मार्च में बढ़ती तेजी पर अंकुश रहेगा। बाजार में चमक आयेगी। २२ मार्च में गिरावट आयेगी। ता. २७ बुध मार्गी कुंभ में-सरसों, तिल तेल में मंदे का रुख बनेगा। ता. २९ सूर्य ग्रहण-बुधवारी सूर्य ग्रहण मूंगफली, अरण्डी, सरसों, तिल, अलसी में तेज करेगा। ता. ३० मार्च में चन्द्रदर्शन गुरुवार रेवती नक्षत्र मीन राशि का है। तेल, तिल, सरसों में कुछ तेजी रहेगी। परन्तु रेवती नक्षत्र के मंदी कारक होने से अतः बाजार में घटबढ़ का माहौल रहेगा। ३१ मार्च रेवती का सूर्य तथा वक्री बुध बाजार में तेजी बनायेगा। तेलों, सरसों, सोयाबीन में तेजी आयेगी।

अप्रैल मास-१४ अप्रैल शुक्रवार से वैशाख मास का प्रारंभ होगा। कृष्ण पक्ष में चतुर्दशी का क्षय होकर शुक्ल पक्ष में एकादशी की वृद्धि हुई है। यह योग शुभ फलदायक है। मास के पांच शुक्रवार शुभ फलदायक हैं। अप्रैल मास का बाजार तेजी से प्रारंभ होगा। ता. ३ मंगल मिथुन में-अलसी, सरसों, गोला, तिल, तेल में तेजी बनेगी। ता. ४ शुक्र शतभिषा में-सरसों, अलसी, अरण्डी में तेजी आयेगी। ता. ५ शनि मार्गी-सरसों, अलसी, तिल, तेल में १०-१५ दिनों तक मंदी का योग है। ता. १० अप्रैल-भावों में वृद्धि होगी। शुक्र-शनि तथा राहु का अंशात्मक साम्य तेजी में सहायक होगा। ता. ११ बुध मीन राशि में-बिनौला तेज, घी में घटाबढ़ी रहेगी। ता. १४ सूर्य का मेष राशि अश्विनी नक्षत्र में प्रवेश, बुध उ.भा. में तथा मंगल आर्द्रा में आयेंगे तिल, सरसों, अरण्डी, अलसी तेल में तेजी रहेगी। सरसों तेल में आगे चलकर लाभ होगा। ता. १९ शुक्र पू.भा. में-२० अप्रैल में साधारण मंदी रहेगी। ता. २४ बुध रेवती में-घी, तिल, सरसों, अरण्डी, अलसी तेल में मंदी रहेगी। ता. २५ अप्रैल में बाजार तेजी के साथ खुलेगा परन्तु बाजार की तेजी में परिवर्तन के साथ ही घटाबढ़ी देखने में आयेगी। ता. २७ सूर्य भरणी में-घी, तिल, सरसों, अरण्डी, अलसी तेल में तेजी। ता. २९ शुक्र मीन राशि में-बिनौला, तिल तेल, सरसों, अरण्डी, अलसी में मंदी परन्तु इस दिन वृष राशि कृतिका नक्षत्र शनिवार का चन्द्रदर्शन-घी, तिल, सरसों, अरण्डी, अलसी तेल में तेजी करेगा। अतः समग्र रूप से बाजार में मिलाजुला प्रभाव आयेगा।

मई मास-१४ मई रविवार से ज्येष्ठ मास का आरंभ हुआ है। मास के पांच रविवार अशुभ तथा नेष्ट फलकारक हैं। भय का वातावरण सृजित करने वाले हैं। कृष्ण पक्ष में षष्ठी तिथि की हानि हुई है। ता. १४ मई में शुक्र का पूर्व दिशा में उदय हुआ है। वृष संक्रांति बैठी हुई १५ मुहूर्ति है। चन्द्रदर्शन ता. २८ मई रोहिणी नक्षत्र का है। ता. १ मई का

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

प्रारंभ तेजी से होगा। तेलों, तिलहनों में तेजी आयेगी। ता. २ बुध मेष अश्विन में - घी, अलसी में तेजी। तिल, तेल, सरसों में मंदी बनेगी। ता. ५ वक्री गुरु स्वाती में - बाजार मंदी से शुरू होगा। चलती लाईन में परिवर्तन आयेगा। तेलों में गिरावट आयेगी। ता. ६ बैशाख शुक्ला नवमी में पूर्व दिशा में अस्त बुध तेलों में मंदी करेगा। ता. ७ मंगल पुन. में - तिल, तेल, सरसों में तेजी आयेगी। ता. ९ बुध भरणी में - ता. १० मई तेल, तिलहनों के भावों में सामान्य वृद्धि होते हुए भी बाजार में मंदी का रुख रहेगा। गुरु-मंगल का अंशात्मक साम्य बाजार में भावों में वृद्धि करेगा। ता. ११ सूर्य कृतिका में - राई, सरसों में तेजी आयेगी। ता. १२ शुक्र रेवती में - भावों में गिरावट होगी। ता. १४ मई सूर्य की वृष संक्रांति रविवारी बैठी हुई १५ मुहूर्ति है। गोला, अलसी, तेल तिल, सरसों, अरण्डी में तेजी रहेगी। ता. १७ बुध वृष में - तेल तिल में तेजी आयेगी। ता. १९ मई में बाजार में तेजी का वातावरण बनेगा। तेल, तिलहनों में तेजी रहेगी। ता. २१ बुध रोहिणी में - तेल, सरसों, राई में तेजी के बाद मंदी आयेगी। ता. २४ शुक्र अश्विन नक्षत्र मेष राशि में - तेल, तिल, अलसी, सरसों में घटाबढ़ी के बाद अलसी, सरसों में मंदा होगा। ता. २५ सूर्य रोहिणी में - तेल, अलसी, सरसों, राई में तेजी। ता. २६ मई का बाजार तेजी का रहेगा। ता. २७ बुध मृग. में, मंगल कर्क राशि में - तेल, तिल, अलसी, सरसों, बिनौला में घटाबढ़ी के बाद मंदा आयेगा। कर्क का मंगल अरण्डी तेल, अलसी, सरसों में तेजी की धारणा बनायेगा। ता. २८ में रोहिणी नक्षत्र मिथुन राशि का रविवारी चन्द्रदर्शन सरसों में तेजी करेगा। ता. २९ बुध पश्चिम में उदय-घी, तेल, अरण्डी, सरसों, अलसी में घटाबढ़ी के बाद तेजी आयेगी। सरसों में भारी तेजी बन सकती है। ता. ३० मई पुष्य नक्षत्र का मंगल बाजार के भावों में मिलाजुला रुख से घटाबढ़ी होगी।

जून मास-ता. १२ सोमवार से आषाढ़ मास का प्रारंभ हुआ है। मास में पांच सोमवार तथा मंगलवार हैं। सूर्य की मिथुन संक्रांति १५ जून की ३० मुहूर्ति बैठी हुई है। शुक्र का उदय पूर्व दिशा में हुआ है। चन्द्र दर्शन ता. २७ जून में पुनर्वसु नक्षत्र का है। शुक्ल पक्ष में सप्तमी तिथि की वृद्धि तथा कृष्ण पक्ष में नवमी का क्षय हुआ है।

जून मास में ग्रहों की स्थिति के अनुसार बाजार में सामान्य रुख बना रहेगा। मास में आयल कम्पनीज के कामकाज तथा तेल, तिलहनों के व्यापार तथा भावों में वृद्धि होगी। परन्तु सामान्य ट्रेन्ड मंदी का ही रहेगा। ता. ४ शुक्र भरणी में-तेल, तिल, सरसों में घटाबढ़ी होगी। ता. ६ जून-टर्न ओवर में वृद्धि के बावजूद मिले जुले रुख के साथ गिरावट दर्ज होगी। ता. ८ सूर्य मृग. में-कोकोनट में तेजी आयेगी। ता. ९ जून भावों में साधारण मंदी रहेगी। ता. १५ सूर्य मिथुन में-तिल, तेल, सरसों में तेजी का जोर होने से भावों में वृद्धि होकर बाजार में सुधार होगा। ता. १६ शुक्र कृतिका में-सरसों, तिल तेल में मंदा होगा। ता. १८ शुक्र वृष में तथा ता. १९ में बुध का प्रवेश कर्क राशि में होगा। बाजार की गतिविधियों में न्यूनता रहेगी। टर्नओवर कम होगा। तेल, तिलहनों के भावों में वृद्धि होगी। ता. २२ सूर्य आर्द्रा में-तिल तेल, सरसों, अरण्डी में तेजी देगा। ता. २७ रोहिणी का शुक्र तथा पुष्य नक्षत्र कर्क राशि का मंगलवारी चन्द्र दर्शन बाजार में घटाबढ़ी करेगा। ता. २६ जून में भावों में चमक बनी रहेगी। ता. २९ जून बाजार में तेजी का वातावरण बनेगा।

जुलाई मास-ता. ११ जुलाई मंगलवार से श्रावण मास का प्रारंभ हुआ है। मास में पांच मंगल तथा पांच बुधवार हैं। कृष्ण पक्ष में प्रतिपदा का क्षय हुआ है। कर्क संक्रांति ४५ मुहूर्ति बैठी हुई है। चन्द्र दर्शन ता. २६ जुलाई बुधवारी आश्लेषा नक्षत्र का है।

ता. २ बुध वक्री-सरसों, अलसी, तेल तिल, अरण्डी में तेजी देगा। ता. ४ गुरु मार्गी तथा शनि आश्लेषा में होंगे। अत: ता. ५ जुलाई में मंदी का रूख रहेगा। बाजार की गतिविधियों में आकर विशेष रूप से गिरावट आयेगी। ता. ६ सूर्य पुन. में-अलसी, बिनौले में तेजी होगी। ता. १२ मंगल मघा नक्षत्र सिंह राशि में-तिल तेल, सरसों, मूंगफली, अलसी में तेजी से बाजार में तेजी आयेगी। ता. १४ शुक्र मिथुन में-सरसों, मूंगफली, अरण्डी, तिल तेल में मंदा आयेगा। ता. १६ जुलाई सूर्य की कर्क संक्रांति ४५ मुहूर्ति बैठी हुई रविवारी है। तिल तेल, नारियल, सरसों, अलसी में मंदी आयेगी।

ता. १९ शुक्र का आर्द्रा में प्रवेश बाजार में गिरावट देगा। ता. २० सूर्य पुष्य में-तिल तेल, नारियल में तेजी देगा। ता. २५ मिथुन में बुध वक्री-तिल तेल, अरण्डी, सरसों, अलसी में तेजी देगा। कर्क में अस्त शनि-घी, तिलहनों में तेजी बनायेगा। ता. २६ का आश्लेषा नक्षत्र सिंह राशि का बुधवारी चन्द्र दर्शन घी में तेजी करेगा। तेल बाजार में गिरावट आयेगी। ता. २७ पूर्व दिशा में उदित बुध-तिल तेल, अरण्डी, सरसों, अलसी में तेजी देगा।

अगस्त मास-ता. १० अगस्त शुक्रवार से भाद्रपद मास का प्रारंभ हुआ है। मास में पांच गुरुवार हैं। सिंह संक्राति बुधवारी सूती ४५ मुहूर्ति है। चन्द्र दर्शन शुक्रवारी पू.फा. नक्षत्र का है। कृष्ण पक्ष में तृतीया का क्षय हुआ है। शुक्ल पक्ष में तृतीया की वृद्धि होकर चतुर्दशी का क्षय हुआ है। शुक्र पूर्व दिशा में उदित हुए हैं।

ता. १ अगस्त में बाजार तेजी से प्रारंभ होगा। घटाबढ़ी के बाद तेजी रहेगी। ता. ३ सूर्य आश्लेषा तथा मंगल पू.फा. में-सरसों, मूंगफली, अलसी, तिल तेल, अरण्डी, बिनौले में तेजी आयेगी। ता. ५ बुध कर्क में-सरसों, मूंगफली, अलसी, तिल तेल में तेजी होगी। ता. ७ शुक्र कर्क में-घी, तेल, तिल, गोला, नारियल में तेजी बनेगी। ता. ८ अगस्त सामान्य रूप से भावों में वृद्धि का दिन है। ता. ९ अगस्त शुक्ल की बुधवारी पूर्णिमा तथा पुष्य का बुध तेल तिल, सरसों, अलसी, अरण्डी में तेजी देगा। ता. १६ सूर्य सिंह राशि मघा नक्षत्र में-सरसों, मूंगफली, अलसी, तिल तेल, अरण्डी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। ता. १८ अगस्त बाजार की तेजी में वृद्धि होगी।

ता. १९ अगस्त २००५ के दिन श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की शुक्रवारी पूर्णिमा से बाजार में तेजी के पश्चात् सामान्य रुख रहेगा। पूर्व दिशा का बुधास्त अलसी में तेजी देगा। ता. २१ आश्लेषा का शुक्र बाजार में तेजी का वातावरण बनायेगा। ता. २४ बुध सिंह राशि मघा नक्षत्र में-सरसों में मंदा होगा। ता. २५ में शनि का उदय सरसों, मूंगफली, अलसी, अरण्डी, बिनौला, तिल तेल में मंदी करेगा। सिंह राशि पू.फा. का शुक्रवारी चन्द्र दर्शन सरसों, तिल तेल में घटाबढ़ी करेगा। ता. २८ अगस्त बाजार का रुख सामान्य रहेगा। भावों में मिलाजुला रुख रहेगा। व्यापारिक गतिविधियों में न्यूनता रहेगी। ता. ३० सूर्य पू.फा. में-घी, अरण्डी, सरसों, अलसी, तिल तेल में तेजी के बाद गिरावट रहेगी। ता. ३१ अगस्त बाजार में सुधार होकर तेजी का रुख बनेगा।

सितम्बर मास- ता. ८ सितम्बर शुक्रवार से आश्विन मास का आरंभ हुआ है। मास में पांच शुक्र तथा पांच शनि हैं। कृष्ण पक्ष में तृतीया घटी है तथा एकादशी की वृद्धि हुई है। चन्द्र दर्शन चित्रा नक्षत्र का रविवारी है। कन्या संक्रांति बैठी हुई ४५ मुहूर्ति शनिवारी है।

ता. २ शुक्र सिंह राशि मघा नक्षत्र में-सरसों, मूंगफली, अलसी, तिल तेल में तेजी बनेगी। ता. ४ सितम्बर में बाजार का रुख तेजी की ओर रहेगा। ता. ७ का चन्द्र ग्रहण है। इस दिन बुध का प्रवेश उ.फा. में होगा। बाजार में सामान्य रूप से गिरावट का रुख रहेगा। मूंगफली, अरण्डी, सरसों, अलसी में मंदी बनेगी। ता. १२ शुक्र पू.फा. में-बाजार गिरावट से खुलेगा। तथा गिरावट का रुख दिन भर बना रहेगा। ता. १३ सूर्य उ.फा. में, मंगल हस्त में-घी, सरसों, मूंगफली, अलसी, तिल, तेल में तेजी बनेगी।

ता. १६ सूर्य की कन्या संक्रांति बैठी हुई ४५ मुहूर्ति शनिवारी है। बुध पश्चिम में उदय हुए हैं। बिनौले में तेजी आयेगी। अरण्डी, सरसों, मूंगफली, अलसी, तिल तेल में घटाबढ़ी रहेगी। ता. १८ सितम्बर में बाजार में मंदी की धारणा बनी रहेगी। ता. २२ शुक्र उ.फा. में तथा ता. २३ बुध चित्रा में-तिल एवं तेलों के भावों में वृद्धि होगी। ता. २४ चन्द्र दर्शन रविवारी चित्रा नक्षत्र तुला का है। सरसों में तेजी कारक है। ता. २७ सूर्य हस्त में, बुध तुला में-सरसों में तेजी आयेगी। अरण्डी, मूंगफली, अलसी, तिल, तेल में मंदा बनेगा। ता. २८ सितम्बर के बाजार में मंदी रहेगी। घटाबढ़ी होने के बाद गिरावट जारी रहेगी।

अक्टूबर मास-ता. ७ अक्टूबर शनिवार से कार्तिक मास का आरंभ हुआ है। चन्द्र दर्शन मंगलवारी विशाखा नक्षत्र का है। तुला संक्रांति बैठी हुई ३० मुहूर्ति मंगलवारी है। मास में कृष्ण पक्ष में प्रतिपदा का क्षय होकर चतुर्दशी की वृद्धि हुई है। शुक्ल पक्ष में द्वादशी का क्षय हुआ है। मास में पांच शनिवार तथा रविवार हैं।

ता. २ बुध स्वाती में-गांधी जयन्ती पर बाजार बंद रहेंगे। ता. ३ शुक्र हस्त में तथा ता. ४ मंगल चित्रा में-मंदी का दौर जारी रहेगा। ता. ६ शुक्र पूर्व में अस्त-घी, सरसों, मूंगफली, अलसी, तिल तेल में मंदा बनेगा। ता. १० सूर्य चित्रा में-घी, सरसों, मूंगफली, अलसी, तिल, तेल, बिनौला में तेजी बनेगी। ता. ११ अक्टूबर का बाजार मंदी को हवा देगा। ता. १४ शुक्र चित्रा में, मंगल तुला में-बिनौला मूंगफली में तेजी बनेगी। ता. १७ अक्टूबर सूर्य की तुला संक्रांति-बाजार में उत्साह नहीं होगा। व्यापार का स्तर सामान्य रहेगा। वास्तव में ता. १८ अक्टूबर तक मंदी का योग है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

सरसों, नारियल, अलसी, तिल, तेल में मंदी के बाद तेजी का रुख

ता. २२ नवम्बर को ज्येष्ठा नक्षत्र वृश्चिक राशि का शुक्रवारी है। घी, तेल, सरसों, अलसी, अरण्डी

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

न्यूनता रहेगी। ट्रेनओवर कम होगा। तेल, तिलहनों के भावों में वृद्धि होगी। ता. २२ सूर्य आर्द्रा में-तिल तेल, सरसों, अरण्डी में तेजी देगा। ता. २३ बुध सिंह राशि मघा नक्षत्र में-तिल का तेल, सरसों में तेजी देगा। ता. २३ आश्लेषा का शुक्र बाजार में तेजी का वातावरण बनायेगा। ता. २४ बुध सिंह राशि मघा नक्षत्र में-व्यापार का स्तर सामान्य रहेगा। वास्तव में ता. १८ अक्टूबर तक मंदी का भाग है।

सरसों, नारियल, अलसी, तिल, तेल में मंदी के बाद तेजी का रुख बनेगा। ता. २० अक्टूबर बाजार में मंदी का दौर बना रहेगा। ता. २१-महालक्ष्मी पूजन के कारण बाजार बंद रहेंगे। ता. २३ बुध-वृश्चिक में-चन्द्र दर्शन २४ अक्टूबर मंगलवारी विशाखा वृश्चिक का है। तेल, तिल, सरसों, सोयाबीन, राईस ब्रान आयल में तेजी बनेगी। सूर्य-शुक्र-मंगल स्वाती में-घी, सरसों, राई, मूंगफली, अलसी, तिल, तेल में तेजी बनेगी। ता. २७ बुध वक्री गुरु वृश्चिक में-घी, सरसों, मूंगफली, अलसी, तिल, तेल, नारियल में तेजी बनेगी। ता. ३० घी, सरसों, मूंगफली, अलसी, तिल, तेल में तेजी रहेगी।

नवम्बर मास-६ नवम्बर सामवार से मार्गशीर्ष मास का प्रारंभ हुआ है। शुक्ल पक्ष में पूर्णिमा की हानि हुई है। वृश्चिक संक्रांति गुरुवारी बैठी हुई ३० मुहूर्ति है। शुक्ल पक्ष में पूर्णिमा का क्षय हुआ है। मास में पांच सोमवार है।

ता. २ बुध पश्चिम दिशा में अस्त-बाजार में तेजी का रुख रहेगा। तेल, तिलहनों में तेजी आयेगी। ता. ६ नवम्बर सूर्य का प्रवेश विशाखा नक्षत्र में-भावों में सामान्य तेजी रहेगी। व्यापारिक गतिविधियों में न्यूनता होगी। ता. १० में वक्री बुध स्वाती तथा अस्त गुरु बाजार में मंदा करेंगे। तेल, तिलहनों में गिरावट का दौर प्रभावी रहेगा। ता. १३ मंगल विशाखा में-तेल, तिलहनों में घटाबढ़ी के बाद मंदी का दौर रहेगा। ता. १४ नवम्बर में बाजार का रुख मिला जुला होगा। ता. १५ शुक्र अनुराधा में-बुध का उदय पूर्व दिशा में-अलसी, अरण्डी, तेल, तिल, सरसों में तेजी।

ता. १६ नवम्बर सूर्य की वृश्चिक संक्रांति गुरुवारी बैठी ३० मुहूर्ति है। ता. १८ बुध मार्गी बिनौला, अरण्डी में तेजी। ता. २१ गुरु उदय-अलसी, अरण्डी, मूंगफली, तोरया, बिनौला, तेल, तिल, सरसों में तेजी। ता. २२ नवम्बर का ज्येष्ठा नक्षत्र धनु राशि का बुधवारी चन्द्र दर्शन सरसों में घटाबढ़ी, घी में तेजी कारक है। सरसों में घटाबढ़ी होगी। ता. २३ नवम्बर में व्यापारिक गतिविधियों में कमी नजर आयेगी। गिरावट जारी रहेगी। ता. २५ शुक्र ज्येष्ठा में-सरसों, घी, तेल में मंदा होगा। ता. २८ शुक्र पश्चिम में उदित-नारियल, तेल, तिल, अलसी, सरसों में सामान्य तेजी होगी। समग्र रूप से बाजार में मिला जुला प्रभाव अधिक होगा। ता. ३० नवम्बर में मास का अंत मंदी के दौर से होगा।

दिसम्बर मास-ता. ५ दिसम्बर मंगलवार से पौष मास का आरंभ हुआ है। पूर्णिमा तथा अमावस्या बुधवारी है। मास में पांच मंगल तथा पांच बुध हैं। कृष्ण पक्ष में सप्तमी की वृद्धि हुई है। शुक्ल पक्ष में नवमी का क्षय हुआ है। मास की धनु संक्रांति शुक्रवारी १५ मुहूर्ति बैठी हुई है।

ता. १ दिसम्बर बाजार में तेजी की धारणा को बल मिलेगा। परन्तु बाजार में मंदी जारी रहेगी। टर्न ओवर सामान्य रहेगा। ता. २ सूर्य ज्येष्ठा में सरसों, अलसी, तिल, तेल, अरण्डी में तेजी आयेगी। ता. ४ बुध वृश्चिक में-घी, तेल, सरसों, अलसी, अरण्डी, मूंगफली में मंदा रहेगा। ता. ६ बुध अनुराधा में, शुक्र मूल नक्षत्र धनु राशि में-घी में तेजी। वक्री शनि-सरसों, तिल, तेल, अरण्डी में तेजी देगा। बाजार में टर्न ओवर बढ़ेगा। ता. १५ की धनु संक्रांति शुक्रवारी १५ मुहूर्ति बैठी हुई है। सरसों, अरण्डी, मूंगफली, अलसी में घटाबढ़ी के पश्चात् मंदी आयेगी। सरसों, अलसी, तिल, तेल, अरण्डी, बिनौला में तेजी बनेगी।

ता. १६ शुक्र पू.षा. में-सरसों, अलसी, तिल, तेल, अरण्डी में मंदा आकर बाजार में मंदी जारी रहेगी। मंगल उदय होकर सरसों, अलसी, तिल, तेल, अरण्डी में साधारण तेजी देगा। ता. २२ चन्द्र दर्शन पू.षा. नक्षत्र मकर राशि का शुक्रवारी है। घी, तेल, सरसों, अलसी, अरण्डी, मूंगफली, मंदे होंगे। ता. २३ बुध मूल नक्षत्र धनु राशि में-सरसों, तिल, तेल, अरण्डी में तेजी आयेगी। ता. २७ शुक्र उ.षा. में-सरसों, अलसी, तिल, तेल, अरण्डी में घटाबढ़ी के बाद तेजी आयेगी। ता. ३० शुक्र मकर में-सरसों, तिल, तेल, अरण्डी, बिनौला, तोरया, मूंगफली में तेजी आयेगी। वर्ष का समापन ३१ दिसम्बर में रविवार के साथ होगा। मंडिया बंद होने से इस दिन कारोबार नहीं होगा।

वर्ष २००६ में तेल बाजार का संभावित रुख उस मास एवं दिवस में ग्रह गोचर को ध्यान में रखकर किया गया है। जिस पर स्थानीय परिस्थितियों के अतिरिक्त राजनैतिक वातावरण का प्रभाव पड़ता है। बाजार में काम करने वाले व्यक्तियों पर उसकी ग्रह दशा, महादशा, अन्तर्दशा का प्रभाव पड़ता है। कुण्डली के राजयोग प्रभावी होकर किसी व्यक्ति को बाजार से लाभ दे सकते हैं तो दारिद्रय योग प्रभावी होकर हानि भी पहुंचा सकते हैं। अतः बाजार में कार्य करते समय किसी योग्य ज्योतिषी से सम्पर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर लेना उचित होगा। ग्रह गोचर के आधार पर किया गया वर्ष २००६ का आकलन बिना किसी पूर्वाग्रह के प्रस्तुत किया है। तथा इस संदर्भ में इस आधार पर किये गये व्यापार के लिये लेखक, संपादक एवं मुद्रक किसी भी रूप में लाभ अथवा हानि के लिये जिम्मेदार नहीं होंगे। प्रस्तुति का उद्देश्य भारतीय ज्योतिष की समृद्ध परम्परा को पुनर्जीवित कर सुस्थापित करना है। लेखक से सम्पर्क सायं ७ बजे के बाद ०५१२-२५७५००४ अथवा ०९३३६३४२४८५ पर किया जा सकता है। शुभं अस्तु।

तेजी मंदी ज्ञान की प्राचीन पद्धति

श्याम सुन्दर अरोड़ा
पाटन पोल,हिरण बाजार, कोटा-३२४००६
फोन-०७४४-२३८२२६८ मोबाइल-९४१४३२५९४१

जब से मनुष्य सभ्यता का विकास हुआ है तब से ही व्यापार, वस्तुओं की विनिमय समाज का आवश्यक अंग बन गया। समाज में एक ऐसा वर्ग तैयार हुआ जो वस्तुओं का आपूर्ति करता था, ऐसा कार्य व्यापार कहलाया तथा व्यापार करने वाला वर्ग व्यापारी कहलाया। व्यापारी वर्ग अपने हित के लिए वस्तुओं की तेजी मंदी पर पूर्ण ध्यान रखने लगा कि किस किस वस्तु से ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले। प्राचीन भारत में भी तेजी मंदी को देखने की कई पद्धतियां थीं। इन पद्धतियों में ग्रहों की गति, ग्रहों की स्थिति तथा ध्रुवांक पद्धति प्रमुख थी। ध्रुवांक पद्धति के माध्यम से साधारण व्यक्ति भी इस ज्ञान को प्राप्त कर लाभ उठा सकता था। प्राचीन ध्रुवांक पद्धति इस प्रकार थी। व्यापार की वस्तुओं को प्रायः तीन भागों में बांटा गया था।

अ - धातु वर्ग

१. स्वर्ण	१००
२. चांदी	९०
३. पीतल	६८
४. लोहा	६३
५. कांसा	१३६
६. तांबा	१९

ब - जिन्स वर्ग

१. गेहूं	२३
२. जौ	६६
३. चावल	३६
४. चना	६५
५. ज्वार	१०९
६. उड़द	८९
७. सरसों	९७
८. मूंग	६०
९. हल्दी	११६
१०. अरहर	८१
११. शक्कर	१११
१२ गुड़	४९

स - अन्य वर्ग

१. कपड़ा	१०९
२. कपास	१३६
३. रुई	८६
४. घोड़ा	७९
५. भैंस	१०१
६. गाय	८६
७. बैल	९६
८. बकरी	६९

तिथि ध्रुवांक

१. प्रतिपदा	२१
२. द्वितीया	२३
३. तृतीया	२५
४. चतुर्थी	२७
५. पंचमी	२९
६. षष्ठी	२८
७. सप्तमी	२६
८. अष्टमी	२४
९. नवमी	२२
१०.दशमी	२०
११.एकादशी	१८
१२.द्वादशी	१५
१३.त्रयोदशी,	१४
१४.चतुर्दशी	१२
१५.पूर्णिमा	१९
१६.अमावस्या	१०

योग ध्रुवांक

१. विष्कुंभ	१९
२. प्रीति	२३
३. आयुष्मान	५४
४. सौभाग्य	१४
५. शोभन	४२
६. अतिगण्ड	५३
७. सुकर्मा	१९
८. धृति	५०
९. व्यतिपात	४५
१०.वरीयान	२१
११.परिघ	१९
१२.शिव	२५
१३.सिद्धि	३१
१४.साध्य	५४
१५.शुभ	९४
१६.शुक्ल	१८
१७.ब्रह्म	३३
१८.वैधृति	२९

शूल,गंड,वृद्धि,ध्रुव,व्याघात, हर्षण, वज्र, सिद्धि तथा षष्ट के ३० ध्रुवांक माने

वार ध्रुवांक

१. सोमवार	५६
२. मंगलवार	६३
३. बुधवार	७८
४. गुरुवार	७१
५. शुक्रवार	३०
६. शनिवार	२०
७. रविवार	४६

संक्रांति ध्रुवांक

१. मेष	४०
२. वृष	८७
३. मिथुन	६९
४. कर्क	१०८
५. सिंह	१२८
६. कन्या	१०५
७. तुला	१४३
८. वृश्चिक	१८७
९. धनु	१४७
१०.मकर	२२
११.कुम्भ	१९०
१२.मीन	१८०

नक्षत्र ध्रुवांक

१. अश्विनी	१०
२. भरणी	१०
३. कृतिका	९६
४. रोहिणी	५६
५. मृगशिरा	२०
६. आर्द्रा	८६
७. पुनर्वसु	२१
८ पुष्य	६४
९. अश्लेषा	१३५
१०.मघा	१५०
११.पू.फा.	२२०
१२.उ.फा.	७२
१३ हस्त	३३४
१४.चित्रा	२१
१५.स्वाती	२१०
१६.विशाखा	३२०
१७.अनुराधा	४९३
१८.ज्येष्ठा	५५९
१९.मूल	५५२
२०.पूर्वाषाढ़ा	१४२
२१.उत्तराषाढ़ा	४२०
२२.श्रवण	५५०
२३.धनिष्ठा	७३६
२४.शतभिषा	५७६
२५.पूर्वा भाद्रपद	२७५
१६.उत्तरा भाद्रपद	१२६
२७.रेवती	२५६

विधि जिस वस्तु की तेजी-मंदी जाननी हो तो उस दिन के ध्रुवांक लेवें। उदाहरण के तौर पर स्वर्ण की तेजी किसी दिन देखनी हो तो स्वर्ण के ध्रुवांक, उस दिन की तिथि, वार, सूर्य संक्रांति, नक्षत्र व योग के ध्रुवांक लेकर ३ से भाग देवें। ० शेष पर तेजी, १ शेष पर मंदी, २ शेष पर स्थिरता अर्थात् न तेजी न मंदी।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सामूहिक व्यापार भविष्य संवत् २०६३ वि.

लेखक - विश्वबन्धु शर्मा सुपुत्र श्री ओंकार प्रसाद ''दैवज्ञ''

M.Com., LLB, वास्तु विशेषज्ञ, व्यापार सलाहकार विशेषज्ञ, 21/22, ब्रह्मनान, पो.-हापुड़-245101 (उ.प्र.) फोन:- ०१२२-२३१२२३८, मोबाइल- ०९८३७२७९८२३ ९३१९२६२६८३, ०९४१२५७३८९५

संवत् २०६३ वि. में राजा गुरुदेव बने हैं। मंत्रीपद पर भी गुरुदेव ही आसीन हैं। सस्येश सूर्यदेव हैं। धान्येश शुक्रदेव हैं। रसेश भौमदेव हैं। नीरसेश सूर्यदेव हैं। फलेश बुधदेव हैं। धनेश शनिदेव रहेंगे तथा दुर्गेश बुधदेव हैं। विकार नाम सम्वत् है। इस वर्ष में गुरुदेव ही राजा हैं और मंत्री भी गुरुदेव के आसीन होने से प्रजा के लिए उत्तम वर्ष रहेगा। शासन द्वारा प्रजा के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाएँगे। साथ ही मेघेश भी होने से वर्षा की प्रचुरता होगी। कुल दस अधिकारियों में से तीन पर गुरुदेव आसीन होंगे। जो कि शुभ हैं। लेकिन रोहिणी निवास पर्वत पर तथा समय निवास कुम्हार के घर होने से वर्षा का अभाव भी संभव होगा। गेहूं, जौ का स्टॉक फसल पर लाभ देगा। गुड़, खाण्ड का स्टॉक भी लाभकारी होगा। सस्येश रविदेव हैं जो कि गुरुदेव के मित्र हैं। फसलें उत्तम होंगी। धान्येश शुक्र होने से धान्यों का संचय लाभकारी होगा। फलेश बुध फलों का हानि कारक है। धान्यों का निर्यात पड़ोसी देशों को होने से गेहूं, जौ, चावल का महंगा होना संभव होगा।

चैत्र शुक्ल पक्ष-चैत्र माह के शुक्ल पक्ष से यह वर्ष ता. ३० मार्च सन् २००६ से प्रारंभ हो रहा है। माह में तीन गुरुवार हैं। वर्ष के प्रारंभिक दिन गुरुवार होने से राज गुरु हैं। इस पक्ष में पीले रंग की वस्तुएं नरमी पर जाएँगी। इस वर्ष में गुरुदेव तुला राशि पर भ्रमणशील रहेंगे। सफेद रंग की वस्तुओं, पीले व चित्र-विचित्र वस्तुओं के भावों में मंदी कारक होंगे। पक्ष के प्रारंभ में बदी तीज शनिवार को चतुर्थी तिथि का क्षय होगा। यह क्षय मंदी को बल देगा लेकिन बाद ता. ७ अप्रैल को तिथि वृद्धि भयंकर तेजी कारक है। चैत्र बदी दोज को रेवती नक्षत्र में सूर्यदेव का संचरण होगा जो सरसों, तिल, तेल, सोयाबीन, अलसी, मूंगफली के भावों में तेजी कारक होगा। तिलहनों में तेजी का रुख पन्द्रह दिवसीय बनेगा। ता. ३ अप्रेल को मिथुन में मंगल का प्रवेश जोरदार चाल अवश्य देगा। यहां पर मटर, कालीमिर्च, काजू, हरे उड़द, मूंग, धनियां, सौंफ के भावों में तेजी की चाल चलने की धारणा है लेकिन जिन वस्तुओं में ता. ३ से ४ अप्रेल भाव मंदे रहें उनमें मंदी की ही चाल चलेगी। वायदा बाजारों में ता. १ अप्रेल से सोयाबीन तेल, सरसों, अलसी, अरण्डी आदि में जोरदार तेजी की चाल निकलेगी। और ता. ३ अप्रैल को दोपहर बाद से उड़द, मूंग, धनीयां, पीपरमेन्ट, कालीमिर्च के वायदा मार्केटों में खास चाल चलेगी। गुरु-मंगल का नवपंचम योग लाल मिर्च, मसूर, केसर, लाल वस्त्र, छुआरा, सिन्दूर आदि में नरमी का रुख करेगा। धान्यों के भावों में समता का रुख रहेगा। ता. ११ अप्रैल सन् २००६ को बुधदेव के मीन राशि में प्रवेश के असर से जोरदार व तूफानी चाल ता. १२ अप्रैल से प्रारंभ होगी और पन्द्रह दिनों में रुई, कपास, सूत, अलसी, लौंग, मेंथी के भावों में तेजी होगी।

वैशाख-इस माह में पांच शुक्रवार व पांच ही शनिवार हैं। मास के प्रारंभ में मेष संक्रांति प्रथम दिन ही लग रही है। यह संक्रांति प्रात:काल ता. १४ अप्रैल को लगने से तेजी की सूचक है। लेकिन गुरु से समसप्तम योग व शनि से चतुष्टक योग के प्रभाव से मंदी व तेजी कारक क्रमश: बनती है। माह में लोहा, फौलाद, मशीनरी, सोना, गेहूं, जौ, मसूर, तांबा, क्रूड आयल, लालमिर्च व लाल रंग की सर्व वस्तुओं में तेजी का ट्रेन्ड देखने में आयेगा। जिन वस्तुओं में प्रथम दो दिन मार्केट मंदा रहे उनमें मंदी का ही रुख जानना। आगे ता. २६ अप्रैल को चतुर्दशी तिथि का क्षय होना विशेष मंदी कारक होगा। जो वस्तुएं तेज में चली आ रही हों उनमें मंदी का रुख बनेगा। वायदा वस्तुएं क्रूड आयल, पीपरमेन्ट, सोना-चांदी, ग्वार, सोयाबीन व तेल वायदा के साथ सरसों व शेयर बाजारों में विशेष पलट देखने में आयेगी। वायदा वस्तुओं के भावों में तूफानी चाल चलेगी। यहां पर दोतरफा गली लगानी लाभप्रद होंगी। मीन राशि पर शुक्रदेव का संचरण होने से रुई, कपास के भावों में तेजी का रुख बनेगा। धान, गेहूं, जौ के भावों में मंदी का रुख बनेगा। माह में विशेष चाल पीपरमेन्ट, क्रूड आयल, चांदी, ग्वार, रिलायंस शेयर, निफ्टी सेंसेक्स में बनेगी। धारणा जोरदार तेजी की है। अत: अगर ता. २८ को जिन वस्तुओं में मंदी चल रही होगी। उनमें जोरदार व तूफानी तेजी की चाल बनेगी। खरीदकर लाभ कमाया जा सकता है। माह में सूर्यदेव ता. १४ अप्रैल से १७ अप्रैल तक वर्गोत्तमकारी होने से लाल रंग की वस्तुऐं विशेष चाल पकड़ेंगी। सोयाबीन, तेल, राजमा तथा क्रूड आयल विशेष चाल पकड़ेंगे। शुक्ला नवमी की रात्रि में बुधास्त का प्रभाव गुड़, रुई, सोना, चांदी, गेहूं, चना, मटर, कपास के भावों में जोरदार तेजी करेगा। लेकिन जिस वस्तु में ८ मई को ता. ६ के बने, नीचे भाव टूटेंगे उसमें मंदी का ट्रेंड ही जानना। बुधदेव १ मई से ५ मई तक वर्गोत्तम में रहेंगे। हरे रंग के पदार्थ विशेष रूप से जोरदार तेजी या मंदी पकड़ेंगे। गेहूं, रुई के अलावा सिल्कीय कपड़े, टेक्सटाईल, शक्कर, तांबा में भी उक्त तथ्य विचारणीय हैं।

ज्येष्ठ मास-माह में पांच रविवार होने से तेजी की सूचना मिलती है। माह में प्रथम दिन ही वृष संक्रांति रात्रि में लगेगी जो विशेष तेजी की द्योतक है। धान्यों के भावों में विशेष तेजी होगी। सरसों, तेल, घी, तिल, कोदों व फसल की वस्तुओं का स्टॉक करना लाभप्रद होगा। गेहूं, चना, मसूर, मजीठ, चीनी, गुड़, शक्कर व किराना की वस्तु, जीरा, धनियां लौंग, कालीमिर्च, मसालों के भावों में तेजी होगी। शेयर मार्केटों में मंदी का रुख रहेगा। इलायची, काजू, कपूर, धातु पदार्थ सोना, चांदी, तांबा, बिनौला के भावों में तेजी का विशेष विचार है। साथ ही वायदा मार्केटों में नीचे स्तर पर खरीदारी करना लाभ देगा। गेहूं, चना, चीनी, गुड़, सोना, चांदी के वायदा मार्केटों में विशेष तेजी की संभावना है। कर्के भौम ता. २७ मई को परिभ्रमणशील होंगे। गन्ना, गुड़, खांड, धान, चावल, रुई, कपास, सूत, टेक्सटाईल वस्त्रों के भावों में ४० से ४८ दिन में विशेष तेजीकारक होंगे। नमक, फिटकरी, अम्लीय पदार्थ, क्षार पदार्थ, सब्जी के भावों के साथ पानी से उत्पन्न वस्तुओं के भावों में मंदी का रुख रहने की धारणा है। ता. २९ मई को बुधोदय होगा जो चालू वायदा मार्केटों के रुख में जोरदार तेजी करेगा। और जिन वस्तुओं में जोरदार तेजी आ लेगी उनमें जोरदार मंदी का भी ट्रेंड बनेगा। ता. ३१ मई की प्रात: मिथुने बुध का प्रभाव जोरदार नरमी का होगा। जीरा, जायफल, सौंफ, अजवायन, रुई, कपास, ग्वार, मक्का के भावों में घट-बढ़ के साथ मंदी का रुख बनेगा। सुदी पक्ष में चन्द्रदर्शन प्रतिपदा के होने से दो दिन भाव तेज रहें, उनमें तेजी ही बनेगी। जो १४ दिन की कम से कम होगी। माह में ता. १५ मई को प्रात: चांदी, गुड़, सरसों, सोयाबीन में तेजी लगाना, ता. २४ मई को चांदी, गुड़, रुई, सूत, लाल रंग की वस्तुओं के वायदा मार्केटों में दोतरफा गली लगानी लाभप्रद होंगी। ता. २९ मई की शाम को गुड़, रुई, चांदी, गेहूं, चना के भावों में दोतरफा गली लगानी चाहिए। गेहूं, चना, जौ, मटर का स्टॉक लाभप्रद होगा।

आषाढ़-माह में पांच सोमवार मंदी कारक व पांच मंगलवार तेजी कारक हैं। ता. १५ जून को मिथुन संक्रांति ९ घटी १८ पल पर परिभ्रमणशील होने से तूफानी तेजी की चाल देगी। रुई, कपास, चन्दन, कन्द-मूल-फल, ग्वार, ज्वार, मक्का में तेजी का रुख बनेगा। घी, शेयर, कागज, सौंफ, जीरा, धनियां, जायफल, अजवायन में तेजी जोरदार होगी। तेल, जौ, पीले रंग की वस्तुएं तेज होंगी। धान्यों में मंदी होगी। आषाढ़ बदी सप्तमी की रात्रि में, वृष राशि में शुक्रदेव के प्रवेश करने से सफेद रंग की वस्तुओं में मंदी होगी। रुई, कपास, सूत, जूट, पाट, बारदाना, सन, हैशियन, पीपरमेन्ट के वायदा मार्केट में घटबढ़ के साथ मंदी होगी। यह मंदी जोरदार बन सकती है। **नोट**-अगर १५ जून से दो दिन में मार्केट विपरीत चले तब विपरीत ही चाल एक माह तक चलती रहेगी। माह के सुदी पक्ष में त्रयोदशी रविवार की रात्रि में बुधास्त से हाजिर व वायदा मार्केटों में तूफानी तेजी कारक चांदी, सोना, गुड़, चना, गेहूं, रुई, जूट आदि के मार्केटों में करेगा। यहां पर वायदा बाजारों में तेजी अवश्य लगानी चाहिए। मेंथा मार्केट में तूफानी तेजी एक सप्ताह की चलेगी। अगर यहां पर ता. १० जुलाई को ८ के बने नीचे भाव से जिस वस्तु में भाव टूटे उसी में भयानक मंदी की चाल समझना।

श्रावण-मास में पांच बुधवारों का होना घटबढ़ की प्रधानता करते हैं। चूंकि प्रतिपदा तिथि का क्षय मंगलवार को ही हो चुका है। अत: तेजी का पुट लगेगा। बदी दोज सिंहे भौम का प्रभाव सोना, तांबा, लाल रंग के द्रव्य, गुड़, खाण्ड, सौंठ, अदरक, केसर, आलू बुखारा, लालमिर्च के भावों में जोरदार तेजी होगी। वायदा वस्तुओं में ता. १२ से चालू चाल १४ जुलाई तक तूफानी होगी। ता. १६ जुलाई को कर्क संक्रांति के प्रभाव से चालू चाल ता. २७ जुलाई तक सम्पन्न होगी। क्रूड

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

अलसी, मूंगफली, सुपारी तेज हों तब तेजी २८ दिन की बनेगी। विपरीत

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS

प्रारंभ होगी और पन्द्रह दिनों में रुई, कपास, सूत, अलसी, लौंग, मेथी के भावों में तेजी होगी।

वैशाख-इस माह में पांच शुक्रवार व पांच ही शनिवार हैं। मास चावल, रुई, कपास, सूत, टेक्सटाईल वस्त्रों के भावों में ४० से ४८ दिन तक तूफानी होगी। ता. १६ जुलाई को कर्क संक्रांति के प्रभाव से चालू चाल ता. २७ जुलाई तक सम्पन्न होगी। कुंड

आयल, शेयर्स, मद्य, घी, कांच का सामान में नरमी का रुख रहेगा। वायदा में ग्वार, चना, उड़द, अरहर, गुड़, सरसों, सोया तेल के भावों में अचानक तेजी आरंभ होकर पांच ही दिन में समाप्त होगी। अगर ता. १७ जुलाई को ता. १५ के बने नीचे भाव से मार्केट टूटेगा तो मंदी का ही ट्रेंड बनेगा। श्रावण बदी दसमी को शनिदेव का अस्त होना रुई, कपास, गेहूं, चना, जौ, मटर के भावों में श्रेष्ठ तेजी का योग बनायेगा। सुदी में बुधोदय पूर्व दिशा में होना (द्वितीया को) चलती तेजी में ब्रेक लगायेगा। चन्द्रदर्शन बुधवारी प्रतिपदा को होना जोरदार मंदी कारक होगा। शुक्रदेव का कर्क राशि में संचार विशेष रूप से धान्यादि के वायदा व हाजिर बाजारों में विशेष तेजी करेगा। माह में ता. १२ जुलाई की प्रातः व शाम ता. २० जुलाई की शाम को तथा ता. २७ जुलाई की दोपहर १२ बजे लगभग दोतरफा तेजी-मंदी लगानी लाभप्रद होंगी।

भाद्रपद-माह में पांच गुरुवारों का फल व्यापारिक वस्तुओं के भावों में मंदी की सूचक हैं। माह के बदी पक्ष में प्रतिपदा को पुष्य नक्षत्र में शुक्रदेव की एन्ट्री गुड़, कपूर, पारा, हींग, लाख के भावों में दो सप्ताह की मंदी करेंगे। बदी अष्टमी बुधवार को रात्रि में सिंह संक्रांति के प्रभाव से जोरदार चाल सोना, गुड़, चना, अदरक, सौंठ, केसर, व लाल रंग की वस्तुओं के भावों में तेजी होगी। धान्यों के भावों में मंदी होगी। इस माह में एक विशेष योग यह है कि बदी एकादशी को बुधास्त के प्रभाव से तेजी की तूफानी चाल गुड़, चीनी, चावल, सोना, चांदी, तांबा, रुई, कपास, सूत, जूट, पाट, बारदाना, मेंथा आदि के भावों में चलेगी। विशेष **नोट** है कि जिस वस्तु में बदी एकादशी से २ दिन में भाव मंदी में रहें उनमें मंदी ही सुदी त्रयोदशी तक लम्बी लाईन में परिवर्तित हो जायेगी। सुदी दोज शुक्रवार को शनिदेव का उदय लोहा, कोयला, उड़द, कालीमिर्च, लौंग, चाय, नीलम, नील, तेल, सोयाबीन व काले रंग के पदार्थों के भावों में मंदी कारक होंगे। तथापि जिस वस्तु में अगामी तीन दिन तेजी के रह जायें तब उन वस्तुओं में तेजी ही जारी रहेगी। सुदी में दोज को चन्द्रदर्शन मंदी को बल देगा। इस माह में सुदी दोज, सुदी चतुर्थी व सुदी त्रयोदशी को मंदी लगानी लाभप्रद होंगी।

आश्विन-माह में पांच शुक्रवार व पांच ही शनिवारों का प्रभाव मंदी कारक है और यदाकदा तेजी की स्थिति भी बनेगी। यद्यपि प्रथम पक्ष में बदी पंचमी तिथि का क्षय होना जोरदार मंदी की द्योतक है। लेकिन बाद भाव तेजी पकड़ सकते हैं। बदी दोज को शाम कन्या राशि पर बुध के प्रवेश से हरे रंग की वस्तुओं में मंदी कारक होगा। शनि-बुध का द्विर्द्वादश योग मंदी और राहु से सम सप्तम योग तेजी कारक भी है। **नोट**-अगर ता. ११ सितम्बर को ता. ९ के बने नीचे भाव से मार्केट टूटेगा तब उसी वस्तु में मंदी ता. १२ तक चलेगी। बाद ता. १३ सितम्बर को १२ के बने नीचे भाव से टूटने की स्थिति में बेचकर चलें और ता. २२ तक लाभ उठा लेवें। आगे ता. १७ सितम्बर की रात्रि में सूर्यदेव के कन्या राशि में प्रवेश से गेहूं, जौ, चना, मटर, खार, मूंग, चावल, कत्था, धनियां, पन्ना, मेंहदी, पिस्ता के भावों में तेजी चलने की धारणा है। यह तेजी कम से कम पन्द्रह दिन की होगी। विशेष-अगर ता. ९ सितम्बर से १७ सितम्बर के बीच बने लोएस्ट भाव से ता. १८ सितम्बर को या बाद में मार्केट टूट जायें तब मंदी का ट्रेंड बनाकर ता. २९ सितम्बर तक व्यापार करना चाहिए। सुदी पक्ष में दोज का चन्द्रदर्शन जोरदार तेजी सूचक है। माह में विशेष रूप से ता. १२ सितम्बर को तेजी लगाना।

कार्तिक-माह में पांच रविवारों की स्थिति व्यापारिक वस्तुओं में उठापटक के साथ तेजी की रहने की धारणा है। बदी अष्टमी शनिवार को शाम को तुला राशि पर मंगल का प्रवेश होगा। यह प्रवेश हल्दी, मूंग, धनियां, पीपरमेन्ट (मेंथा), चना दाल के भावों में विशेष तेजी कारक होगा। हल्दी का स्टॉक भी नीचे भाव मिलने पर करना लाभ देगा। सरसों, सोयाबीन, अलसी, अरण्डी, मूंगफली के भावों में मंदी विशेष संभव है। बदी एकादशी मंगलवारी तुला संक्रांति का असर भी विशेष तेजी कारक होगा। रेशमी वस्त्र, रेशम, रुई, कपास, सूत, अरहर, चावल, साबूदाना, गोला, पोस्तादाना के भावों में तेजी होगी। सुदी प्रतिपदा को वृश्चिक राशि में बुधदेव का प्रवेश रात्रि में होगा। यह प्रवेश बुध के अधिकार की वस्तुओं और अन्य वस्तुओं में भी प्रातः तेजी का रुख रहने की धारणा है। बुध- शनि का वृश्चिक और कर्क राशि में नव पंचम योग भी तेजी को बल देने वाला है। ता. २४ अक्टूबर को स्वाती नक्षत्र पर सूर्यदेव का प्रवेश होना चौदह दिन के अंतर्गत् सभी धातु पदार्थ, सोना, चांदी, तांबा, पीतल, गुड़, शक्कर, चीनी, तेल, सोयाबीन, सरसों, हींग, कपूर, गुग्गल, हल्दी, रुई, सन, जूट में तेजी का रुख बनेगा। क्रूड आयल में ता. २५ से तेजी ३ दिन की चलेगी। लेकिन अगर ता. २५ को मंदी रहेगी तो मंदी ही जानना। गुरुदेव के कार्तिक सुदी पंचमी को वृश्चिक राशि में प्रवेश से लालमिर्च, छुहारा, नमक, नागकेसर, नील, बादाम गिरी, मुनक्का, गुड़, खाण्ड, शक्कर, औषधीय पदार्थ, मसूर दाल आदि के भावों में विशेष मंदी का दौर चलेगा। सुदी एकादशी गुरुवार को रात्रि में बुधास्त का होना रुई, सोना, चांदी, तांबा, पीतल, गेहूं, चना के भावों में तेजी कारक होगा। यह तेजी एक पखवाड़े की होगी। यहां पर जिस वस्तु में सुदी एकादशी से दो दिन में मंदी रहे, उसी में मंदी का ट्रेंड पन्द्रह दिन रहने की धारणा है।

मार्गशीर्ष-महीना पांच सोमवारों से युक्त होने से व्यापारिक वस्तुऐं मंदी की ओर अग्रसर होंगी। प्रथम दिन विशाखा में सूर्य का प्रभाव कत्था, नारियल, सोयाबीन, सरसों, मूंगफली, अलसी, अरण्ड, घी, जूट, पाट, बारदाना के भावों में मंदी कारक होगा। बदी पंचमी को गुरुदेव का अस्त होना जोरदार मंदी का रुख बनायेगा। रुई, कपास, सूत के भावों में विशेष मंदी का रुख रहेगा जो कि कम से कम तीन सप्ताह तक चलेगा। आगे वृश्चिके शुक्र का प्रभाव दृष्टिगोचर होगा जो ता. १२ नवम्बर बदी सप्तमी रविवार की शाम को प्रविष्ट से जोरदार नरमी सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई, कपास, खल, बिनौला, चना, गेहूं, ग्वार, उड़द के भावों में चलेगी। अरहर के भावों में भी धीरे-धीरे टूट दीख पड़ेगी। और ता. १५ नवम्बर को बुधोदय के बाद विशेष रूप से मंदी का दौर आरंभ होगा। बदी एकादशी को वृश्चिक राशि में सूर्य के संचरण के प्रभाव से सोया तेल, सरसों आदि तिलहनों के भावों में मंदी का रुख बनेगा। धान्यों में विशेष मंदी होगी। अगर बदी एकादशी से २ दिन में गुड़, शक्कर, खाण्ड, केमीकल पदार्थ, लोहा, चर्म, लाख, ऊन, अलसी, मूंगफली, सुपारी तेज हों तब तेजी २८ दिन की बनेगी। विपरीत में विपरीत चाल जानना। सुदी सप्तमी को वृश्चिक राशि में मंगलदेव का संचरण विशेष रूप से लाल रंग की वस्तुओं, गुड़, मघ, खाण्ड, केशर, छुहारा, लालमिर्च, कुमकुम, जीरा, धनियां में तेजी होगी। अगर ता. २७ नवम्बर को ता. २६ के या २५ के बने नीचे भाव से किसी उपरोक्त वस्तु में भाव टूटें तब मंदी ही चलेगी। वायदा वस्तुओं में ता. १० नवम्बर व १५ नवम्बर को मंदी लगानी लाभ देगी। ता. २७ नवम्बर १२ बजकर ३७ मिनट पर दोतरफा गली लगानी चाहिए।

पौष-माह में पांच भौमवार व पांच ही बुधवार तेजी सूचक हैं। बदी दोज बुधवार को धनु में शुक्र तथा शनि वक्री हो रहे हैं। यह स्थिति दोनों ही जगहों पर विपरीत फलदायक हैं। यहां पर धनुष्याम् शुक्र रुई की फसल को नष्ट करने वाला होगा। अतः मंदी के बाद तेजी का ट्रेंड रुई, सूत, कपास में बनेगा। सभी प्रकार के धान्य तेज होंगे। गेहूं, घी, शाल, तेल के भाव एक माह बाद भड़केंगे। शनि वक्री-वायदा वस्तुओं में विशेष रूप से ग्वार, सोयाबीन, तेल, लोहा, स्टील, मशीनरी शेयर, उड़द, मालकंगुनी के भावों में जोरदार चाल देगा। यहां पर ता. ५ व ६ के बने हाइऐस्ट भाव से मार्केट बढ़ जाएं तब तेजी की धारणा बनाकर ता. १५ दिसम्बर तक व्यापार करें। ता. १६ दिसम्बर की रात्रि व १७ की प्रातः से पूर्व धनु संक्रांति के प्रभाव से जोरदार चाल शेयर, आलु, हल्दी, पीले वस्त्र, बादाम, मुनक्का, किशमिश के भावों में एक माह में ही विशेष तेजी होगी। वायदा वस्तुओं में एक खास एटमबम चांस है कि बदी नवमी गुरुवार के शाम को रुई, बिनौला, कपास, गुड़, चीनी, ग्वार, चना, चांदी, सोना के मार्केटों में मंदी लगानी लाभ देगी। अगर ता. १८ दिसम्बर को मार्केट तेज रहे तब अगले दिन की तेजी लगा देनी चाहिए। सुदी दोज को चन्द्रदर्शन का होना मंदी का द्योतक है। सुदी दशमी को प्रातः पूर्वाषाढ़ में सूर्यदेव के प्रवेश से १२ दिन में गुड़, खाण्ड, हल्दी में अच्छी मंदी करेंगे। माह में ता. ६ दिसम्बर की शाम को दोतरफा गली लगाना। ता. ८ दिसम्बर से चांदी, सोना में विशेष रूप से चाल पलटने की धारणा है। ता. १४ की शाम व ८ को २ बजकर ४८ मिनट पर दोतरफा गली लगानी लाभप्रद होंगी।

माघ-माह में पांच गुरुवार व पांच ही शुक्रवार हैं। दोनों ग्रह यद्यपि मंदी के द्योतक हैं। तथापि परस्पर विरोध की प्रवृति के कारण मंदी में तेजी के चांस भी संभव होंगे। माह के प्रारंभ में बदी पंचमी को धनु राशि में मंगलदेव का संचरण होगा। यह संचरण सोना, हल्दी, पीत वस्त्र, बादाम, केसर, अरहर, दाल, मूंग, दाल चना व पीले रंग के पदार्थों के भावों में तेजी का उछाला लायेगा। मंगल की शनि से नवपंचम स्थिति का होना काली वस्तुओं के भावों में विशेष मंदी का बिगुल बजायेगा। बदी अष्टमी की रात्रि में मकरे बुध का प्रभाव समता कारक होगा। मकर संक्रांति शाम को लगेगी। जो सोना, चांदी, तांबा, कोयला, शेयर्स मार्केट, लोहा व लोहे के शेयर, जस्ता, टीन, रांग, सरसों, दालचीनी, लौंग, कालीमिर्च, पीपर, काला नमक, मुनक्का, किशमिश में एक माह के अंतर्गत तेजी का उछाला आने का चांस है। यहां पर विशेष धारणा है कि जिन वस्तुओं के भावों में ता. १० से १५ जनवरी के बीच बने लोएस्ट

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

भाव से ता. १६ को या बाद में मार्केट टूटे तक मंदी का चांस ही ता. २ फरवरी तक चलेगा। विपरीत भाव क्रॉस होने पर तेजी ही जानना। सुदी पक्ष में दोज तिथि का क्षय तेजी कारक है। सुदी पंचमी भौमवार ता. २३ जनवरी को प्रातःकाल शुक्रदेव के कुंभ राशि पर प्रवेश के प्रभाव से लोहा, शेयर्स, कालीमिर्च, जीरा, लौंग, पीपर, दाख, दालचीनी, चांदी, रुई, सूत, कपास, खल, बिनौला, ग्वार, ज्वार, चना के भावों में मंदी जोरदार होगी। ता. २६ को बुधोदय होने के बाद जो वस्तुएं मंदी चल रही होंगी उनमें मंदी का झटका लगकर जोरदार पलट होगी। विशेष रूप से वायदा मार्केटों में ता.२७ जनवरी को ता. २६ के बने नीचे भाव से मार्केट के टूटने पर और बन्द होने पर मंदी एक सप्ताह लगभग की बनेगी। किन्तु ऊंचे बने भाव से बढ़ने पर तेजी ही चलेगी। माह में ता. १५ जनवरी, ता. २० जनवरी को प्रातः व ता. २६ की शाम को दोतरफा गली लगानी चाहिए। ता. ११ से १८ जनवरी सूर्य वर्गोत्तम सोयाबीन, सरसों, अरण्डी, मेंथा में तेजी देगा।

फाल्गुन-माह में पांच शनिवार व्यापारिक वस्तुओं में तेजी कारक समय औसत रहेगा। व्यपारिक दृष्टि से ता. ६ फरवरी मंगलवार को बदी चौथ के दिन धनिष्ठा में सूर्य २३ घटी पर प्रवेश करेंगे। मूंग, मोठ, मसूर, उड़द, नील, नीलम, नीला धोधा के भावों में मंदी होकर तेजी का रुख आगामी चौदह दिन कायम रहेगा। ता. १२ फरवरी की रात्रि में ५८ घटी पर कुंभ संक्रांति प्रवेश जोरदार मंदी का द्योतक है। लेकिन राहु की स्थिति होने से तेजी का प्रभाव भी पड़ सकता है। मंगल शनि का षडाष्टक योग व सूर्य-शनि का भी षडाष्टक योग से काली व लाल रंग की वस्तुएँ तेज होंगी। विद्युत उपकरण, कोयला, तेल, अलसी, काष्ठ, लोहा, फूल, नीलम, अरण्डी, तेल, सरसों, तिल्ली, मूंगफली, कस्तूरी, अमचूर, चिलगोजे की तेजी मार्केट में देखने में आयेगी। गुड़ व लाल वस्तुओं की बहुतायत होने से मंदी होगी। सुदी चतुर्दशी को बुधास्त के प्रभाव से सोना, चांदी, तांबा, पीतल, स्टील, रुई, बिनौला, खल-बिनौला, गेहूं, जौ, चना, मटर, मूंग, मोठ के भावों में तेजी होगी। सरसों, अलसी, अरण्डी में नरमी की चाल पन्द्रह दिन की निकलेगी। ग्वार, उड़द, अरहर, चना, निफ्टी, सोना, चांदी के वायदा मार्केटों में सुदी पूर्णिमा को रुख देखकर दस दिन तक व्यापार करें। ता. १९ फरवरी को चन्द्रदर्शन पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र के अधिकार की वस्तुओं में मंदी करेगा। सोना, चांदी, चना, उड़द, घी, रुई, रेशम, पीपलामूल तीन दिन में मंदी में रहेंगे। सुदी पूर्णिमा को चन्द्रग्रहण से कालीमिर्च, लोहा, अयस्क, ऊन, जूट, पाट, बारदाना, खल-बिनौला के भावों में तेजी कारक होगा। शेयर मार्केटों में कल का रुख देखकर व्यापार करें। माह में ता. १२ फरवरी, ता. १६ फरवरी, ता. २३ फरवरी को तेजी-मंदी लगानी लाभप्रद होंगी।

चैत्र बदी-चैत्र माह में पांच रविवार व पांच ही सोमवार हैं। इस माह में तेजी की औसत वृद्धि दर्ज होगी। ता. ४ मार्च से ६ मार्च विशेष मंदी होकर ता. ७ मार्च से ९ मार्च विशेष तेजी की चाल चलेगी। बाद ता. १० मार्च से पुनः मार्केट १४ मार्च तक मंदी की ओर चलेंगे। १५ मार्च से १९ तक घटबढ़ के साथ तेजी की चाल सभी वायदा मार्केटों में चलने की धारणा है। बदी प्रतिपदा रविवार को रात्रि में पूर्वा भाद्रपदा में सूर्य तिलहन, सरसों, तिल, तेल, घी, अरण्डी, अलसी में नरमी कारक एक सप्ताह रहेगा। बदी पंचमी को ३० घटी २६ पल पर बुध मार्गी होने से जोरदार घटबढ़ होगी, तेजी-मंदी फलेंगी। बदी दशमी को मीन संक्रांति के प्रभाव से बहुधा वस्तु तेजी में चलेंगी। मछली, सीप, मोती, मोम, सुगन्धित पदार्थ, हीरा, औषधि व औषधीय पदार्थ व रेशम व कढ़ाई की वस्तुओं के भावों के साथ जल से उत्पन्न पदार्थों के भावों में विशेष तेजी होगी। यहां पर वायदा वस्तुओं के भावों में भारी उछाला संभव है। वायदा में सोना, चांदी, तांबा, ग्वार, अरहर, पीपरमेन्ट, क्रूड आयल, खल-बिनौला के भावों में भारी उठापटक अवश्य होगी। ता. ४ मार्च की प्रातः, ता.९ मार्च ३ बजे, ता. १५ मार्च को दोतरफा गली लगाना लाभप्रद होगा।

अनमोल चांस मंगाईये

अनमोल चांस वह चांस है जो आपको ग्रह चाल के आधार के साथ-साथ ग्राफिकल चांस भी मिलते हैं। ऊंचे-नीचे आनुपातिक क्रासिंग भाव देना ही चांस की विशेषता है। हाजिर या वायदा वस्तु के चांस, सोना, चांदी, शेयर्स, मेंथा, गुड़, सरसों, सोयाबीन, तेल, कॉपर, आलू, अरण्डी, हल्दी, जूट, क्रूड आयल, ग्वार, अरहर, चना, स्टील, लालमिर्च, खल-बिनौला, किराना वस्तुओं तथा खुष्क मेवाओं के चांस देते हैं। हाजिर चांस एक वस्तु एक वर्ष ७५१/-रुपये हैं। छः माह ४५१/-रुपये तथा तीन माह की २५१/-रुपये हैं। वायदा एक वस्तु एक माह की फीस ३०१/-रुपये, सम्पूर्ण वर्ष की ३०००/-रुपये है। फोन पर प्रतिदिन बताने की, वायदा वस्तु (एक) की फीस ११०१/-रुपये हैं।

"**शांडिल्य व्यापार भविष्य**" पूर्ण एक वर्ष संवत् २०६३ जिसमें दैनिक व लम्बी लाइनों के चांस दिये गये हैं-मूल्य १५०/-रुपये है। भेजकर मंगा सकते हैं।

भाग्य, स्वास्थ्य और आपकी हस्त रेखा

चेतन खत्री, वसंत बहार स्टोर्स, बस स्टेशन के पास भुज-कच्छ (गुजरात) फोन-०२८३२-२५५७८८

स्वास्थ्य ही जीवन है, स्वास्थ्य ही धन है, स्वास्थ्य ही वरदान है। व्यक्ति के पास समस्त सुख और ऐश्वर्य है पर अगर वह रोगी है तो उसके लिये यह सब व्यर्थ है। शरीर में जो कुछ खर्च होता है। वह नींद-आराम और भोजन से पुनः प्राप्त होता है। फिर भी अपूर्णता कहीं ना कहीं रह जाती है, जिसके कारण रोग घर कर जाते हैं। आजकल यह हालत है कि जितना भोजन हम करते हैं इसमें एक तिहाई हमारे शरीर का पोषण करता है और दो तिहाई डॉक्टरों, वैद्यो का पोषण करता है।

संसार का प्रत्येक व्यक्ति यह चाहता है कि यह खूब धन कमायें, नौकरी, व्यापार और न जाने वह जीवन में क्या क्या करता है। लेकिन संसार में भाग्य से अधिक और वक्त से पहले कुछ नहीं मिलता। रेखायें बदलती रहती हैं और यह बदलाव व्यक्ति के खुद अपने नेगेटिव या पोजिटिव विचारों से होता है।

स्वास्थ्य रेखा-इस रेखा का दोहरा होना, कब्ज और आंतों की खराबी का संकेत है। हृदय रेखा और मस्तक रेखा के बीच संकरी घाटी का रूप ले तो समझना चाहिये कि दमा दम से ही निकलेगा। कई व्यक्तियों के हाथ में स्वास्थ्य रेखा का अभाव दिखाई देता है यह शुभ चिन्ह है। वह व्यक्ति स्वस्थ एवं आकर्षक जिन्दगी जीने वाले होते हैं। लहरेदार स्वास्थ्य रेखा व्यक्ति के पेट सम्बन्धी बीमारियों को स्पष्ट करती हैं, मस्तिष्क रेखा में अगर द्विप हो मस्तक संबंधी रोग का संकेत है। स्वास्थ्य रेखा गहरी होने से पाचन क्रिया और लीवर ठीक रहता है। आयुष्य रेखा, मस्तक रेखा और हृदय रेखा तीनों की लंबाई आपस में बराबर है तो किसी भयंकर बीमारी के आने का कोई अंदेशा नहीं, स्वास्थ्य रेखा बुध से आकर गोलाई लेते हुए चंद्रमा के पर्वत तक जाये तो वह व्यक्ति चिंता में डूबा रहता है।

भाग्य रेखा-जिस जातक के हाथ में भाग्य रेखा ना हो और गुरु पर्वत पर स्पष्ट एक रेखा खड़ी हो तो यह रेखा भाग्य रेखा जैसा ही फल देती है। इसे महत्वाकांक्षा रेखा के नाम से जाना जाता है और यह रेखा व्यक्ति को वर्ष ३६ के बाद श्रेष्ठ फल देती है। भाग्य रेखा अगर शनि की उंगली पर चढ़ती हो तो वह जातक अधिक प्रोग्रेस के बाद जीवन में एक बार निष्फलता का सामना करता है। भाग्य रेखा पतली और गहराई वाली होनी चाहिये। अन्यथा मोटी, भाग्य रेखा शुभ फल देने में असमर्थ रहती है। स्त्री जातक की भाग्य रेखा चंद्र के पर्वत से निकलती हो तो शादी के बाद ससुराल पक्ष का भाग्योदय होता है। जीवन रेखा से निकलने वाली भाग्यरेखा वाले जातक का भाग्योदय स्व प्रयत्नों से होता है, ऐसे जातक को किसी और स्वजन का सहयोग प्राप्त नहीं होता है। हथेली में जहां भाग्य रेखा डबल होती है वह गोल्डन पीरियड होता है। अगर भाग्य रेखा के साथ दो अन्य रेखा सहयोगी रेखा के रूप में हों तो ऐसे जातक के कमाने के स्त्रोत एक से अनेक होते हैं। मणिबंध से निकलकर भाग्य रेखा अगर मस्तक रेखा तक आकर रुक जायें तो ऐसे जातक को वर्ष २३ में परिवार की जिम्मेदारियां आ पड़ती हैं। पुरुष जातक की भाग्य रेखा चंद्र पर्वत से निकलती हो तो ऐसे जातक सर्विस करते हैं। या फिर अपने बिजनेस में सहयोगी पार्टनर से व्यापार करते हैं। मणिबंध से निकलती भाग्य रेखा में मत्स का चिन्ह हो तो यह शुभ चिन्ह है। यह जातक सुख पूर्वक जीवन व्यतीत करता है और उसका भाग्योदय जल-स्थल या प्रवाही चीजों के व्यापार से होता है। जंजीरनुमां भाग्य रेखा या भाग्य रेखा में यव होना शुभफल नहीं देता। जिस वर्ष पीरियड में यह अशुभ चिन्ह हो तो जातक को ओवर रिस्क वाले काम नहीं करने चाहिये। भाग्य रेखा का हल्का झुकाव बुध पर्वत की तरफ हो तो ऐसे जातक चालाकी और चतुराई से भाग्योदय करते हैं। अगर यह झुकाव गुरु पर्वत की तरफ हों तो सामाजिक कामों के साथ-साथ प्रगति और उन्नति होती है।

यदि भाग्य रेखा सीधी है और चंद्र पर्वत से कोई रेखा निकलकर इसमें मिले तो इसका अर्थ यह है कि किसी अन्य व्यक्ति के सहयोग से भविष्य बनेगा। यदि भाग्य रेखा को हृदय रेखा की कोई शाखा रोकती हों तो ऐसे जातक की प्रगति सफलता को कोई प्रेम संबंध के कारण रुकती है। शुक्र पर्वत से कोई रेखा निकलकर अगर भाग्य रेखा से मिले तो ऐसे जातक प्रेम भावना में ज्यादा खिंचाव रखते हैं। लहरेदार भाग्य रेखा वाले जातक जीवन में कई बार मार्ग बदलते रहते हैं। भाग्य रेखा जीवन रेखा के अंदर से निकलती है तो यह भौतिक सुख का चिन्ह है। भाग्य रेखा, मस्तक रेखा और स्वास्थ्य रेखा से अगर त्रिभुज बनता है तो यह गूढ़ रहस्य जानने वाला जातक होता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS

सन् २००६ ई. में शेयर मार्केट की तेजी-मंदी

लेखक-प्रवीन कुमार जैन ज्योतिष भवन, सी-३६७, कैलाश विहार योजना सं.१ कल्याणपुर, कानपुर-२०८०१७ फोन नं. ०५१२-२५७५००४ मो. ९३३६३४२४८५

शेयर बाजार का सैंसेक्स तीस स्क्रिप्स रिलायंस, इन्फोसिस टेक्नोलोजी, आई.सी.आई.सी.आई बैंक, आई.टी.सी., एच.डी.एफ.सी, ओ.एन.जी.सी., हिन्दुस्तान लीवर लिमिटेड, स्टेट बैंक आफ इंडिया, भारती टेलीकॉम, टिस्को, एल एण्ड टी, सत्यम् कम्प्यूटर, रैनबैक्सी लैब, टी.सी.एस, एन.टी.पी.सी, टाटा मोटर्स, विप्रो, बजाज ऑटो, हिण्डाल्को ग्रासिम इण्डस्ट्री, बी.एच.ई.एल, ए.सी.सी, रिलायंस एनर्जी, गुजरात अम्बुजा सीमेन्ट, हीरो होण्डा, सिप्ला, टाटा पावर, डा. रेड्डी, मारुती उद्योग जैसे स्क्रिप्स पर आधारित है। सैंसेक्स बाजार की प्रवृति का सूचक है तथापि यदि बाजार का सैंसेक्स बढ़ रहा हो तो यह आवश्यक नहीं है कि उस दिन सभी शेयरों के भावों में वृद्धि हो रही है। सैंसेक्स बाजार की प्रवृति का द्योतक है। ७५ प्रतिशत शेयरों के भाव गिरने के बावजूद सैंसेक्स ऊंचा रह सकता है तथा रहा है। जून तथा जुलाई २००५ में प्राय: ऐसे अवसर आये हैं। अत: बाजार से जिसे सैकेण्डरी मार्केट कहते हैं, कोई शेयर खरीदने से पहले उसका विश्लेषण आवश्यक है।

शेयर बाजार आकस्मिक लाभ का बाजार है। ज्योतिष विज्ञान के अनुसार इसकी राशि वृष तथा लग्न राशि २० अंश वृश्चिक मानी गई है। बाजार पर शनि, मंगल, गुरु, यूरेनस, नेपच्यून के गोचर के अतिरिक्त बुध-शुक्र के उदयास्त तथा इनकी सूर्य से अंशात्मक युति का प्रभाव पड़ता है। ग्रहों की युति में सूर्य-गुरु, मंगल-सूर्य, मंगल-शुक्र, गुरु-सूर्य, गुरु-बुध तथा राहु-गुरु महत्वपूर्ण हैं। इसके अतिरिक्त राजनैतिक वातावरण, सरकार की नीतियां, विदेशी इन्वेस्टमेन्ट जैसे अन्य तत्वों का आकलन विश्लेषण भी आवश्यक होता है। ज्योतिषीय भाषा में इसे देश काल परिस्थिति कहा जाता है।

जनवरी मास- १ जनवरी २००६ का शुभारंभ पौष मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से हुआ है। कृष्ण पक्ष में पंचमी की वृद्धि तथा शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा की हानि हुई है। मास में ५ शुक्र तथा ५ शनिवार हैं। अत: बाजार का रुख एक तरफा रहने की संभावना अधिक है। १५ जनवरी २००६ रविवार से माघ मास का प्रारंभ हो रहा है। मास में पांच रविवार तथा सोमवार हैं। कृष्ण पक्ष में सप्तमी तिथि की वृद्धि होकर द्वादशी की हानि हुई है। शुक्ल पक्ष में चतुर्थी का क्षय, चतुर्दशी की वृद्धि हुई है। अमावस्या रविवार की तथा पूर्णिमा सोमवार की है। चन्द्र दर्शन सोमवार का ३० मुहूर्त है। कुंभ संक्रांति माघ शुक्ल चतुर्दशी रविवारी १५ मुहूर्त बैठी हुई है। मास में बुध तथा मंगल का राशि परिवर्तन हुआ है।

ग्रह गोचर तथा वर्ष की लग्न कुण्डली के अनुसार वर्ष २००६ का प्रारंभ बाजार की तेजी से होगा। पूरे वर्ष में वित्तीय प्रबन्ध नीतियों, उदारीकरण, विदेशी निवेश के कारण बाजार में तेजी का वातावरण रहेगा। २ जनवरी को वर्ष २००६ का प्रथम दिन का बाजार तेजी के साथ खुलेगा। सिल्क मिक्स, टेक्सटाईल मिल्स (अरविन्द, महावीर स्पिनिंग), शुगर इण्डस्ट्रीज (मवाना, बिनानी, थामपुर), आई.टी.सी., जी.टी.सी. के शेयरों में तेजी रहेगी। बैंकिंग शेयर आई.सी.आई.सी.आई, पी.एन.बी., एच.डी.एफ.सी., ओरियन्टल बैंक, नैस्ले काफी, टाटा टी, आयरन एण्ड स्टील के शेयरों में गिरावट आयेगी। १० जनवरी उ.षा. नक्षत्र का सूर्य बाजार में अभूतपूर्व तेजी देगा। मशीन, रियल एस्टेट, चाय, काफी के शेयरों के अतिरिक्त अन्य सभी शेयरों में तेजी रहेगी। १३ जनवरी बाजार में सभी प्रकार के शेयरों में तेजी दर्ज होगी। सीमेन्ट, गुजरात अम्बुजा, ए.सी.सी. एवं बैंकों के शेयरों में सुधार होगा। २० जनवरी बाजार में तेजी का रुख रहेगा। जी टेली फिल्मस, सीमेन्ट, रबर, जे.के. टायर्स, सिएट एवं अपोलो टायर्स के शेयरों में तेजी तथा अन्य शेयरों में रुख सामान्य होगा। ३० जनवरी में साधारण तेजी रहेगी। व्यापार में वृद्धि होगी। बिजनेस वाल्यूम हाई रहेगा। ए.सी.सी., गुजरात अम्बुजा सीमेन्ट, एल.जी. इलेक्ट्रोनिक्स, बी.पी.एल., वीडियोकॉन, एन.टी.पी.सी., आई.टी., सत्यम भारती टेलिकॉम, जी टेली फिल्मस, बाला जी टेलीविजन के शेयरों में तेजी आयेगी।

फरवरी मास-फाल्गुन मास का प्रारंभ मंगलवार से हो रहा है। मास में ५ मंगलवार हैं। देश में बीमारियों का प्रकोप होगा। पूर्णिमा मंगल तथा अमावस्या सोमवारी है। मास में बुध-सूर्य-शुक्र का राशि परिवर्तन हुआ है। चन्द्र दर्शन शतभिषा का है। सूर्य की मीन संक्रांति ३० मुहूर्त बैठी हुई मंगलवार की है। माघ मास में खप्पर योग बना है। युद्ध, विग्रह अथवा झगड़ों की स्थिति के कारण लड़ाई-झगड़ों का वातावरण बनेगा।

२ फरवरी में बाजार में तेजी रहेगी। शुगर, जूट, टेक्सटाईल्स, बी.पी.एल., वीडियोकॉन, एन.टी.पी.सी. के शेयरों में तेजी आयेगी। बैंकों के शेयरों में घटबढ़ होगी। पेट्रोलियम, होटल्स, ब्रिवरीज के शेयर्स तेजी के साथ खुलकर घाटा दर्ज करेंगे। टाटा टी, रियल एस्टेट, आयरन एवं स्टील के शेयरों में गिरावट दर्ज होगी। ८ फरवरी चाय, कॉफी, रियल एस्टेट, आयरन एवं स्टील, सीमेन्ट, स्टील्स, रबर एवं टायर्स के शेयरों में तेजी आयेगी। आई.टी., जी टेली फिल्मस, बाला जी टेलीविजन के शेयरों में तेजी का रुख बना रहेगा। अन्य शेयरों में मंदी के रुख के साथ सामान्य व्यापार होगा। ९ फरवरी शतभिषा का बुध बाजार तेजी कारक है। हिंडाल्को एवं बैक्स के शेयरों में घटाबढ़ी रहेगी। डिस्टलरीज (यू.बी., मोहन मीकिन्स, रेडिको, खेतान) के शेयरों में गिरावट आयेगी। चाय, कॉफी, रियल एस्टेट, आयरन एवं स्टील, सीमेन्ट में तेजी का रुख बरकरार रहेगा। १६ फरवरी चाय, कॉफी, रियल एस्टेट, आयरन एवं स्टील, सीमेन्ट, शुगर, जूट, टेक्सटाईल, बी.पी.एल., वीडियोकॉन, एन.टी.पी.सी. के शेयरों में तेजी आयेगी। शुगर, जूट, टेक्सटाईल के शेयरों में गिरावट रहेगी। टर्न ओवर में कमी रहेगी। २३ फरवरी बाजार में मिला जुला रुख रहेगा। पेट्रोलियम, होटल्स, आयल इन्डस्ट्रीज, डिस्टलरीज (यू.बी., मोहन मीकिन्स, रेडिको, खेतान), लेदर, फुटवियर एण्ड टेनरीज के शेयरों में तेजी रहेगी। शुगर, जूट, टेक्सटाईल, सिल्क इण्डस्ट्रीज के शेयरों में मंदी रहेगी। २८ फरवरी में बाजार में सुधार होकर तेजी का रुख रहेगा। चाय, कॉफी, रियल एस्टेट, आयरन एवं स्टील, सीमेन्ट, शुगर, जूट, टेक्सटाईल, बी.पी.एल., वीडियोकॉन, शुगर, जूट, टेक्सटाईल, सिल्क इण्डस्ट्रीज के शेयरों में तेजी रहेगी। नेवीगेशन, ऑटोमोबाईल्स, जी टेलीविजन, बाला जी टेली फिल्मस, एड लैब्स के शेयरों में गिरावट रहेगी।

मार्च मास-१५ मार्च बुधवार से चैत्र मास का प्रारंभ होगा। मास में पांच बुधवार तथा गुरुवार हैं। यह शेयरों के भावों में तेजी कारक है। शुक्र-मंगल तथा बुध का राशि परिवर्तन हुआ है। कृष्ण पक्ष में १ तिथि की वृद्धि ११ की हानि हुई है। सूर्य की मेष संक्रांति गुरुवारी बैठी हुई ३० मुहूर्त है। चन्द्र दर्शन रेवती नक्षत्र ३० मार्च का है। सूर्य ग्रहण २९ मार्च का है।

१ मार्च में बाजार साधारण मंदी से प्रारंभ होकर तेजी पर बंद होगा। यू.बी. डिस्टलरीज, मोहन मीकीन्स, ए.सी.सी., गुजरात अम्बुजा, बी.पी.एल., वीडियोकॉन, इलेक्ट्रोनिक गुड्स, एन.टी.पी.सी., आई.टी., टाटा टी, कॉफी, रियल एस्टेट, आयरन एवं स्टील, सीमेन्ट, सिएट, अपोलो, जे.के. टायर्स तथा रबर शेयरों में तेजी आयेगी। एड लैब्स, जी टेली फिल्मस, बाला जी टेलीविजन के शेयरों में साधारण परिवर्तन होगा। ८ मार्च पेट्रोलियम, होटल्स, डिस्टलरीज के शेयरों में गिरावट आयेगी। चाय, कॉफी, रियल एस्टेट, आयरन एवं स्टील, सीमेन्ट, शुगर, जूट, टेक्सटाईल, बी.पी.एल., वीडियोकॉन, सिल्क इन्डस्ट्रीज, टेनरी एण्ड फुटवियर के शेयरों में तेजी बनी रहेगी। बजाज ऑटो, मारुती उद्योग, हीरो होण्डा तथा अन्य ऑटोमोबाईल शेयरों में गिरावट आयेगी। १५ मार्च में गवर्नमेन्ट सिक्योरिटीज के विषय में कोई महत्वपूर्ण निर्णय होगा। ऑटोमोबाईल सैक्टर के शेयरों में गिरावट का दौर बना रहेगा। कंज्यूमर इलेक्ट्रोनिक्स गुड्स की कंपनियों, बी.पी.एल., वीडियोकॉन आदि के शेयरों में गिरावट रहेगी। लेदर, टेनरी एवं

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

फुटवियर के शेयर्स में तेजी बनी रहेगी। २१ मार्च में बढ़ती तेजी पर कुछ अंकुश रहेगा। इलेक्ट्रोनिक्स गुड्स, जी टेली फिल्मस, पब्लिक ट्रान्सपोर्ट, ऑटोमोबाईल इन्डस्ट्री, एवीयेशन के शेयरों में गिरावट आयेगी। डिस्टलरीज के शेयरों में चमक आयेगी। २२ मार्च में चाय, काफी, रियल एस्टेट, आयरन एण्ड स्टील, इलेक्ट्रानिक गुड्स, बी.पी.एल., वीडियोकॉन, रीबोक, लेदर एवं टैनरी के शेयर्स में तेजी आयेगी। टैक्सटाईल, शुगर प्रोसेस्ड फूड में गिरावट आयेगी। ३० मार्च डाबर, यू.बी. डिस्टलरीज, मोहन मीर्कोन्स, कोल फील्ड एवं माईनिंग, बी.पी.एल., वीडियोकॉन, इलेक्ट्रानिक्स गुड्स, टैनरी एण्ड फुटवियर के शेयरों में तेजी रहेगी। बजाज ऑटो, मारुती उद्योग, हीरो होण्डा तथा अन्य ऑटोमोबाईल शेयरों में गिरावट आयेगी। ३१ मार्च में पुनः शेयरों के भावों में वृद्धि होगी। डिस्टलरीज, हिण्डालको के शेयरों में गिरावट रहेगी।

अप्रैल मास-१४ अप्रैल शुक्रवार वैशाख मास का प्रारंभ होगा। कृष्ण पक्ष में चतुर्दशी का क्षय होकर शुक्ल पक्ष में एकादशी की वृद्धि हुई है। यह योग शुभ फलदायक है। मास में पांच शुक्र शुभ फलदायक हैं।

७ अप्रैल का बाजार तेजी से प्रारंभ होगा। टेक्सटाईल, शुगर, कॉटन मिल्स तथा जूट के शेयरों में गिरावट आयेगी। १० अप्रैल शेयरों के भावों में वृद्धि होगी। शुक्र-शनि तथा राहु का अंशात्मक साम्य तेजी में सहायक होगा। १७ अप्रैल ब्रीवर्ज, सीमेन्ट, स्टील्स, लेदर, फार्मास्युटिकल, ओ.एन.जी.सी. के शेयरों में वृद्धि तो चाय, कॉफी, रियल एस्टेट, बाला जी टेली फिल्मस, ऑटोमोबाईल, हिण्डाल्को, सोफ्ट ड्रिंक्स कम्पनियों के शेयरों में गिरावट होगी। २० अप्रैल शेयरों के भावों में साधारण मंदी रहेगी। शुगर, टेक्सटाईल, ब्रीवरेज, सीमेन्ट, स्टील, बिजली के सामान के शेयरों में वृद्धि होगी। लेदर, फार्मास्युटिकल, ओ.एन.जी.सी. के शेयरों में वृद्धि तो चाय, कॉफी, रियल एस्टेट, बाला जी टेली फिल्मस, ऑटोमोबाईल, हिण्डाल्को, सोफ्ट ड्रिंक्स कम्पनियों के शेयरों में गिरावट आयेगी। २५ अप्रैल में बाजार तेजी के साथ खुलेगा। परन्तु बाजार की तेजी में परिवर्तन के साथ ही शेयरों में घटाबढ़ी देखने में आयेगी। ऑटोमोबाईल, नेवीगेशन, हिण्डाल्को के बाजार का रुख पूर्ववत रहेगा।

मई मास-१४ मई रविवार से ज्येष्ठ मास का आरंभ हुआ है। मास में पांच रविवार अशुभ तथा नेष्ट फलकारक हैं। भय का वातावरण सृजित करने वाले हैं। कृष्ण पक्ष में षष्ठी तिथि की हानि हुई है। १४ मई में शुक्र का पूर्व दिशा में उदय हुआ है। वृष संक्रांति बैठी हुई १५ मुहूर्ति है। चन्द्र दर्शन २८ मई रोहिणी नक्षत्र का है।

१ मई का प्रारंभ शुगर, जूट, कॉटन, टेक्सटाईल, पैकेज्ड फूड्स के शेयरों में तेजी से होगा। मराल ओवरसीज, नाहर स्पिनिंग, सेंचुरी टेक्सटाईल, लेदर, टैनरीज एण्ड फुट वियर के शेयरों में तेजी आयेगी। ५ मई का बाजार मंदी से शुरू होगा। अधिकांश शेयरों के भावों तथा चलती लाईन में परिवर्तन आयेगा। हैवी मशीनरी, चाय, कॉफी, रियल एस्टेट, आयरन एवं स्टील, सीमेन्ट के शेयरों में गिरावट आयेगी। १० मई शेयरों के भावों में सामान्य वृद्धि होते हुए भी बाजार में मंदी का रुख रहेगा। गुरु-मंगल का अंशात्मक साम्य शेयरों के भावों में वृद्धि करेगा। बैंकिंग सैक्टर के शेयरों में गिरावट दर्ज होगी। स्टील, लेदर, टैनरीज के शेयरों में वृद्धि होगी। १२ मई शेयरों के भावों में गिरावट होगी। टैक्सटाईल, शुगर, सिल्क मिल्स, बैंक्स के शेयरों में गिरावट अधिक होगी। १९ मई में अधिकांश शेयरों के मूल्यों में, गवर्नमेन्ट सिक्योरिटीज, विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि होगी। हैवी मशीनरी, चाय, कॉफी, रियल एस्टेट, आयरन एण्ड स्टील, सीमेन्ट, शुगर, जूट, कॉटन, टेक्सटाईल, पैकेज्ड फूड्स के शेयरों में तेजी रहेगी। २६ मई बाजार तेजी का रहेगा। हैवी मशीनरी, चाय, कॉफी, रियल एस्टेट, आयरन एण्ड स्टील, लेदर, टैनरीज, सीमेन्ट के शेयर में लाभ कमा ले जायेंगे। ३० मई पुष्य नक्षत्र का मंगल शेयरों के भावों में मिलाजुला रुख रखेगा। बैंक्स के शेयरों में गिरावट जारी रहेगी। फार्मास्युटिकल कम्पनीज, आई.ओ.सी., ओ.एन.जी.सी. के शेयरों में वृद्धि होगी।

जून मास-१२ जून सोमवार से आषाढ़ मास का प्रारंभ हुआ है। मास में पांच सोमवार तथा पांच मंगलवार हैं। सूर्य की मिथुन संक्रांति १५ जून की ३० मुहूर्ति बैठी हुई है। शुक्र का उदय पूर्व दिशा में हुआ है। चन्द्र दर्शन २७ जून में पुनर्वसु नक्षत्र का है। शुक्ल पक्ष में सप्तमी तिथि की वृद्धि तथा कृष्ण पक्ष में नवमी का क्षय हुआ है।

जून मास में ग्रहों की स्थिति के अनुसार बाजार में सामान्य रुख बना रहेगा। मास में सीमेन्ट, फार्मास्युटिकल तथा आयल कम्पनीज, रिफायनरीज-आई.ओ.सी., ओ.एन.जी.सी. के शेयरों में वृद्धि होगी। अन्य सभी शेयरों में मिलाजुला रुख रहेगा। ट्रेन्ड मंदी का होगा। ६ जून-टर्न ओवर में वृद्धि के बावजूद अधिकांश शेयरों में मिले जुले रुख के साथ गिरावट दर्ज होगी। ९ जून शेयरों के भावों में साधारण मंदी रहेगी। १५ जून शेयरों में सुधार होगा। बिजली, चाय, काफी, सीमेन्ट तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में वृद्धि होगी। १९ जून बुध कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। शेयर बाजार की गतिविधियों में न्यूनता रहेगी। टर्न ओवर कम होगा। हैवी मशीनरी, रियल एस्टेट, आयरन एण्ड स्टील, सीमेन्ट, कॉपर, लैड, कॉटन टेक्सटाईल्स, जूट मिल्स के शेयरों के भावों में वृद्धि होगी। २६ जून में कॉटन टेक्सटाईल्स, सिल्क, जूट, शुगर कम्पनीज, कंज्यूमर इलेक्ट्रोनिक्स के शेयरों में चमक बनी रहेगी। अन्य शेयरों में मिलाजुला रुख रहेगा। २९ जून बाजार में तेजी का वातावरण बनेगा। बैंक्स के शेयरों के अतिरिक्त अन्य सभी शेयरों में वृद्धि की स्थिति बनेगी।

जुलाई मास-११ जुलाई मंगलवार से श्रावण मास का प्रारंभ हुआ है। मास में पांच मंगल तथा पांच बुधवार हैं। कृष्ण पक्ष में प्रतिपदा का क्षय हुआ है। कर्क संक्रांति ४५ मुहूर्ति बैठी हुई है। चन्द्र दर्शन २६ जुलाई बुधवारी आश्लेषा नक्षत्र का है।

५ जुलाई शेयरों में मंदी का रुख रहेगा। बाजार की गतिविधियों में कमी आयेगी। विदेशी मुद्रा भंडार में कमी होगी। इलेक्ट्रोनिक गुड्स, चाय, कॉफी, हैवी मशीनरी, रियल एस्टेट के शेयरों में वृद्धि तथा अन्य सभी शेयरों में गिरावट रहेगी। बैंक, फिल्मस, सीमेन्ट के शेयरों में गिरावट विशेष रूप से आयेगी। १२ जुलाई में कंज्यूमर इलेक्ट्रोनिक्स, बी.पी.एल., वीडियोकॉन, सिल्क कॉटन टैक्सटाईल, शुगर कम्पनीज, आई.टी.सी. के शेयरों में वृद्धि होगी। अन्य शेयरों में गिरावट का दौर आयेगा। १९ जुलाई शुक्र का आर्द्रा में प्रवेश पेट्रोलियम, होटल्स, ब्रीवरीज के शेयरों में गिरावट देगा। सिल्क कॉटन टेक्सटाईल, शुगर के शेयरों में तेजी होगी। बाजार में टर्न ओवर बढ़ेगा। २६ जुलाई में सिल्क, कॉटन, टैक्सटाईल, शुगर कम्पनीज, आई.टी.सी., लेदर इन्डस्ट्रीज, चाय, कॉफी, सीमेन्ट, हैवी मशीनरीज, आयरन एण्ड स्टील कम्पनीज तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में गिरावट आयेगी। विदेशी इन्वेस्टमेन्ट में वृद्धि से बाजार में सुधार होगा।

अगस्त मास-१० अगस्त शुक्रवार से भाद्रपद मास का प्रारंभ हुआ है। मास में पांच गुरुवार हैं। सिंह संक्रांति बुधवारी सूती ४५ मुहूर्ति है। चन्द्र दर्शन शुक्रवारी पू.फा. नक्षत्र का है। कृष्ण पक्ष में तृतीया का क्षय हुआ है। शुक्ल पक्ष में तृतीया की वृद्धि होकर चतुर्दशी का क्षय हुआ है। शुक्र पूर्व दिशा में उदित हुए हैं।

१ अगस्त में बाजार तेजी से प्रारंभ होगा। बाजार में एफ.आई.आईजीज का इन्वेस्टमेन्ट बढ़ेगा। सिल्क कॉटन, टेक्सटाईल, शुगर कम्पनीज, टायर्स के शेयर्स में घटा बढ़ी के बाद तेजी रहेगी। वूलेन इन्डस्ट्रीज (रेमण्ड्स, दिग्जाम, ओ.सी.एम.), के शेयरों में लाभ होगा। ८ अगस्त सामान्य रूप से शेयर्स के भावों में वृद्धि का दिन है। परन्तु इस दिन ऑटोमोबाईल्स, जी टेलीविजन, बालाजी फिल्मस, मुक्ता आर्ट्स, हिण्डाल्को, साफ्ट ड्रिंक्स के शेयरों में गिरावट दर्ज होगी। अन्य सभी शेयरों के भावों में वृद्धि के संकेत हैं। १८ अगस्त शेयरों के भावों में वृद्धि होगी। १९ अगस्त २००५ के दिन श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की शुक्रवारी पूर्णिमा से शेयर बाजार में तेजी के पश्चात् सामान्य रुख रहेगा। २१ अगस्त बाजार में तेजी का वातावरण बनेगा। बाजार में टर्न ओवर में वृद्धि होगी। पेट्रोलियम, होटल्स, ब्रीवरीज, सिल्क, जूट स्पिनिंग, कॉटन टेक्सटाईल, शुगर मिल्स, फिल्मस, एड लैब्स के शेयरों में वृद्धि होगी। इन्श्योरेन्स कम्पनीज, बैंक्स, क्लोथ मिल्स के शेयरों में गिरावट आयेगी। २८ अगस्त शेयर बाजार का रुख सामान्य रहेगा। भावों में मिलाजुला रुख रहेगा। सैंसेक्स में मामूली परिवर्तन होगा। विदेशी मुद्रा भंडार में कमी होगी। पेट्रोलियम, होटल्स ब्रीवरीज, चाय, कॉफी, हैवी मशीनरी, रियल एस्टेट, आयरन एण्ड स्टील,

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

होगा। ३० नवम्बर में मास का अंत मंदी के दौर से होगा। सर्वाधिक

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

फूड्स के शेयरों में तेजी से होगा। मराल ओवरसीज, नाह [illegible] सेंचुरी टेक्सटाईल, लेदर, टैनरीज एण्ड फुट वियर के शेयरों में तेजी

हुआ है। मास में पांच मंगल तथा पांच बुधवार हैं। कृष्ण पक्ष में

विदेशी मुद्रा भंडार में कमी होगी। पेट्रोलियम, होटल्स ब्रीवरीज, चाय, कॉफी, हैवी मशीनरी, रियल एस्टेट, आयरन एण्ड स्टील,

ऑटोमोबाईल्स, जी टेलीविजन, एड लैब्स के शेयरों में गिरावट रहेगी। सीमेन्ट, सिल्क, कॉटन, अरविन्द मिल्स, जूट के शेयरों में तेजी आयेगी। व्यापारिक गतिविधियों में न्यूनता रहेगी। ३० अगस्त बैंकिंग, शुगर, सिल्क, जूट, स्पिनिंग, कॉटन, टेक्सटाईल, तम्बाकू, आई.टी.सी., गॉडफ्रे, फिलिप्स, इन्श्योरेन्स कम्पनीज के शेयरों में गिरावट रहेगी। लेदर एण्ड टेनरी, स्टील्स के शेयरों में तेजी रहेगी। ३१ अगस्त बाजार में सुधार होकर तेजी का रुख बनेगा। पेट्रोलियम, होटल्स, ब्रीवरीज के शेयरों में तेजी रहेगी।

सितम्बर मास-८ सितम्बर शुक्रवार से आश्विन मास का आरंभ हुआ है। मास में पांच शुक्र तथा पांच शनि हैं। कृष्ण पक्ष में तृतीया घटी है तथा एकादशी की वृद्धि हुई है। चन्द्र दर्शन चित्रा नक्षत्र का रविवारी है। कन्या संक्रांति बैठी हुई ४५ मुहूर्ति शनिवारी है।

४ सितम्बर में बाजार का रुख तेजी की ओर रहेगा। पेट्रोलियम, होटल्स, ब्रीवरीज, सीमेन्ट, वूलेन इन्डस्ट्री, लेदर इन्डस्ट्री तथा इलेक्ट्रानिक्स कम्पनीज के शेयरों में वृद्धि होगी। बैंकिंग, ऑटोमोबाईल्स, नेवीगेशन, एड लैब्स, जी टेलीफिल्म, हिण्डाल्को के शेयरों में गिरावट रहेगी। ७ सितम्बर चन्द्र ग्रहण है इस दिन बुध का प्रवेश उ.फा. में होगा। सैंसेक्स में गिरावट आयेगी। सामान्य रूप से सभी शेयरों में गिरावट का रुख रहेगा। १२ सितम्बर का बाजार शेयरों में गिरावट से खुलेगा तथा कंज्यूमर इलेक्ट्रीकल्स की कम्पनियों के अतिरिक्त सभी शेयरों में गिरावट का रुख दिन भर बना रहेगा। १८ सितम्बर में बाजार में मंदी की धारणा बनी रहेगी। होटल्स, पेट्रोलियम एवं रिफाईनरीज, ब्रीवरीज कम्पनियों के शेयरों में तेजी तथा अन्य सभी शेयरों में गिरावट रहेगी। २३ सितम्बर आई.ओ.सी., ओ.एन.जी.सी., रिलायंस एनर्जी, मोहन मीकीन्स, ऑटोमोबाईल्स, नेवीगेशन, हिण्डाल्कों के शेयरों में गिरावट आयेगी। टैनरी एण्ड फुट वियर के शेयरों में वृद्धि होगी। २८ सितम्बर बाजार में मंदी रहेगी। सभी शेयरों में घटाबढ़ी बनेगी। ऑटोमोबाईल्स, नेवीगेशन, हिण्डाल्को के शेयरों में गिरावट जारी रहेगी। आई.टी. तथा इलेक्ट्रोनिक्स कम्पनीज, टैनरी एण्ड फुटवियर के शेयरों में वृद्धि होगी।

अक्टूबर मास-७ अक्टूबर शनिवार से कार्तिक मास का आरंभ हुआ है। चन्द्र दर्शन मंगलवारी विशाखा नक्षत्र का है। तुला संक्रांति बैठी हुई ३० मुहूर्ति मंगलवारी है। मास में कृष्ण पक्ष में प्रतिपदा का क्षय होकर चतुर्दशी की वृद्धि हुई है। शुक्ल पक्ष में द्वादशी का क्षय हुआ है। मास में पांच शनिवार तथा रविवार हैं।

५ अक्टूबर शेयरों में मंदी का दौर जारी रहेगा। विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आयेगी। ११ अक्टूबर बाजार में मंदी को हवा देगा। पेट्रोलियम, होटल्स, ब्रीवरीज, इलेक्ट्रानिक्स कम्पनीज, वीडियोकॉन, एल.जी. के शेयरों में सुधार होगा। अन्य शेयरों में मंदी बनेगी। १७ अक्टूबर सूर्य की तुला संक्रांति-बाजार में उत्साह नहीं होगा। व्यापार का स्तर सामान्य रहेगा। शेयरों में मंदी बनी रहेगी। २० अक्टूबर बाजार मंदी के दौर से नहीं उबर पायेगा। बैंक्स, आई.टी.सी., जूट, इन्श्योरेन्स, टैक्सटाईल्स, शुगर कम्पनीज, पैकेज्ड फूड्स के शेयरों में सर्वाधिक गिरावट आयेगी। २७ अक्टू. में बुध वक्री हो रहे हैं तथा गुरु का प्रवेश वृश्चिक राशि में हो रहा है। पेट्रोलियम, होटल्स, ब्रीवरीज, टेक्सटाईल्स, पैकेज्ड फूड्स के भावों में सामान्य तेजी होगी। बैंक्स, आई.टी.सी., इन्श्योरेन्स, जूट के भावों में मंदी का रुख होगा। शुगर इन्डस्ट्रीज के शेयर्स में सर्वाधिक घटाबढ़ी बनेगी।

नवम्बर मास-६ नवम्बर सोमवार से मार्गशीर्ष मास का प्रारंभ हुआ है। शुक्ल पक्ष में पूर्णिमा की हानि हुई है। वृश्चिक संक्रांति गुरुवारी बैठी हुई ३० मुहूर्ति है। शुक्ल पक्ष में पूर्णिमा का क्षय हुआ है। मास में पांच सोमवार हैं।

६ नवम्बर सूर्य का प्रवेश विशाखा नक्षत्र में-शेयरों के भावों में सामान्य तेजी होगी। व्यापारिक गतिविधियों में न्यूनता होगी। बैंक्स, आई.टी.सी., जूट, इन्श्योरेन्स, कॉटन टैक्सटाईल, शुगर के शेयरों में वृद्धि का दौर चालू रहेगा। बैंक्स, आई.टी.सी., जूट, इन्श्योरेन्स, कॉटन टैक्सटाईल, टेनरीज के शेयरों में सुधार होगा। अन्य शेयरों में गिरावट का दौर रहेगा। १० नवम्बर का बाजार मंदा है। हैवी मशीनरी, ऑटोमोबाईल्स, बजाज ऑटो, हीरो होण्डा, मारुती उद्योग, चाय, कॉफी, रियल एस्टेट, आयरन एवं स्टील, टिस्को, भूषण स्टील, सीमेन्ट के शेयरों में गिरावट का दौर प्रभावी रहेगा। जे.के. टायर, अपोलो टायर्स, बैंकिंग शेयर्स, आई.टी.सी., जूट, इन्श्योरेन्स, कॉटन टैक्सटाईल, मोदी रेवलोन के शेयरों में तेजी रहेगी। १४ नवम्बर में बाजार का रुख मिला जुला होगा। बैंक्स, आई.टी.सी., जूट, इन्श्योरेन्स, कॉटन टैक्सटाईल, शुगर कम्पनीज के शेयरों में वृद्धि का दौर बना रहेगा। ऑटोमोबाईल्स, नेवीगेशन, एवीयेशन, अल्यूमीनीयम कम्पनीज तथा फिल्म उद्योग से जुड़ी कम्पनीज के शेयरों में गिरावट आयेगी। १६ नवम्बर सूर्य की संक्रांति-शेयरों के भावों में सामान्य तेजी होगी। ऑटोमोबाईल्स, नेवीगेशन, एवीयेशन, अल्यूमीनीयम कम्पनीज तथा फिल्म उद्योग के शेयरों में गिरावट जारी रहेगी। बैंक्स, आई.टी.सी., जूट, इन्श्योरेन्स, कॉटन टैक्सटाईल्स, शुगर कम्पनीज के शेयरों में वृद्धि का दौर चालू रहेगा। समग्र रूप से बाजार में मिला जुला प्रभाव अधिक होगा। २३ नवम्बर में व्यापारिक गतिविधियों में कमी नजर आयेगी। ऑटोमोबाईल्स, नेवीगेशन, एवीयेशन, अल्यूमीनीयम कम्पनीज तथा फिल्म उद्योग के शेयरों में गिरावट जारी रहेगी। चाय, कॉफी, हैवी मशीनरी, रियल एस्टेट के शेयरों में गिरावट आयेगी। बैंक्स, आई.टी.सी., जूट, इन्श्योरेन्स, कॉटन टैक्सटाईल्स, शुगर कम्पनीज के शेयरों में वृद्धि का दौर चालू रहेगा। पेट्रोलियम, होटल्स, ब्रीवरीज के शेयरों में वृद्धि होगी। ३० नवम्बर में मास का अंत मंदी के दौर से होगा। सर्वाधिक मंदी ऑटोमोबाईल्स, नेवीगेशन, एवीयेशन, अल्यूमीनीयम तथा फिल्म उद्योग के शेयरों में होगी। चाय, कॉफी, हैवी मशीनरी, रियल एस्टेट, कॉटन टैक्सटाईल, शुगर के शेयरों में तेजी आयेगी।

दिसम्बर मास-५ दिसम्बर मंगलवार से पौष मास का आरंभ हुआ है। पूर्णिमा तथा अमावस्या बुधवारी है। मास में पांच मंगल तथा पांच बुध हैं। कृष्ण पक्ष में सप्तमी की वृद्धि हुई है। शुक्ल पक्ष में नवमी का क्षय हुआ है। मास की धनु संक्रांति शुक्रवारी १५ मुहूर्ति बैठी हुई है।

नवम्बर-ता. २ को बुध तुला में प्रवेश करने से रुई, गुड़, खाण्ड, सोना में तेजी। चांदी, अलसी, सरसों, अरण्ड, बिनौला, मूंगफली में मंदी आती है। ता. ३ को बुध पश्चिम में अस्त होने से रुई, कपास में ३० से ४० रुपये की शीघ्र मंदी आती है। चांदी, तेज। पाट, हैशियन और बिनौला में भयंकर मंदी आती है। ता. ७ को गुरु अस्त होने से रुई में तेजी। कपास में भी तेजी। सोना, चांदी, अनाज में मंदी की अवधारणा बनती है। ता. १२ को शुक्र वृश्चिक में प्रवेश करने से रुई, चांदी, अफीम में पहले मंदी होकर पीछे तेजी होगी। गुड़ में घटा-बढ़ी तथा गेहूं, जौ, उड़द, मूंग, मोठ, बाजरा आदि अनाजों में तेजी होगी। अलसी भी तेज होगा। वायदा व्यापार के लिए यह समय अनुकूल नहीं नजर आ रहा है। फिर भी ता. ३ से १३ तक के लिए वायदा व्यापार तेजी के लिए उड़द, ग्वार, सभी डिबा बंद तेल का सौदा किया जा सकता है। ता. १४ को बुध पूरब में उदय होने से ३१ दिन में अनाज, घी आदि तेज होते है। रुई में मंदी के बाद तेजी। सोना में घटा-बढ़ी के बाद मंदी। सभी दलहनों में मंदी का संचार होता है। ता. १६ को सूर्य वृश्चिक में प्रवेश करने से रुई, तांबा, चांदी, सोना, ऊनी वस्त्र तेज होते हैं। लालमिर्च, घी तेज होते हैं। ता. १७ को बुध मार्गी होने से रुई में पहले मंदी, बाद में तेजी। चांदी में घटा-बढ़ी होकर तेजी हो। तृण, काष्ठादि में एक दिन के अंदर तेजी हो। आठ दिन में गेहूं, जौ, चना, अनाज में तेजी हो। रेशम, तेल, अलसी, अरण्ड, गुड़, बिनौला, मूंगफली आदि में मंदी आती है। परन्तु सोना तेज होता है। ता. २७ को मंगल वृश्चिक में प्रवेश करने से गुड़, रुई, सोना, चांदी आदि धातुओं के भाव तेज रहेंगे। आप चाहें तो ता. २२ के बाद वायदा व्यापार के लिए बिनौला, मूंगफली, गुड़, डिब्बा बंद तेल, वनस्पति घी आदि जिन्सों के वायदा व्यापार में मंदी का सौदा मासांत तक के लिए किया जा सकता है। ऐसे इस माह बाजार का रूख जल्दी-जल्दी पलट मारेगा। बाजार के रूख के अनुसार काम करें।

दिसम्बर-ता. २ को सूर्य बुध ज्येष्ठा में प्रवेश करने से दो सप्ताह में वस्त्र, सोना, चांदी, चावल, गेहूं, चना, अलसी, सरसों, अरण्ड, हींग, गुगुल, पारा, गुड़, खाण्ड में तेजी हो। रुई में व्यापक उतार-चढ़ाव हो। ता. ४ को बुध वृश्चिक में प्रवेश करने से वनस्पति घी, सभी डिब्बा बंद तेल, सरसों, रुई, चांदी तेज। सोने का भाव सम। अफीम में मंदी आती है। ता. ५ को गुरु पूरब में उदय होगा। फलत: सोना, चांदी, दलहन, चावल, गेहूं आदि में तेजी होती है। ता. ६ को शुक्र धनु में प्रवेश करेगा। जिससे रुई, कपास, सूत, वस्त्र, गेहूं, जौ, चना, सोना, चांदी, तांबा आदि धातुओं के भाव तेज हो। इसी तारीख को शनि वक्री होने से एक सप्ताह में रुई तेज होकर फिर मंदा हो जाता है। दो मास में तिल, तेल, सरसों, कालीमिर्च, हींग तेज होते हैं। ता. १२ को बुध पूरब में अस्त होने से ३० दिन में घी, सभी अनाम मंदे हो हैं। रुई में उतार-चढ़ावपूर्ण तेजी। सोने में भी उतार-चढ़ावपूर्ण तेजी हो। ता. १५ को सूर्य धनु में प्रवेश करने से रुई, कपास, सूत, तेल, सोना, चांदी आदि तेज होंगे। जबकि अनाजों में मंदी का संचार होगा। ता. १६ को मंगल उदय होगा। जिससे रुई में तेजी। गेहूं और अलसी में साधारण मंदी। जौ, चना, गुड़ में भी मंदी होती है। इसका प्रभाव ता. २२ तक रहेगा। ता. २३ को बुध धनु में प्रवेश करने से चांदी, सोना, रुई, कपास, सूत का भाव आठ दिन में तेज हो। आप चाहें तो ता. १८ से ३१ तक के लिए वायदा व्यापार तेजी के लिए सोना, चांदी, रुई, कपास, सूत, डिबा बंद तेल, सोयाबीन, सरसों, ग्वारसीड, बिनौला आदि में सौदा कर सकते हैं। इसका प्रभाव २३ से २९ तक के बीच बुध का प्रभाव चलेगा। ता. ३० को शुक्र मकर में प्रवेश करने से गुड़, खाण्ड, घ्वी, सभी तरह के अनाज का भाव तेज हों। रुई, चांदी में घटा-बढ़ी चलते हुए तेजी हो।

व्यापार आप अपने रिक्स पर काम करें। इसमें लाभ-हानि की कोई जिम्मेवारी लेखक, प्रकाशक पर नहीं है। आप चाहे तो गमग्वार, ग्वारसीड, सभी तेलहन, वनस्पति घी, चीनी, गुड़, सोना, चांदी, बिनौला, रुई, कपास, जूट, पाट आदि का स्पेशल दैनिक रिपोर्ट विस्तार से प्राप्त कर सकते हैं। वायदा व्यापार के तेजी-मंदी समीक्षा भी आप प्राप्त कर सकते हैं। जिसका सेवा शुल्क इस प्रकार है-सोना, चांदी का स्पेशल रिपोर्ट का वार्षिक शुल्क ५००० रुपये, सभी दलहन का वार्षिक शुल्क ३६०० रुपये, सभी तेलहन एवं डिबा बंद तेलों का स्पेशल रिपोर्ट वार्षिक ३६०० रुपये, वनस्पति घी का वार्षिक शुल्क २४०० रुपये, गमग्वार-ग्वारसीड का वार्षिक शुल्क ४००० रुपये, बिनौला का वार्षिक शुल्क ३६०० रुपये, रुई-कपास का वार्षिक शुल्क ४०० रुपये, कालीमिर्च-गुड़-खाण्ड- चीनी आदि प्रत्येक वस्तुओं के वार्षिक शुल्क २००० रुपये निर्धारित है। सभी जिन्सों का तथा सोना, चांदी सहित सभी वायदा व्यापार के सामग्री का एक साथ लेने पर विशेष रियायत पर मात्र ७५०० रुपये में प्राप्त किया जा सकता है। सेवा शुल्क आचार्य पंडित टुनटुन शास्त्री, पटना (बिहार) के किसी भी बैंक का ड्राफ्ट भेजकर स्पेशल चांस का रिपोर्ट प्राप्त किया जा सकता है। विशेष जानकारी के लिए दैनिक तेजी-मंदी समीक्षा 09431986216 पर अपने वार्षिक मेम्बर को २४ घंटा जानकारी देने की सम्पूर्ण सुविधा है। शेष ईश्वर के अधिन है।

लेखक -आचार्य पंडित टुनटुन शास्त्री

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

२०६३ वि.

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अथ व्यापार-विमर्श सम्वत् २०६३ वि.

वि. सं. २०६३ की ग्रह स्थिति के आधार पर व्यापारिक उतार-चढ़ाव के विचार

लेखक एवं संपादक- चौ. पं. महेन्द्र कुमार जैन, सह संपादक-पं. गजेन्द्र जैन, उत्तराधिकारी-आयुर्वेद मार्तण्ड ज्योतिष रत्न पं. जैनी जीयालाल शिखरचन्द चौधरी राज वैद्य

ज्योतिष रत्न कार्यालय:- पो. फर्रूखनगर-१२२५०६, गुड़गांव फोन नं.-कार्या.-निवास: ०१२४-२३७५२१८, २३७५३७७ ०१२४- E mail: jyotish_ratan@yahoo.com

मेरे पूज्य बाबा जी (स्व. पं. जैनी जीयालाल चौधरी जी) ने १३० वर्ष पूर्व असली पंचांग के नाम से एक पंचांग प्रकाशित किया था। तभी से व्यापारिक तेजी-मंदी पर मेरे बाबा जी एवं मेरे पिता श्री अपने विचार लिखते रहे हैं। समय-समय पर इस विषय पर अनेकों पुस्तकें व्यापार विज्ञान, योगरत्नाकर, रुई तेजी मन्दी सट्टा, वार्षिक व्यापार भविष्य फल लिखकर आप लोगों के सम्मुख प्रस्तुत कीं। अब मैं पं. महेन्द्र कुमार जैन एवं मेरा ज्येष्ठ पुत्र पं. गजेन्द्र जैन अपने पूर्वजों के बताये मार्ग का अनुशरण करते हुए प्रत्येक पक्षों महीनों में आने वाले प्रबल ग्रह योग, तिथिवार नक्षत्र संयोग, संक्रांति बैठना, चन्द्रदर्शन, ग्रह दृष्टि आदि को ध्यान में रखकर जो तेजी-मन्दी के विचार लिखते हैं वह वायदा एवं हाजिर का व्यापार करने वाले व्यापारियों के लिये वरदान रूप में सही होते हैं।

इस विचार लेख में कई बार एक ही स्थान पर एक वस्तु की तेजी के साथ-साथ मन्दी भी लिखी हो तो घबराना नहीं, ऐसे समय पर व्यापार का रुख देखकर व्यापार करें। क्योंकि एक दिन में एक ग्रह तेजी कारक वहीं अन्य ग्रह मन्दी कारक हों तो बाज़ार में तेजी की जगह मन्दी या मन्दी की जगह तेजी लिखे के विपरीत हो जाता है और जो हमने यह विचार लिखे हैं वह एक दिन पहले या बाद में भी घट सकती है। कारण ग्रह का परिवर्तन

अथ चैत्र शुक्ल पक्ष फल विचार -

पक्ष गुरु से शुरू होगा। तिथि क्षय-वृद्धि हुई है। चन्द्रदर्शन ३० मु., सं. मेष ३० मु. बैठी धापी दोनों गुरुवार की हैं। सूर्य शुक्र मंगल बुध ने राशि परिवर्तन किया, शनि मार्गी हुआ है। चतुर्थी का क्षय मूंग, घी में तेजी बनाएगा। बुधवारी अष्टमी वर्षा की कमी कर रही है। बुध शुक्र की युति वर्षा कारक है, वर्षा होगी पर नेष्ट है, आगे वर्षा कम होगी। शनि मार्गी बहुत सी जरूरी खाद्य सामग्री में तेजी करेगा।

चैत्र शुक्ल- शु. १ गुरु-चन्द्रदर्शन -तिल, तेल, सरसों, कपड़ा, अलसी, घी, तेज, रुई, सूत, खाण्ड, सोना, चांदी, अन्न घटबढ़ से मन्दा। **शु. २ शुक्र**-रेवती सूर्य, कुंभे शुक्र- चांदी, रुई, गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, ज्वार, सफेद वस्तु व रस पदार्थ मन्दे, मोती, फूल-फल, नमक आदि तेज। वर्षा इस पक्ष में जरूर होगी पर पूरे साल वर्षा की खैंच बनी रहेगी। **शु.३ शनि**-चतुर्थी क्षय-मूंग, घी आदि तेज। **शु.६ सोम**-मिथुन मंगल- अलसी, तांबा, पीतल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, गेहूं, जौ, श्रीफल, मिर्च आदि में मन्दा, चांदी में घट बढ़ होगी। **शु.८ बुध**-शनि मार्गी- हींग, मिर्च, तेल, तिल, सरसों में तेजी, रुई पदार्थ ६-७ दिन मन्दे रह कर तेज हों। **शु.९ गुरु**-शते शुक्र-घी, तेल, गुड़, खाण्ड, सरसों, सोना, चांदी तेज। **शु.१३ मंगल**- मीने बुध-रुई, सूत, बिनौला तेज, गेहूं, चना, गुड़, शक्कर मन्दे। सोना, चांदी तेज होकर मंदे। **शु.१५ गुरु**- संक्रांति मेष-सभी अन्न मन्दा, रुई, सोना, चांदी, गुड़, श्रीफल, सुपारी, सरसों आदि तेज होंगे।

-विशेष योग-

किसी मास तीज या सुदी चौथ घट जाय।
ग्राहक मांगै मूंग घी विक्रेता नट जाय॥
वक्री चाल चलते हुए शनि मार्गी हो जाय।
चालू रुख व्यापार का एक दम पलटा खाय॥
सूर संक्रामण समय सम सप्तम राकेश।
छः मास तक अन्न में तेजी रहे विशेष॥

अथ वैशाख मास फल विचार-

मास में ५ शुक्र ५ शनि, कृष्ण पक्ष ति. क्षय शुक्ल पक्ष में वृद्धि, चन्द्रदर्शन ४५ मु. शनि का, अमावस गुरु की, पूर्णिमा शनि की, शुक्र बुध ने राशि परिवर्तन किया है। बुधास्त पूर्व व अगस्त्य ऋषि अस्त हुआ है। ५ शुक्र शुभ प्रजा को सुख, सुभिक्ष करे, ५ शनि कहीं अग्निकाण्ड हो, अन्न तेज करे। अगस्त्य ऋषि का अस्त दुर्भिक्ष करे। अमावस को अश्विनी नक्षत्र प्रजा को सुख, स्वास्थ्य व सुभिक्ष करे। अक्षय ३ को रोहिणी अन्न की पैदावार उत्तम करे। **शु.५ मंगलवार**- देश में उपद्रव झगड़े करे। पुनर्वसु का मंगल भैंसों, पशु में बिमारी, घास-चारा तेज। चतुर्दशी शुक्र शुभ पूर्णिमा शनिवारी दुर्भिक्ष करें।

कृष्ण पक्ष- कृ.१ शुक्र-उ.भा. बुध-चांदी में घटबढ़, प्रजा में आपसी द्वेष बढ़े। **कृ.२ शनि**- आर्द्रा मंगल-रुई, सूत, कपास, अलसी, अरण्डी, सरसों तेल, तिल, गुड़, शक्कर, गेहूं, जौ, चना आदि तेज। चांदी, नमक में मन्दा रहेगा। **कृ. ६ बुध**- पू.भा. शुक्र-रुई, सूत, कपास तेज, सभी अन्न मन्दा, प्रजा को कष्ट, कहीं-कहीं वर्षा हो। **कृ. १० रवि**-रेवती बुध-सभी सुगन्धित द्रव्य, चन्दन, कपूर, कस्तूरी, मिर्च, लौंग, गेहूं तेज। सरसों, अरण्डी, चांदी में मन्दा। **कृ. १२ मंगल**-ऋषि अगस्त्य अस्त-रात्रि में अस्त शुभ नहीं, कई अनहोनी घटनाओं का स्वतः ही जन्म होगा। **कृ.१३ बुध**-चतुर्दशी क्षय-उत्तम सभी खाद्य अन्न में मन्दा रहे। **कृ. ३० गुरु**-भरणी-सूर्य- चावल, जौ, चना, मोठ, अरहर, अलसी, गुड़, घी, अफीम, मूंग, सोना, चांदी, पीतल आदि धातु तेज, रुई पदार्थ मन्दे, हैजा आदि बीमारियों से प्रजा को कष्ट होगा।

शुक्ल पक्ष-शु.१ शुक्र-मीने शुक्र-सभी तिलहन व मीठा रस पदार्थ मन्दा, रुई, चांदी में तेजी। **शु.२ शनि**-चन्द्रदर्शन-अलसी, सरसों, लोहा, धातु, सूत, कपड़ा, चांदी, सोना, रुई, कपास, उड़द, तिल, मोठ में तेजी। **शु.३ रवि**-आज रोहिणी होना उत्तम सभी अन्न की पैदावार उत्तम होगी। **शु.४ सोम**-उ.भा. शुक्र-सभी अन्न, रुई, सूत, कपास, चावल, गुड़, खाण्ड, नमक, सोना, चांदी में मंदा, मूल पदार्थ आलू, प्याज, लहसुन आदि में तेजी। **शु.५ मंगल**- अश्विनी मेषे बुध-पशु, अन्न गेहूं, मटर, अरहर, घी, दूध तेज, गुड़, शक्कर सरसों, गोला, खाण्ड, चांदी आदि में मन्दा, देश में कहीं उग्रवाद, सत्ता परिवर्तन, राज विग्रह, यान वाहन दुर्घटना होगी। **शु.८ शुक्र**-वक्री स्वाती ४ गुरु- सभी अन्न रुई पदार्थों में अच्छी मन्दी, पैदावार उत्तम रहे। **शु.९ शनि**-बुधास्त पूर्व- रुई, चांदी में घटबढ़, गेहूं, अलसी तेज, धान्य पदार्थ मन्दे, कहीं वर्षा हो। **शु.१० रवि**- पुन. मंगल-तिल, तेल, सरसों, रुई, सूत, कपास, चांदी, नमक, घास, चारा तेज, भैंसादि पशु बीमार रहें। **शु.११ मंगल**-भरणी बुध-सभी अन्न में घटबढ़ हो, देश में कहीं झगड़े विग्रह हों। **शु.१३ गुरु**-कृतिका सूर्य- जौ, चावल, मोठ, मूंग, राई, सरसों, सोना, चांदी तेज, तांत्रिक अग्निहोत्री, कुम्हार, ज्योतिषी, नाईयों को कष्ट उठाना पड़े। **शु.१४ शुक्र**-रेवती शुक्र-रुई, सूत, कपास, जवाहरात, गुड़, शक्कर, खाण्ड में मन्दा, धान्य की पैदावार उत्तम। **शु.१५ शनि**-आज विशाखा नक्षत्र है। देश में दुर्भिक्ष पड़े, खाद्य पदार्थ तेज हों।

अथ ज्येष्ठ मास फल विचार-

मास में ५ रवि, कृष्ण पक्ष में तिथि क्षय, मावस शनि की, पूर्णिमा, चन्द्रदर्शन ३० मु., सं. वृष ४५ मु. बैठी धापी सभी रवि की, सूर्य बुध मंगल शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। मास में ५ रवि+बदी पड़वा रवि की+वृष संक्रांति तीनों ही नेष्ट, शुभ नहीं, तेज आंधी, तूफान से जन हानि, सत्ता संघर्ष, राज विग्रह व देश में बीमारी फैले प्रजा को कष्ट हो। शनि की अमावस को कृतिका दुर्भिक्षकारी पैदावार कम, द्वादशी को रेवती प्रजा को कष्ट बीमारी देगा। सुदी-२-३ को वर्षा हो तो दुर्भिक्ष पड़े, शनि मंगल की युति धन-धान्य नाशक, सत्ता संघर्ष, अग्नि से भारी हानि करे। रोहिणी सूर्य साहूकारों योगीयों को कष्ट देगा।

कृष्ण पक्ष-कृ.१ रवि, सं.वृष-रुई, सूत, कपास, सोना, चांदी में घट बढ़ करे, अन्न की पैदावार उत्तम, आंधी-तूफान आवे प्रजा बीमार रहे। **कृ.२ सोम**-कृति. बुध-प्रजा में भय बने, कहीं झगड़े हों, अग्निकांड हों, रुई मंदी होकर तेज, तिल, तेल, सरसों, कपास, मटर, गेहूं आदि तेज हो। **कृ. ४ बुध**-वृषे बुध- वर्षा कम, पैदावार कम, कहीं झगड़े-कहीं विग्रह, चांदी मन्दी, रुई, सूत तेज अन्न में घटबढ़ हो। **कृ.९ रवि**-रोहिणी बुध-तेल सरसों, गुड़, शक्कर, सोना, चांदी, चावल तेज होकर मन्दा ऊनी वस्त्र मन्दे। **कृ.१२ बुध**- कर्के मंगल, अश्विनी मेष शुक्र-सभी प्रकार का अन्न सरसों, तांबा, पीतल जस्ता, मिर्च, सुपारी, अरण्डी, घी, तेल पदार्थ तेज, रुई पदार्थ, अलसी, सरसों मन्दा, पशुओं में बीमारी फैले व तेजी बने। **कृ.१३ गुरु**-रोहिणी सूर्य- चावल आदि सभी धान्य अलसी, सरसों, राई, तिल, तेल, दाख, छुवारा, गुड़, खाण्ड, सुपारी आदि में तेजी चांदी में मन्दा, सेठ साहूकार, कृषक,

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

योगी, पशु जलचरों को कष्ट होगा। **कृ.३० शनि**-मृग. बुध, सरसों, अलसी, बिनौला, तिलहन गेहूं आदि अन्न मन्दा, रुई पदार्थ तेज, आगे वर्षा की कमी रहेगी।

शुक्ल पक्ष- शु.१ रवि-चन्द्रदर्शन-अन्न, चांदी, सोना, सरसों रुई, अन्न तेज, तेज आंधियां चलेंगी। **शु.२ सोम**-२ या ३ को वर्षा हो तो आगे दुर्भिक्ष पड़ेगा। **शु.३ मंगल**-पुष्य मंगल-रुई, चांदी, सोना, सरसों, सण आदि में घट बढ़ चले। आपसी द्वेष बढ़े, उपद्रवों से प्रजा परेशान होगी। **शु.४ बुध**-मिथुने बुध, बुधोदय पश्चिम-रुई, सूत, कपास, सरसों १५ दिन मन्दे रहकर तेज, घी, तेल, अरण्डी, अलसी तेज, तेज हवा के साथ वर्षा होगी। **शु.६ शुक्र**-पैदावार उत्तम खाद्य पदार्थ मन्दे रहेंगे। **शु.७ शनि**-आर्द्रा बुध. पुष्य ४ शनि-रुई, सूत, कपड़ा, जूट, चांदी में मन्दा अन्न तेज होकर मन्दा, पैदावार उत्तम। देश के नेताओं में आपसी संघर्ष बढ़े। राज विग्रह-पश्चिम में प्रजा को विशेष कष्ट होगा। **शु.८ रवि**-भरणी शुक्र-तिल, तेल, सरसों, गेहूं आदि अन्न में घट बढ़ से मन्दा, चांदी में मन्दा, मन्दे में खरीदो आगे विशेष लाभ मिलेगा। **शु.१२ गुरु**-मृग.सूर्य-जलोत्पन्न पदार्थ, नारियल, रुई, सूत, रेशम, कपड़ा, कपूर, चन्दन, चना, सोना, चांदी, उड़द, मूंग, मोठ, बाजरा आदि तेज, पशुओं में रोग फैले। **शु. १५ रवि**-पूर्णिमा-शुभ प्रजा को सुभिक्ष, खाद्यान्न में मन्दा रहेगा।

विशेष योग-

क्रूर वार तेजी करै मावस पूनम दोय।
ज्येष्ठ बदी प्रतिपदा को संग हुआ रविवार।
संक्रामक रोगों का रहे गर्म बाजार।
मावास जेठ सूर चन्द भेले रोहिणी वास।
अकाल विग्रह व्यथा पीड़ित प्रजा विनाश।
आग लगे आंधी चले शनि मंगल का मेल।
वर्षा युद्ध धान्य नाश राज युद्ध कर झेल।

अथ आषाढ़ मास फल विचार-

मास में ५ सोम ५ मंगल हैं। सं. मिथुन ३० मु. बैठी धापी गुरु की, मावस रवि की, चन्द्रदर्शन ३० मु. व पूर्णिमा मंगल की है। कृ. पक्ष में तिथि हानि, शुक्ल पक्ष में तिथि की वृद्धि हुई है। सूर्य बुध शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। बुध वक्री गुरु मार्गी बुधास्त पश्चिम में हुआ है। मास में ५ सोम उत्तम, ५ मंगल देश में दंगल मचाएंगे तथा रक्त की बीमारी फैलेगी। **कृ. ६ शनिवार**-गेहूं आदि में विशेष मन्दा, मन्दे में स्टॉक करें। कृ.१४ को राहिणी देश में राज विग्रह, सत्ता संघर्ष, प्रजा में शोक होगा। मावस शुभ है। शु.५ को शुक्र, देश में तूफान आदि से जन हानि करे। **शु.१४ को सोम**-चारा घास आदि में तेजी करे। पूनम तेजीकारी है। कृ.१३ १४ को सूर्य शुक्र के मध्य चन्द्र आने से विशेष मन्दी अनाजों में होगी जो कि आगे विशेष लाभ देगी।

कृष्ण पक्ष-कृ.१ सोम-पुन बुध-रुई, सूत, कपास, सण, चांदी मन्दी। **कृ.४ गुरु**-सं. मिथुन-गर्मी का जोर रहे। रुई, सूत, कपास, रेशम, गेहूं, जौ, उड़द, मूंग, चावल, पाट, बारदाना, जूट, सरसों, लोहा, तिल, तेल, कन्दमूल, गुड़, शक्कर, खाण्ड आदि में तेजी। **कृ.५ शुक्र**-कृतिका शुक्र-हींग, जीरा, सुपारी, सूत, कपड़ा, चावल, अन्न, सरसों, तेल, तिल, कपड़ा आदि में मंदा, वर्षा हो। **कृ.६ शनि**-तिथि वार के संयोग से इस बार गेहूं में विशेष मन्दी आकर कार्तिक में नफा मिलेगा। **कृ.७ रवि**-वृष शुक्र-अन्न गेहूं, जौं, चना, मटर आदि तेज, रुई, चांदी, शेयरों में मन्दा, देश में कहीं झगड़े हों, कहीं वर्षा होगी। **कृ.१० मंगल**-कर्के बुध- रुई, सूत, कपड़ा, अन्न गेहूं, जौ, चना, मटर आदि में मन्दा, सरसों, मूंगफली, तेल, तिल गुड़, रस पदार्थ, दूध, दही तेज, चांदी में घटबढ़ होगी। **कृ.११ बुध**-ऽश्लेषा मंगल-रुई, चांदी मन्दी, गेहूं, जौ आदि सभी खाद्यान्न तेज, फसलों को हानि होगी। **कृ.१२ गुरु**-आर्द्रा सूर्य-घी, गुड़, चीनी, चावल, चन्दन, नमक, कपास, रुई, हल्दी, सोंठ, लोहा, चांदी, कपूर, चना, मोती, सरसों, अन्न तेज, सोने में घटबढ़ होगी। **कृ.१४ शनि**-पुष्य बुध-सोना, चांदी, कपड़ा, सूत, मोती, मूंग, धातु, अन्न में मन्दा, रुई, सूत, कपास में मन्दा, प्रजा में भय व चिन्ता बने। **कृ.१२ से १४** के मध्य ग्रहों की विशेष युति से सभी धान्य पदार्थों में मन्दा रहेगा स्टॉक करें। ४ मास पीछे विशेष लाभ मिलेगा।

शुक्ल पक्ष-शु.२ मंगल- चन्द्र दर्शन, रोहिणी शुक्र-सोना, तांबा, जस्त, गुड़, शक्कर, खाण्ड, रुई, सूत, कपास में मन्दा, सभी धान्य पदार्थ तेज वर्षा कम, देश में झगड़े उपद्रवों से प्रजा परेशान हो। **शु.५ शुक्र**-देश में कहीं भारी आंधी-तूफान या कोई प्राकृतिक विपदा से जन हानि हो। **शु. ८ मंगल**- बुध वक्री, ऽश्लेषा शनि-रुई, उड़द, तिल मन्दे, जापान, वर्मा, भारत, युगोस्लोवाकिया आदि में भूकंप से जन हानि हो। रुई तेज होकर मन्दी, गुड़, शक्कर, सरसों, अलसी, कपूर, तेल, तिल, अरण्डी, शेयर, बिनौला तेज। व्यापार की चाल देख कर व्यापार करें उलट फेर हो सकती है। **शु.१० गुरु**-पुन. सूर्य, गुरु-मार्गी-जौ, गेहूं, चना, धातु, तांबा, पीतल, जस्ता, लोहा, उड़द, मूंग, मोठ, चावल, नमक, केसर, कपूर लौंग, नारियल, अलसी, गुड़, शक्कर आदि तेज, ३-४ दिन में रुई आदि में मन्दा बने। **शु.१२ शनि**-सभी अन्न, घी में मन्दा, गुड़, शक्कर, खाण्ड तेज, अनचाहे कष्ट से प्रजा में भय बने। **शु.१३ रवि**-बुधास्त पश्चिम-रुई, चांदी तेज होकर मन्दी, शेयर, हैसियन, बारदाना मन्दा। सरेआम चोरियों से प्रजा में भय बने। **शु.१५ मंगल**-सभी खाद्य पदार्थ, साग-सब्जी, फलों में तेजी बनेगी, कहीं व्याधि फैलेगी।

-विशेष योग-

षष्ठी आषाढ़ बदी जो शनिवारी आव।
गेहूं संग्रह कीजिए कार्तिक दूना भाव॥
आषाढ़ बदी चौदस दिन होय रोहिणी योग।
कर्फ्यू अरु कंट्रोल से दुःखी रहें सब लोग॥
चार ग्रहों का बने जब एक राशि पर योग।
वर्षा अथवा युद्ध से दुःखी रहें सब लोग॥
क्रूर वार तेजी करै मावस पूनम दोय।

अथ श्रावण मास फल विचार-

मास में ५ बुध हैं। कृष्ण पक्ष में तिथि क्षय, सं. कर्क ४५ मु. बैठी भूखी, मावस मंगल की, चन्द्रदर्शन १५ मु. व पूर्णिमा बुध की है। सूर्य मंगल बुध शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। शनि अस्त, बुधोदय पूर्व, बुध मार्गी हुआ है। मास में ५ बुध शुभ हैं। भूखी कर्क सं. कहीं राजविग्रह, सत्ता संघर्ष व अन्न तेज करेगी। मंगलवारी अमावस नेष्ट पर पुष्य नक्षत्र शुभ है। कृ.१० से शु.११ तक बुध शुक्र की युति वर्षा करेगी, कृ.११ को रोहिणी सुभिक्षकारी है। शु. पक्ष की पड़वा, अष्टमी पूनों को बुध होना सभी खाद्यान्न में अच्छी तेजी करेगा। रक्षा बंधन को श्रावण सुभिक्ष का रवि पैदावार को बढ़ाएगा।

कृष्ण पक्ष-कृ.१ बुध-मघा सिंह मंगल-सोना, चांदी, तांबा, पीतल आदि धातु, लाल पदार्थ, लाल मिर्च, अलसी, सरसों, गुड़, शक्कर, रुई, मूंगफली आदि तेज, पैदावार कम हो। **कृ. २** का क्षय उत्तम नहीं। **कृ.४ शुक्र**-मिथुन शुक्र-रुई बारदाना, सिंगदाना, कपास, सूत, कपड़ा, सरसों, अरण्डी तेल, तिल में मन्दा, चांदी में घट बढ़ अन्न तेज, मीठा तेज होकर मन्दा रहेगा। **कृ.५ शनि**-वक्री पुनर्वसु बुध-रुई, सूत, कपास, सण, चांदी में मन्दा। **कृ.६ रवि**-सं. कर्क-तेल, तिल, नारियल मन्दा, गुड़, शक्कर, खाण्ड, बाजरा, ज्वार, नमक, चांदी, तेज। राजविग्रह, सत्ता संघर्ष मचे। **कृ.७ सोम**-शनि अस्त-रुई, शेयर, सोना मन्दा सभी अन्न, अरण्डी, तेलादि पदार्थ, रस पदार्थ तेज होंगे। **कृ.९ बुध**-आर्द्रा शुक्र-सभी प्रकार का अन्न मन्दा, कहीं तेज हवा के साथ वर्षा हो। **कृ.१० गुरु**-पुष्य सूर्य, मिथुने बुध-रुई सोना, चांदी, सरसों में मन्दा, तिल, तेल, अरण्डी, गुग्गल, सुपारी, सोंठ, मोम, हींग, हल्दी, शीशा, सोना, चांदी, नारियल आदि तेज। **कृ.११ शुक्र**-रोहिणी नक्षत्र सुभिक्षकारी है पैदावार उत्तम हो। **कृ.३० मंगल**-पुष्य-सुभिक्षकारी, मंगल सभी मीठा व रस पदार्थों में तेजी करे।

शुक्ल पक्ष-शु.१ बुध-चन्द्रदर्शन-वर्षा कम, कहीं देश में झगड़े हों, गुड़, शक्कर, सफेद वस्तु मन्दी, चांदी में घटबढ़, सभी खाद्यान्न व घी में अच्छी तेजी बने। **कृ.४ शनि**-बुधोदय पूर्व, बुध मार्गी-सभी खाद्य पदार्थ गेहूं, जौ, चना, अलसी, अरण्डी, सरसों तेल, लाल मिर्च, गुड़ शक्कर, खाण्ड, कपूर, चन्दन, अगर, तगर आदि मन्दे (रुई का व्यापार देखकर करें)। **शु. ५ रवि**-पुनर्वसु शुक्र-सोना, चांदी, कपास में मन्दा, गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर तेज (प्रजा में अनचाहा भय फैलता है)। **शु. ६ सोम**-ऽश्लेषा २ शनि-रुई, उड़द, तिलहन पदार्थ मन्दे। सर्प व सपेरों को कष्ट, कहीं भूकंप से हानि हो। **शु.९ गुरु**-ऽश्लेषा सूर्य, पू.फा. मंगल-अलसी, तिल, गुड़, शेयर, नील, अफीम, ज्वार, अरण्डी, छुआरा, मिर्च, सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, नमक, मूंगफली, घी आदि तेज, प्रजा बीमार रहे, ईशान कोंण के प्रदेशों में उपद्रव हो। **शु.११ शनि**-कर्क बुध-रुई, कपड़ा, गेहूं, चना, जौ, मटर, अरहर में मन्दा, चांदी में घटबढ़ चले। सरसों, अरण्डी, मूंगफली, रस पदार्थ तेज। **शु.१३ सोम**-कर्के शुक्र- घी, तेल, गोला, गुड़, सभी रस पदार्थ, सूत, सण, बारदाना, खाद्य पदार्थ में कुछ मन्दा बने। **शु.१४ मंगल**-पुष्य बुध-सोना, चांदी, कपड़ा, सूत, मोती, अन्न में मन्दा, प्रजा में भय चिन्ता बने। **शु.१५ बुध**-श्रवण सुभिक्षकारी तथा खाद्य पदार्थों में मन्दा करेगा।

-विशेष योग-

सावन पहिले पक्ष में कोई तिथि घट जाय।
काऊ काऊ देश में लरिका बेचे माय॥
सावन बदी एकादशी रोहिणी संवत जान।
मृगशिर में दुर्भिक्ष का सब लक्षण अनुमान॥
पड़वा आठैं पूर्णिमा जब बुधवारी आए।
सभी वस्तु व्यापार की महिंगे भाव बिकाए॥
कर्क मकर ग्रह भानु युग बैठे एक ही बार।
अकरा करते अन्न का सकल लोक भयकार॥

अथ भाद्रपद मास फल विचार-

मास में ५ गुरु हैं, कृ. में तिथि क्षय, शुक्ल में तिथि वृद्धि होकर घटी है। मावस सं. सिंह ४५ मु. सूती, धापी बुध की, चन्द्रदर्शन ४५ मु. शुक्र का, पूर्णिमा गुरु की है। सूर्य, बुध, शुक्र, मंगल ने राशि परिवर्तन किया है। बुधास्त पूर्व, शनि उदय, अगस्त्य उदय, मंगल अस्त,

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

[illegible] सोना, चांदी, [illegible] में मन्दा है। मटर, ग्वार, ज्वार, मक्का, सोना, चांदी, मीठा, रस पदार्थों में अच्छी तेजी बनेगी।

को सोम-चारा घास आदि में तेजी करे। पूनम तेजीकारी शनि-सभी अन्न, घी में मन्दी, गुड़, शक्कर, खाण्ड

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

पूर्णिमा को, चन्द्रग्रहण है। मास में ५ गुरु शुभ हैं। बुध उदय उत्तम वर्षा के योग बनाए हैं। मावस बुधवार+ ऽश्लेषा नक्षत्र देश में दुर्भिक्ष करे, सत्ता संघर्ष, राज विग्रह, पैदावार कम, सभी प्रकार के तेल, घी, पदार्थों में तेजी बनेगी। ग्रहों से सम सप्तम योग अनावृष्टि, प्रजा में भय व देश में बीमारी फैलेगी। शु.४ सोम को चित्रा सुभिक्षकारी है। शु. चतुर्दशी सभी खाद्य पदार्थों में तेजी करेगी। मास का चन्द्र ग्रहण पीली वस्तु विशेषकर सोना,चना आदि में तेजी करेगा।

कृष्ण पक्ष-कृ.८ बुध- मघा सिंह सूर्य-ज्वार, अरण्डी, दाख, छुआरा, मिर्च, तेल, अफीम, चांदी, रुई, सूत, कपास, सरसों, गुड़, शक्कर, खाण्ड, तेल, तिल, लाल वस्तु, सोना, शेयर आदि तेज, अन्न में मन्दा बनेगा। **कृ.९ गुरु-** ऽश्लेषा बुध-गुड़, शक्कर, खाण्ड, तेल, तिल, अलसी, मूंगफली, अरण्डी में तेजी, वर्षा हो पैदावार उत्तम रहे। **कृ.१० शुक्र-**बुधास्त पूर्व-रुई, चांदी घटबढ़ से मन्दी, सोना, अरण्डी, तेल, तिल, सरसों ,लाल मिर्च तेज होगी। देश में जहाँ तहां चोरियों की वारदातों से प्रजा में भय बनेगा। **कृ.१३ सोम-** ऽश्लेषा शुक्र-वर्षा हो, पैदावार उत्तम रहे, बहुत सी वस्तुओं में अच्छी घटबढ़ होगी। **कृ.३० बुध-**दुर्भिक्ष पड़े, सत्ता संघर्ष हो। प्रजा दुखी रहे, राजविग्रह हो, घी, तेल, सरसों, अरण्डी, अलसी, मूंगफली आदि तेल पदार्थों में अच्छी तेजी चले, पैदावार कम हो।

शुक्ल पक्ष-शु.१ गुरु-उ.फा. मंगल, मघा सिंह बुध-कहीं देश में उत्पात, पशु पीड़ा, वर्षा कम, गुड़, खाण्ड, मूंग, मोठ, बाजरा, मक्का, गेहूं आदि अन्न तेज, ऊन, सरसों मन्दा, १५ दिन में तेजी हो। **शु.२ शुक्र-** चन्द्रदर्शन सभी अन्न घटबढ़ से तेज, तिल, तेल, ऊन, सरसों में मन्दा, सोना तेज होगा। **शु.३ शनि-** ऽश्लेषा ३ शनि-रुई, उड़द, तिलहन पदार्थ मन्दे, कहीं भूकंप से हानि हो। **शु.४ सोम-**शनि उदय-रसादि पदार्थ, घी, तेल, सभी धान्य, रुई, पाट, बारदाना, चीनी, दूध, घी तेज, देश में अधर्म का विकास, शासकों में आपसी संघर्ष, बीमारी फैले। **शु.५ मंगल-**कन्या मंगल-अगस्त्य उदय, सोना, चांदी, तांबा, पीतल, लाख, चपड़ा, केशर, कपूर, चन्दन, रेशम सभी लाल वस्तु, रुई, सूत आदि तेज। **शु.६ बुध-** पू.फा. सूर्य-सोना, चांदी,लोहा, घी, तेल, सरसों, अरण्डी, सुपारी, रुई, सूत, गुड़, खाण्ड, ऊनी वस्त्र में तेजी। **शु.७ गुरु-** मंगल अस्त, पू.फा. बुध- रुई घटबढ़ से मन्दी, अन्न, रसकस, सरसों, ज्वार, मक्का आदि तेज, किराना माल मन्दा, देश में युद्ध के वातावरण से प्रजा में भय बने, खाद्य पदार्थ मन्दे रहें। **शु.८ शुक्र-**मघा सिंह शुक्र-रुई मन्दी होकर तेज हो, लाल वस्तु, तिल, तेल, मूंगफली, सरसों, सोना, तांबा, चांदी, सभी अन्न तेज, पशुओं में रोग फैले। तेज हवा चले। **शु.११ सोम-**विशाखा १ गुरु-सोना, चांदी, रुई, कपास, सभी अन्न मन्दा, वर्षा हो, सभी को सुख मिले। **शु.१३ बुध-**चतुर्दशी क्षय- सभी खाद्य पदार्थों में अच्छी तेजी बने। **शु.१५ गुरु-** उ.फा. बुध, चन्द्र ग्रहण-रुई, चांदी घट बढ़कर मन्दी, मसूर, उड़द, मूंग, तेल, चना, सोना, हल्दी में तेजी चलेगी।

-विशेष योग-

पड़वा पांचै चतुर्दशी शुक्ल पक्ष में तीन।
बढ़ने पर मन्दी करें तेजी जब हो छीन॥
क्रूर क्रूर ग्रह परस्पर जब सम सप्तम योग।
अनावृष्टि संसार में हो भय पीड़ा रोग॥
भादों शुक्ल पंचमी स्वाती नखत युत होय।
संवत् नीका सुख भरा मन में डरो न कोय॥
चार पांच ग्रहों का बना इक राशि पर योग।
वर्षा अथवा युद्ध से दुःखी रहें सब लोग॥

आश्विन मास फल

मास में ५ शुक्र ५ शनि हैं। कृ. पक्ष में तिथि घटकर बढ़ी है। सं. कन्या ४५ मु. बैठी धापी शनि की मावस शुक्र की, चन्द्रदर्शन ३० मु. रवि का, पूर्णिमा शनि की है। सूर्य बुध शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। बुधोदय पश्चिम में, मास में ५ शुक्र शुभ, ५ शनि उत्पात, अग्नि भय, अन्न तेज करे। कृ. पक्ष में तिथि की घटबढ़ सभी खाद्य पदार्थों साग, सब्जी में तेजी बनेगी। शु.एकम शनिवारी सभी अनाजों में भारी मन्दी करेगी। मावस से अधिक नक्षत्र भी अन्न में मन्दा करेगा। कन्या संक्रांति सभी तिलहन को तेज करे। सूर्य भृगु की युति चालू फसल में तेजी करे।

कृष्ण पक्ष-कृ.२ शनि-कन्या बुध-सोना, गुड़, शक्कर, गेहूं, जौ, चना आदि अन्न, तांबा, पीतल, धातु तेज, चांदी, गुड़, शक्कर, सरसों में मन्दा। **कृ.५ मंगल-** पू.फा. शुक्र-घी, ग्वार, बाजरा, जौ, मूंग, उड़द आदि में मन्दा। **कृ.६ बुध-**उ.फा. सूर्य, सप्तमी क्षयः-जौ, जुवार, जूट, कपास, हल्दी, हरड़, हींग, क्षार, कत्था, सोना, चांदी, लोहा, सरसों, घी, चावल, उड़द, सुपारी आदि तेज, पशुओं में बीमारी फैले। **कृ.८ गुरु-**हस्ते मंगल-अन्न, गेहूं, जौ, चना, गुड़, खाण्ड, नमक तेज, वर्षा की कमी, पैदावार कम होगी। **कृ. ९ शुक्र-**हस्ते बुध-सभी अन्न मंदा, वर्षा हो, पैदावार उत्तम रहे। **कृ.१० शनि-**कन्या संक्रांति-माल किराना, मेवा, लाल वस्तु, नारियल, तेल, तिल, सुपारी, सरसों आदि में तेजी, सोना, चांदी, पीतल, शेयर, अरण्डी, सरसों में मन्दा रहे। **कृ.११ सोम-**बुधोदय पश्चिम -रुई, कपास, चांदी १५ दिन मन्दी, घी, तेल, अरण्डी, सरसों, अन्न तेज। **कृ. ३० शुक्र-** उ.फा. शुक्र-पैदावार उत्तम, सोना, चांदी में घटबढ़, सभी अन्न पदार्थ, रुई आदि तेज रहे।

शुक्ल पक्ष-शु.१ शनि-चित्रा बुध-रुई में घटबढ़ से तेजी, चांदी में घटबढ़, अन्न मन्दा। **शु.२ रवि-** चन्द्रदर्शन-देश में झगड़े-विग्रह हों, पशुओं में बीमारी फैले, अन्न, चांदी, सोना, सरसों तेज, रुई में घटबढ़ हो। **शु.३ सोम-**कन्या शुक्र-वर्षा कम, फसल को नुकसान, रुई, बारदाना, सण आदि मन्दा, चांदी घटबढ़ कर तेज, सभी अन्न, सोना, चावल, मीठा, ऊनी, वस्त्र तेज। **शु.५ बुध-**हस्ते सूर्य, तुला बुध-कपड़ा, गेहूं, सरसों, चना, गुड़, खाण्ड, सूत, कपास, हल्दी, हींग, श्रीफल तेज, चांदी, सरसों, अलसी, मूंगफली, बिनौला, मिर्च मन्दे। देश में झगड़े, क्लेश, संकट, विग्रह आदि हों। **शु.१० सोम-**स्वाती बुध-वर्षा कम, गणमान्य लोगों को कष्ट, रुई, सूत, कपास में मन्दा। **शु.११ मंगल-** हस्ते शुक्र-रुई, चांदी मन्दी, अन्न, गुड़, शक्कर, सोना में घटबढ़, प्रजा को पीड़ा,बीमारी फैले, वर्षा कम हो। **शु. १२ बुध-**चित्रा मंगल-प्रजा बीमार, अन्न गेहूं, जौ, चना, चांदी, सोना, पीतल, तांबा आदि तेज। **शु.१५ शनि-**सभी खाद्य सामग्री, घी, तेल आदि तेज।

-विशेष योग-

क्रूर ग्रहों के अगाड़ी शुभ ग्रह करें निवास।
वर्षा हो विपरीत यदि तो हो वर्षा नाश॥
मावस से अधिक नक्षत्र सस्ता करै अन्न।
मास नखत पूनम नहीं तेज बिकै तब अन्न॥
आश्विन शुक्ल एकम जौ शनिवारी होय।
अन्न का संग्रह कीजिए तेजी अनहोनी होय॥

अथ कार्तिक मास फल विचार

मास में ५ रवि हैं कृष्ण में तिथि घट कर बढ़ी है। शु. पक्ष तिथि हानि, सं. तुला ३० मु. बैठी धापी, चन्ददर्शन ४५ मु. दोनों मंगलवार के, मावस व पूर्णिमा दोनों रवि की हैं। सूर्य, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, राहु-केतु ने राशी परिवर्तन किया है। शुक्रास्त पूर्व में, बुधास्त पश्चिम में, दीपावली के दिन ६ ग्रह एक राशि पर हैं। मास में ५ रवि उत्तम नहीं, संसार में भय बने। राजविग्रह सत्ता संघर्ष चले, मावस पूनम दोनों तेजी करें, रिक्ता तिथि, दीपावली शनिवार, सं. तुला मंगल की सभी तेजी वाली हैं। पूनम को भी कृतिका नक्षत्र नहीं है। मटर, ग्वार, ज्वार, मक्का, सोना, चांदी, मीठा, रस पदार्थों में अच्छी तेजी बनेगी।

कृष्ण पक्ष-कृ. ४ मंगल-चित्रा सूर्य-गेहूं, चना, कपास, अरहर, सूत, केसर, कपड़ा, चांदी, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, तिल आदि तेज, प्रजा बीमार रहे। **कृ.५ बुध-** शुक्रास्त पूर्व-सोना, पीतल, तांबा, जस्ता, हींग, पारा, केसर तेज, चांदी में अच्छी घटबढ़ चले। रुई, सूत, कपड़ा, घी, तेज, सरसों, अलसी, अरण्डी आदि तेज। मनुष्यों को पीड़ा होगी। **कृ. ६ गुरु-** राहु कुंभे, सिंहे केतु-कांसी, तांबा, पीतल, शेयर, गेहूं आदि अन्न मन्दा होकर तेज, रुई, सुत में मन्दा खरीदो, ७वें मास में विशेष लाभ मिलेगा। **कृ.७ शुक्र-**विशाखा बुध-सभी अन्न, गुड़ आदि में मन्दा, देश में कहीं झगड़े होंगे। **कृ.८ शनि-**तुला मंगल-चित्रा शुक्र- सभी धान्य, अरहर, मटर, ग्वार, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, बिनौला, सुत, कपास, रस पदार्थ, सभी धातु, पीतल, मूंगफली आदि तेज होगी। देश में सत्ता संघर्ष चले, प्रजा में भय बने। **कृ.११ मंगल-**तुला सूर्य-नमक, रस, घी, तेल, कपूर, सोना, तांबा, अलसी, आंवला, गेहूं, सरसों, नारियल, सुपारी तेज, चांदी में मन्दा, पशुओं में रोग बढ़े। **कृ. १३ गुरु-**तुला शुक्र-रुई, चांदी तेज होकर मन्दी, गुड़, शक्कर, सोना तेज, अन्न में घटबढ़ से मन्दा बने। **कृ.३० रवि-**देश में सत्ता संघर्ष, राजविग्रह कहीं युद्ध के बादल मंड़रायेंगे।

शुक्ल पक्ष-शु.२ मंगल-स्वाती सूर्य, शुक्र, मंगल- वृश्चिक में बुध, चन्द्रदर्शन, सभी धातु, गुड़, खाण्ड, तिल, तेल, कपूर, लाख, हल्दी,रुई, जूट, कपड़ा, बिनौला, सुपारी, मिर्च, अलसी, राई, तांबा, पीतल, गेहूं आदि तेज। बाजरा, ग्वार, तेल, तिल, सरसों, अलसी, सोना, मन्दा, आगे ५ मास में लाभ मिलेगा। **शु.५ शुक्र-**वृश्चिक गुरु-सोना, चांदी, तांबा, कांसी, पीतल, तेल, तिल, सरसों, नमक, गोला, रुई, सूत, कपास, कपड़ा, नारियल, सुपारी आदि तेज, दुर्भिक्ष पड़े, प्रजा बीमार रहे, कहीं उत्पात हो। **शु.६ शनि-**वक्री बुध-गेहूं, जौ, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड, बारदाना, गोला तेज, चांदी, सरसों, अलसी, मूंगफली, बिनौला मन्दा। **शु.९ मंगल-**मघा सिंह शनि-अलसी तेल, सरसों, तेल, गुड़, खाण्ड, उड़द, अन्न, लोहा तेज, भय बने, युद्ध का वातावरण बने। सभी प्रकार का अन्न तेज हो। **शु.१० बुध-**वक्री तुला बुध-रुई तेज होकर मंदी- **शु.११ गुरु-**बुधास्त पश्चिम-रुई, चांदी, तेज होकर मन्दी, शेयर, हैसियन बारदाना मन्दे, मन्दे में खरीदो लाभ होगा। जवाहरात, धातु, तांबा, पीतल, जस्ता, तेज होगा। **शु.१४ शनि-**विशाखा शुक्र, अन्न, गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर,

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

रुई, सूत आदि में मन्दा। वर्षा हो, व्यापारी चिन्ता ग्रस्त रहे। व्यापार में उथल-पुथल हो। **शु.१५ रवि**-सभी प्रकार का खाद्य अन्न, साग, सब्जी, ग्वार, ज्वार, मक्का, मटर आदि में अच्छी तेजी बने। प्रजा बीमार होगी।

-विशेष योग-

अन्न चर्चरा जान सूर्य भृगु कुज मिल जाए।
एक राशि पर होय तेल घृत अवश्य नसाए॥
रिक्ता तिथि दीपावली संग में शनिवार।
तुल संक्रांत भौम की तेजी बने अपार॥
अश्विनी भरणी का बना पूनम संयोग।
तेज ग्वार ज्वार मकई मटर मंहगाई अरू रोग॥
एक राशि गत शुक्र गुरु मंगल सह आदित्य।
होता है संसार में मंहगाई का नृत्य॥
रवि मंगल गुरु शुक्र का होता जभी मिलाप।
सोना रुई तेल तिल तेज हो आप ही आप॥

अथ मार्गशीर्ष मास फल विचार-

मास में ५ सोम हैं शुक्ल पक्ष में तिथि क्षय, मावस सोम की पूर्णिमा सोम की, सं. वृश्चिक ३० मु. बैठी धापी गुरु की, चन्द्रदर्शन १५ मु. बुध का है। सूर्य शुक्र मंगल बुध ने राशि परिवर्तन किया है। गुरु अस्त, बुधोदय पूर्व, शुक्रोदय पश्चिम, बुध मार्गी हुआ है। मास में ५ सोम उत्तम, गुरु अस्त आंखों की बीमारी देगा। मावस सोम की सुभिक्ष क्षेमकारी है। विशाखा नक्षत्र दुर्भिक्षकारी है। पश्चिम शुक्रोदय शुभ नहीं, प्रजा दुःखी तथा दुर्भिक्ष पड़े। पूर्णिमा का क्षय, इसी दिन कृतिका व रोहिणी नक्षत्र का होना सभी वस्तुओं को तेज करेगा। गुरु, सूर्य, शुक्र की युति वर्षा करे, सोना, रुई, तेल, तिल को तेज करेगी।

कृष्ण पक्ष-कृ.१ सोम-विशाखा सूर्य-चांदी, चावल, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, गेहूं, जौ, सरसों, तिल आदि तेज, दक्षिण के राज्यों में उपद्रव हो। **कृ.५ शुक्र**-वक्री स्वाति बुध, गुरु अस्त-सोना, चांदी, अन्न मन्दा, रुई, शेयर, सरसों, तेज, आंखों की बीमारी फैलने से प्रजा बेहाल रहे। गुड़, शक्कर, रस कस में मन्दा बनें। **कृ. ६ शनि**-ऽनुराधा गुरु-सोना, चांदी, रुई, कपास, अनाज मन्दा, वर्षा हो। **कृ.७ रवि**- वृश्चिक शुक्र-लोक सुखी, पैदावार उत्तम, ज्वार, बाजरा आदि अन्न मन्दा, अलसी, कपास, शेयर में घटबढ़, चांदी विपरीत चले। **कृ. ८ सोम**- रुई, सूत, कपास, कपड़ा, गेहूं, जौ, चना तेज, रस पदार्थों में मन्दा। **कृ.१० बुध**- ऽनुराधा शुक्र-देश में कहीं उपद्रव, बीमारी फैले, भूकंप से नुकसान हो, रुई तेज, गुड़, खाण्ड, चावल, नमक, क्षार पदार्थ मन्दे। **कृ.११ गुरु**-सं. वृश्चिक, बुधोदय पूर्व रुई २५ दिन तेज, चांदी में घटबढ़ से तेज, सोना मन्दा, गेहूं, जौ, चना, अरण्डी, तेल, तिल, सरसों, लाल मिर्च, तांबा, पीतल तेज, कभी लाल मिर्च या कोई और लाल वस्तु मन्दी मिले तो स्टॉक करें विशेष लाभ होगा। देश में झगड़े, राजविग्रह, युद्ध का वातावरण बने। **कृ.१३ शनि**-बुध मार्गी-रुई घटबढ़ से तेज, गुड़, शक्कर, सरसों, तिल, तेल, कपूर, चन्दन, सोना, सुपारी मन्दा, अन्न, घी शक्कर तेज। **कृ.१४ रवि**-ऽनुराधा सूर्य-चांदी, चावल, सूत, अफीम, गेहूं, जौ, चना, अन्न आदि तेज, सोना मन्दा। **कृ.३० सोम**-सभी अन्न तेज रहेंगे।

शुक्ल पक्ष-शु.२ बुध-चन्द्रदर्शन-गुड़, शक्कर, खाण्ड, सफेद वस्तु मन्दी, चांदी में घटबढ़, अन्न, घी तेज होगा। **शु.५ शनि**-ज्येष्ठा शुक्र-सरसों, सोना, चांदी, घी, तेल, चावल मन्दे, कहीं झगड़े बनें। **शु.६ रवि**-विशाखा बुध- सभी अन्न, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई, सूत, कपास में मन्दा। **शु.७ सोम**-वृश्चिक मंगल-नेताओं में आपसी संघर्ष बढ़े, रुई, सूत, तांबा, पीतल, जस्ता सभी धातु, ग्वार, ज्वार, बाजरा तेज। **शु.९ बुध**-शुक्रोदय पश्चिम-सत्ता संघर्ष तेज हो, राजविग्रह, उपद्रवों से जनता को कष्ट हो। सोना, चांदी, सण, सूत घी आदि में मन्दा चले। **शु.१२ शनि**-ज्येष्ठा सूर्य, ऽनुराधा मंगल-चावल, सरसों, वस्त्र, अफीम, सोना, चांदी सभी अन्न, गुड़, शक्कर, गुग्गल, सभी लाल वस्तु तेज, पशु बीमार हो। **शु.१४ सोम**-वृश्चिक बुध, पूर्णिमा क्षय-रुई पदार्थ खरीदो ५ मास में लाभ मिलेगा। घी, तेल, अन्न, ज्वार, बाजरा, ग्वार, तिल, तेल, सरसों, सोना तेज।

विशेष योग

एक राशि पर साध हो सूरज गुरु भृगु तीन।
वर्षा होती खूब पर खेती होती छीन॥
रवि मंगल गुरु शुक्र का होता है मिलाप।
सोना रुई तेल तिल तेज हो आप ही आप॥
मार्ग. में बुध उदय अथवा भृगु अस्त।
तृण चारा कमती मिले बेचो पशु समस्त॥
शुक्रोदय पर जब कभी गुरु ग्रह हो अस्त।
क्षेम कुशल वर्षा घनी मन्दा धान्य समस्त॥
मार्ग. मास में सही उदय शुक्र जंजाल।
मुल्क दुःखी सुख है नहीं पड़े अचेत्यो काल॥

अथ पौष मास फल विचार-

मास में ५ मंगल व ५ बुध हैं। कृ. पक्ष में तिथि वृद्धि, शुक्ल पक्ष में तिथि ह्रास हुआ है। मावस पूर्णो बुध की, सं. धन १५ मु. धापी बैठी, चन्द्रदर्शन ४५ मु. दोनों शुक्र की हैं। सूर्य शुक्र बुध ने राशि परिवर्तन किया है। गुरु उदय शनि वक्री, बुधास्त पूर्व, मंगल उदय हुआ है। मास में ५ मंगल किसी गण मान्य व्यक्ति का अभाव तथा प्रजा में भय उत्पन्न करे। ५ बुध उत्तम, बहुत सी वस्तुओं में मन्दी लावे। कृ.१ को रोहिणी से ७ मास तक सभी पदार्थ तेज रहें। कृ.७ सोम चौपाए भैंस आदि को पीड़ा हो। अमावस को बुध ज्येष्ठा नक्षत्र सभी अन्न तेज तथा दुर्भिक्ष करै। शु.४ रवि- प्रजा ३ मास बीमार चले। शु.९ क्षय-राजविग्रह, मन्त्री मण्डल में फेरबदल करे। पूर्णो को आर्द्रा सभी खाद्य सामग्री तेज, शनि वक्री, चौपाए को कष्ट देगा।

कृष्ण पक्ष-कृ.१ मंगल-गुरु उदय-रुई में घटबढ़ से तेज होकर मन्दी, अन्न ७ मास तेज रहे। **कृ.२ बुध**-मूल धन शुक्र, ऽनुराधा बुध, शनि वक्री, रुई मन्दा या तेज होकर मन्दी, सूत, कपड़ा मन्दा, गेहूं, जौ, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड, घी, चांदी, शेयर, लोहा, सोना, लोंग, सुपारी, काली मिर्च, कलई, शीशा, घी, गुड़ सभी अन्न तेज होगा। **कृ.७ सोम**-भैंसों आदि चौपाए में बीमारी फैले, प्रजा परेशान रहे। **कृ.८ बुध**-बुधास्त पूर्व-रुई, चांदी, घटबढ़ से मन्दी, गेहूं, सोना, अलसी, धातु, तांबा, पीतल आदि तेज। **कृ.१० शुक्र**-सं. धन, ज्येष्ठा बुध-सभी अन्न मन्दा, कपास, तेल, तिल, रुई, सोना, चांदी, सरसों, गेहूँ, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, मूंग, ग्वार तेज। पशु बीमार, मालवा में उपद्रव हो। **कृ. १२ रवि**-मंगल उदय, पू.षा. शुक्र-उड़द, मूंग, तेल, तिल, सरसों, गुड़, शक्कर, खाण्ड, नमक सभी अन्न मन्दा, व्यापारियों को पीड़ा, कहीं अग्निकाण्ड चोरियों से प्रजा को कष्ट। **कृ.३० बुध**-देश में दुर्भिक्ष फैले, सभी खाद्यान्न तेज और पैदावार कम होगी।

शुक्ल पक्ष-शु.१ गुरु-ज्येष्ठा मंगल-देश में बीमारी फैले, रुई में घटबढ़ हो। चांदी मन्दी रहे। **शु.२ शुक्र**-चन्द्रदर्शन, प्रजा को सुख, बाजारों में मन्दा, गेहूं, जौ, चना, चावल, सरसों, तेल तिल, ऊन मन्दे। सोना तेज रहेगा। **शु.३ शनि**-मूल धनु बुध-बच्चों व पशुओं को पीड़ा, शासक प्रजा में विरोध हो, अन्न, सोना, चांदी में मन्दा हो। **शु.४ रवि**-वार, तिथि संयोग से प्रजा ४ मास बीमार रहे। **शु.७ बुध**-उ.षा. शुक्र- देश में बीमारी फैले, अन्न में घटबढ़ से तेज, अलसी, अरण्डी, गुड़, शक्कर आदि में मन्दा। **शु. ८ गुरु**-पूर्वाषाढ़ा सूर्य- तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, गुग्गल, हल्दी, कपूर, ऊनी वस्त्र, चांदी, सरसों, चीनी तेज, सरदी जोरदार पड़े। प्रजा बीमार, राज्यों में विग्रह, कहीं मंत्री मण्डल में फेरबदल हो। **शु.११ शनि**-मकर शुक्र-पैदावार कम, खाण्ड, घी सभी अन्न तेज, रुई, चांदी घटबढ़ कर तेज हो। **शु.१३ सोम**-पू.षा. बुध-गेहूं, जौ, चना, मटर, मूंग, बाजरा, ग्वार, सोना, चांदी, मन्दा, गुड़ शक्कर, सरसों, अलसी, बिनौला तेज, प्रजा को कष्ट हो। **शु. १५ बुध**-चौपाए, गाय, भैंस, हाथी, घोड़ा, मोटर गाड़ी वाहन तेज होंगे।

विशेष योग

पौष मावस के दिन ज्येष्ठा अति दुर्भिक्ष।
मास नखत पूनम नहीं तेजी बिकै अक्ष॥
मघा नक्षत्र चलते हुए शनि वक्री होय।
छत्र भंग पीड़ित प्रजा जल पशु द्रव्य नशाय॥

अथ माघ मास फल विचार-

